CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 11दिसंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –222 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.





भाजपा को हराने को बना गठबंधन : सपा

■ अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!
■ इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता
पृष्ठ 4

■ अमेरिका के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर वीटो करने से कई देश निराश
■ भारतीय नौसैनिक जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पहुंचा
पृष्ठ 9

आरसीबी डब्ल्यूपीएल नीलामी में सभी मानकों पर खरी उतरी : स्मृति
पृष्ठ 10

# आदिवासी नेता विष्णुदेव साय प्रदेश के नए मुख्यमंत्री

## डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष, अरूण साव व विजय शर्मा डिप्टी सीएम बनाए गए



**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कार्यालय में भाजपा विधायक दल की बैठक के बीच विष्णुदेव साय का नाम सीएम पद के लिए फाइनल हो गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में इनके नाम का ऐलान किया गया। विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री होंगे। 12 बजे से विधायक दल की मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग में आज सुबह आए आब्जर्बर सर्वानंद सोनोवाल, अजुर्न मुण्डा, दुष्यंत कुमार गौतम और प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, चुनाव सहप्रभारी मनसुख मांडविया, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह भी मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को चुन लिया गया है। वहीं सूत्रों के अनुसार खबर आ रही है कि डॉक्टर रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए है। वहीं इसके साथ छत्तीसगढ़ में दो डिप्टी सीएम में होंगे, विजय शर्मा और अरुण साव उप मुख्यमंत्री होंगे। बीजेपी ने सीएम पद के लिए जहां आदिवासी नेता का चुनाव किया है तो वहीं दो डिप्टी सीएम के चुनाव के वक्त ओबीसी वोट बैंक को भी ध्यान में रखा गया है। अरुण साव सांसद रहे है और बतौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधानसभा चुनाव में छग बीजेपी की कमान संभाली, अरुण साव ओबीसी समाज से आते हैं। विजय शर्मा कबीरधाम जिले के कर्वधा से बीजेपी विधायक हैं। उन्होंने 39, 592 वोटों के अंतर से मंत्री मोहम्मद अकबर को हराया है। विजय शर्मा छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश महासचिव हैं, बीजेपी युवा मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। 50 वर्षीय विजय शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ की कुनकुरी विधानसभा से आते हैं। राज्य में आदिवासी समुदाय की आबादी सबसे अधिक है और साय इसी समुदाय से हैं। अजित जोगी के बाद छत्तीसगढ़ में इस समुदाय से कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं बन सका था, बीजेपी इस बार आदिवासी समुदाय से आने वाले साय के ज़रिये पूरे देश में मैसेज दे रही है।

### राज्यपाल ने साय को केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अरूण साव ने वर्ष 2023 की छत्तीसगढ़ राज्य नव गठित विधानसभा के अपने नव निर्वाचित विधायकों की सर्वसम्मति से, प्रदेश विधायक दल का नेता श्री विष्णुदेव साय को चयनित किये जाने संबंधित पत्र सौंपा और नई सरकार बनाने के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने विष्णुदेव साय को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत के संविधान की धारा 164 के तहत विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री नियुक्त करने संबंधित पत्र प्रदान किया और केबिनेट गठन के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्वानंद सोनोवाल, मनसुख मांडविया, ओम माथुर सहित नवनिर्वाचित विधायक, पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ

### 25 को किसानों को दो साल के बकाया बोनस का भुगतान : साय

प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि मैं पूरी ईमानदारी के साथ सबके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और मोदी की गारंटी के तहत जनता से किए गए वादे पूरे किए जाएंगे। पहला काम 18 लाख आवास देने का होगा।

उन्होंने इस मौके पर घोषणा कि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्मदिवस के दिन राज्य के सभी कृषकों के खाते में 2 साल का बोनस दिया जाएगा। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद विष्णु देव साय ने पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक दल ने मुझे अपना नेता चुना है, इस अवसर पर मैं बहुत आनंदित हूं और मैं पार्टी को धन्यवाद करना चाहूंगा क्योंकि उन्होंने गांव के छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने का मौका दिया है। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभारी हूं। विष्णुदेव साय ने कहा मुख्यमंत्री के नाते हमारी प्राथमिकता होगी कि हम लोगों ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है उन्हें पूरे किए जाएंगे।

### नए सीएम साय को भूपेश बघेल, रमन सिंह ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पूर्व सीएम भूपेश बघेल और रमन सिंह ने ट्वीट कर बधाई दी है। भूपेश बघेल ने लिखा कि कुनकुरी



विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु देव साय को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ। नवा छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएँ, ऐसी कामना करता हूँ।

### पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं अरुण साव



अरुण साव की बात करें तो उन्होंने मुंगेली जिले की लोरमी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी थानेश्वर साहू को 45891 वोटों से हराया है। वह फिलहाल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पिछले साल अगस्त महीने में ही उन्हें विष्णु देव साय की जगह प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। वह बिलासपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। विधायक निर्वाचित होने के बाद केंद्रीय नेतृत्व ने उनसे सांसद के पद से इस्तीफा मांगा था। विजय शर्मा की तरह 55 वर्षीय अरुण साव भी पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।

### भाई और दादा भी रह चुके हैं विधायक

विष्णुदेव के दादा स्व. बुधनाथ साय 1947–1952 तक विधायक मनोनीत हुए। जनसंघ के समय विष्णुदेव के बड़े पिताजी स्व. नरहरि प्रसाद साय सन् 1962–1967 तक लैलूंगा विधानसभा से विधायक रहे। 1972–1977 तक बगीचा विधानसभा से विधायक रहे। 1967 से 1979 तक सांसद व केंद्रीय मंत्री रहे। बड़े पिताजी स्व. केदारनाथ 1967–1972 तक तपकरा विधानसभा से विधायक रहे।

विष्णुदेव साय 2020 में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं।

विष्णुदेव साय का जन्म 21 फवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी स्थित लोयोला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। उनका एक बेटा और दो बेटियां है। विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। विष्णुदेव साय कुनकुरी विधानसभा से आते हैं। वे आदिवासी समुदाय से आते हैंष्ठ बीजेपी इस बार आदिवासी समुदाय से किसी को मुख्यमंत्री बना सकती है। विष्णुदेव साय 2020 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैंष्ठ इतना ही नहीं साय की गिनती संघ के करीबी नेताओं में होती है। वह रमन सिंह के भी करीबी हैं। साल 1999 से 2014 तक वह रायगढ़ से सांसद रहे हैं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में साय को केंद्र में मंत्री बनाया गया, जिसके बाद इन्होंने संगठन पद से इस्तीफा दे दिया था।

विष्णुदेव साय ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। इसके बाद 1990 में निर्विरोध सरपंच चुने गए ➤ ➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### वसुंधरा राजे ने फिर किया शक्ति प्रदर्शन

जयपुर। राजस्थान में भी अगले मुख्यमंत्री को लेकर सस्पेंस बरकरार है। मुख्यमंत्री के लिए किसी ने चेहरे की संभावनाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा आज फिर से शक्ति प्रदर्शन किया गया है। वहीं राजस्थान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अभी तक समय नहीं दिया है, जिसकी वजह से बैठक तय नहीं हो पा रही है।

### धीरज साहू छापे मामले में 5वें दिन भी नोटों की गिनती जारी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बलांगीर जिले के सुदपाड़ा में स्थित कथित तौर पर कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से जुड़ी एक डिस्टिलरी यूनिट से जब्त की गई नकदी की गिनती पांचवें दिन भी जारी है। कई गिनती मशीनें खराब हो गईं हैं। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कथित तौर पर गिनती मशीनों की तुरंत मरम्मत के लिए कुछ मैकेनिक बैंक में मौजूद रहे। दूसरी ओर, जांच में मदद के लिए हैदराबाद से आयकर अधिकारियों की एक टीम बलांगीर पहुंच गई है।

### गोगामेड़ी हत्याकांड में अब तक चार लोग गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

# कार–ट्रक में आमने–सामने भिड़ंत दूल्हा–दुल्हन सहित पांच लोगों की मौत





**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। बलौदा निवासी सोनी परिवार शिवरीनारायण बारात में गए हुए थे। वापसी के दौरान वे कार से लौट रहे थे। तभी पामगढ़ से आगे एक सड़क हादसे में दूल्हा, दुल्हन समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा ट्रक और कार के आमने–सामने भिड़ंत से हुई है। घटना स्थल पर पर पुलिस पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया झूलन के पास की है। जानकारी के मुताबिक, बलौदा निवासी ओमप्रकाश सोनी अपने बेटे शुभम सोनी की शादी शिवरीनारायण निवासी नेहा से शनिवार रात को हुई। रविवार तड़के विदाई के बाद दूल्हा शुभम, दुल्हन नेहा, शुभम के पिता ओमप्रकाश सोनी (50), फूफा सरजू सोनी (66) और बुआ रेवती सोनी एक ही कार से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 5 बजे पकरिया जंगल में चंडी देवी मंदिर के पास ट्रक ने कार को चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार वापसी के दौरान वे कार से लौट रहे थे। इसी दौरान वे ग्राम पकरिया झूलन के पास पहुंचे थे कि अकलतरा तरफ से आ रही ट्रक से उनकी जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे कार के परखचे उड़ गए मौके पर ही चार लोगों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। आमने–सामने ट्रक की टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने दुल्हन सहित 4 लोगों को मृत घोषित कर दिया। थोड़ी देर में उपचार के दौरान दूल्हे ने भी दम तोड़ दिया। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि हादसे के बाद कार से धुआं निकलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई। दमकलकर्मियों ने कार में लगी आग पर काबू पाया।

**मृतकों के नाम**– ओम सोनी, शुभम सोनी–नेहा सोनी (वर –वधु), रेवती सोनी–सरजु सोनी (बहन –बहनोई) बताया जा रहा है। इधर, दुर्घटना के बाद कार से धुँआ निकल रहा था

**शादी कीखुशियां चंद घटों बदला मातम में**

जहां दो परिवारों में शादी को लेकर के खुशियां मनाई जा रही थी। एक ओर लड़की के घर बारात आई सभी परिवार बारातियों का स्वागत किए फिर खुशी–खुशी फेरे पड़े वरमाला हुआ। प्रातः काल होते ही ➤ ➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# इंडिया गठबंधन की अब 19 को बैठक

## भाजपा से मुकाबले के लिए 'मैं नहीं, हम' थीम पर काम करेगा गठबंधन

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। इंडिया गठबंधन की अब 19 दिसम्बर को बैठक होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी है। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी दलों के गठबंधन की अगली बैठक में सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर चर्चा होगी। इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की चौथी बैठक 19 दिसंबर को नई दिल्ली में दोपहर तीन बजे होगी। विपक्षी दल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में एकता की थीम 'मैं नहीं, हम' के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। यह बैठक हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में हो रही है। पार्टी को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, भाजपा का कहना है कि लोगों ने मोदी की गारंटी में भरोसा जताया है और वे 2024 में उनकी सरकार को फिर चुनेंगे।

**एक साझा कार्यक्रम करेंगे तैयार**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विपक्षी दलों के सामने अब चुनौती अगले आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे के साथ आने की है। सूत्रों ने कहा कि बैठक के दौरान दल संयुक्त चुनावी रैलियां आयोजित करने के लिए सीटों के बंटवारे पर योजना तैयार करेंगी और उनके लिए एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे।

■ सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां पर होगी चर्चा
■ सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों को आगे बढ़ा सकता है गठबंधन

विपक्षी दलों द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना और पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे चुनावी मुद्दों पर नेता ने कहा, 'यह चुनाव परिणाम उन मुद्दों को खारिज करने के लिए नहीं हैं जो इस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उठाए गए थे।' उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के लिए मुख्य सकारात्मक एजेंडा तैयार करना विपक्षी दलों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जो इसे भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जो मुद्दे छाए रहे, जैसे बढ़ती आर्थिक असमानता, सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद, महंगाई कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिनकी गूंज लोकसभा चुनावों के दौरान जमीनी स्तर पर सुनाई दे सकती है। ये मुद्दे विपक्षी दलों के साझा एजेंडे का हिस्सा बन जाएंगे जो विपक्षी गठबंधन को भाजपा का मुकाबला करने में मदद करेंगे।

# रायपुर एयरपोर्ट पर यात्री के पास से 1 करोड़ से अधिक का सोना जब्त

## सीआईएसएफ की टीम ने किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी के विवेकानंद एयरपोर्ट पर पैसेंजर के पास से भारी मात्रा में सोना बरामद किया गया है. पैसेंजर इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ से रायपुर 2 किलो सोना लेकर पहुंचा था. जिसे सीआईएसएफ की टीम ने हिरासत में लिया है. जब्त सोने की कीमत 1 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।




जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट से पैसेंजर लखनऊ से रायपुर पहुंचा. चेकिंग के दौरान पैसेंजर के पास से 2 किलो सोना बरामद किया है।

पकड़े गए सोने की कीमत एक करोड़ से अधिक है. सीआईएसएफ की टीम ने पैसेंजर को हिरासत में ले लिया है. मामले की सूचना पर आईटी की टीम भी एयरपोर्ट पहुंच गई है. आरोपी से पूछताछ जारी है।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को बनाया अपना उत्तराधिकारी

**लखनऊ,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को बसपा का नेतृत्व करने के लिए अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक के आधिकारिक पद पर हैं। मायावती ने लखनऊ में एक पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए हालांकि कहा कि वह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की कमान संभालती रहेंगी, लेकिन आकाश आनंद अन्य राज्यों के संबंध में फैसले लेंगे।

इससे पहले अगस्त में, बसपा ने आकाश आनंद के नेतृत्व में 14 दिवसीय 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' संकल्प यात्रा' शुरू की थी। 2019 के आम चुनावों की अगुवाई करते हुए, आनंद को मीडिया में तब प्रसिद्धि मिली जब मायावती ने घोषणा की कि उनका भतीजा राजनीति की जटिलताओं से परिचित होने के लिए बसपा आंदोलन का हिस्सा बनेगा।

# मध्य प्रदेश में विधायक दल की बैठक आज

**भोपाल,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को यहां होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। दल का नेता ही राज्य का अगला मुख्यमंत्री होगा। हालांकि राजस्थान को लेकर अभी सस्पेंस पर बरकरार है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अनुसार दिन में चार बजे प्रारंभ होने वाली बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव सुश्री आशा लकड़ा भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सभी 163 नवनिर्वाचित विधायक अपना नेता चुनेंगे। बैठक में मौजूदा मुख्यमंत्री एवं बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन के जिम्मेदार नेता भी मौजूद रहेंगे। इस बीच नए मुख्यमंत्री के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुरैना जिले के दिमनी से नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर का नाम भी लिया जा रहा है।

**विवाद** बफर जोन में समझौतों को तोड़ रही हैं चीनी सेना, भारतीय सेना बता रही उकसावे की कार्रवाई

# लद्दाख सीमा पर चीन की ड्रोन उड़ानों से सेना परेशान

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। समझौतों के बावजूद चीनी सेना लद्दाख के मोर्चे पर उन बफर जोनों में लगातार ड्रोन उड़ा कर भारतीय सेना को परेशान किए हुए है, जहां से दोनों पक्षों ने कुछ अरसा पहले अपने जवानों को रिट्रिट किया था। भारतीय पक्ष इसे उकसाने वाले कार्रवाई भी करार देता है।**

*लद्दाख के मोर्चे से मिलने वाली खबरें कहती हैं कि सेनाधिकारियों ने अपनी चिंताओं से सेना मुख्यालय को अवगत करवाते हुए कहा है कि इससे निपटने के उपाय तत्काल किए जाने चाहिए क्योंकि चीनी सेना की ड्रोन उड़ानें उनके सामारिक महत्व के ठिकानों को बार बार बदलने पर मजबूर कर रही हैं।*

***कई किमी घुस आई थी चीनी सेना***–*दरअसल लद्दाख सीमा पर बफर जोन उस समय बनाए गए जब मई 2020 में चीनी सेना लद्दाख के भीतर कई किमी तक घुस आई थी और बाद में हुए समझौतों के तहत भारतीय सेना को ही अपने क्षेत्रों से पीछे हटना पड़ा था। इन समझौतों में भारतीय सेना को अपने ही कई इलाकों में गश्त करने पर भी पाबंदी लगा दी गई थी। हालांकि सैन्य सूत्रों ने कहा कि चीन के हालिया कदम का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सेना भी चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने ड्रोन तैनात कर रही है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक सैटेलाइट इमेजरी से भी संकेत मिलता है कि चीनी सेना बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विस्तार और अपने सैनिकों के लिए आवास के निर्माण के अलावा वास्तविक नियंत्रण रेखा अर्थात एलएसी पर अपने ड्रोन के बेड़े का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, आधिकारिक तौर पर, रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने चीनी सेना द्वारा बफर जोन पर ड्रोन के इस्तेमाल पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।*

***लोगों की आजीविका भी हुई प्रभावित***–*पिछले साल, लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद के एक निर्वाचित प्रतिनिधि ने बताया था कि कैसे बफर जोन के निर्माण ने स्थानीय लोगों की अपने पशुओं के लिए चरागाहों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है और उनकी आजीविका को नुकसान पहुचाया है।*

# कांग्रेस का ओबीसी कार्ड फ्लाप, सोशल इंजीनियरिंग के सहारे भाजपा जीती चुनाव

## भाजपा के राष्ट्रवाद, हिंदुत्व के आगे सभी वर्ग के प्रत्याशी जीते

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का ओबीसी कार्ड राज्य में कोई कमाल नहीं कर पाया। वहीं दूसरी ओर भाजपा के हिंदुत्व की विचारधारा ने सोशल इंजीनियरिंग साधकर बहुमत के साथ चुनाव जीत लिया।

चुनाव परिणाम यह भी बताते हैं कि कांग्रेसी ब्राह्मण प्रत्याशियों को जनता ने नकार दिया है।वहीं भाजपा के 70 प्रतिशत ब्राह्मण प्रत्याशी जीत कर नई विधानसभा में पहुंच गए।भाजपा की जीत में सभी समाज और जाति के प्रत्याशियों ने अहम भूमिका निभाई है। इसकी बड़ी वजह राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और सबका साथ- सबका विकास का मुद्दा रहा, जिसके सामने ओबीसी कार्ड धराशायी हो गया। कांग्रेस ने इस विधानसभा चुनाव में आठ विधानसभा से ब्राह्मण प्रत्याशियों को मैदान में उतारा था, जिनमें कोई भी जीत नहीं पाया।

वहीं भाजपा के सात ब्राह्मण प्रत्याशियों में से पांच ने जीत हासिल की है। कांग्रेस के इस निराशाजनक प्रदर्शन के लिए राजनीतिक पर्यवेक्षक पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की मुखर ओबीसी राजनीति को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस ने ओबीसी आरक्षण लटकाएं रखने के लिए राजभवन को भी जिम्मेदार ठहराया।

विधानसभा चुनाव में 32 ओबीसी उम्मीदवार विधायक चुने गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 12 साहू समाज से हैं। इसके अलावा पांच यादव व पांच कुर्मी समाज से हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने 20 साहू प्रत्याशी मैदान पर उतारा था, जिसमें भाजपा के 11 और कांग्रेस की तरफ से नौ प्रत्याशी थे।

इनमें से दोनों पार्टियों से छह-छह प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। दोनों पार्टियों ने पांच यादवों को चुनाव में प्रत्याशी बनाया था, जिसमें चार ने जीत दर्ज की है।समाज के अन्य प्रत्याशियों में निषाद, सेन, कलार, कोष्टा समाज से भी एक-एक प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है।

**भाजपा के हिंदुत्व कार्ड में सब जीते**

भाजपा-कांग्रेस के बीच विधानसभा चुनाव में भाजपा का हिंदुत्व कार्ड कांग्रेस पर भारी पड़ गया। कांग्रेस के ओबीसी प्रत्याशी से लेकर अगड़ी जाति के प्रत्याशियों की करारी हार हुई। साजा विधायक रविंद्र चौबे से लेकर अंबिकापुर विधायक टीएस सिंहदेव भी शामिल हैं। वहीं भाजपा ने साजा क्षेत्र में बिरनपुर गांव की घटना के बाद किसान भुवनेश्वर साहू को प्रत्याशी बनाया। सांप्रदायिक हिंसा की इस घटना ने कांग्रेस के बड़े विधायकों की जड़ें हिला दी। किसान ने सात बार के विधायक रविंद्र चौबे को पराजित कर दिया। साथ ही भाजपा के शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार में हिंदुत्व के मुद्दे को जमकर भुनाया।

**कांग्रेस से चुनाव हारने वाले ब्राम्हण प्रत्याशी**

रवींद्र चौबे (साजा), अमितेश शुक्ला (राजिम), महंत रामसुंदर दास (रायपुर शहर दक्षिण), विकास उपाध्याय (रायपुर शहर पश्चिम), अरुण वोरा (दुर्ग शहर), पंकज शर्मा (रायपुर ग्रामीण), शैलेश पांडे (बिलासपुर) और शैलेश नितिन त्रिवेदी (बलौदाबाजार) शामिल हैं।

**कांग्रेस में 13 सवर्ण पराजित भाजपा के 18 में 16 जीते**

कांग्रेस के ओबीसी कार्ड का खामियाजा सवर्णों को भी भुगतना पड़ा। ब्राम्हण के अलावा 13 सवर्ण समाज के कांग्रेसी प्रत्याशियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। इसके मुकाबले भाजपा ने सवर्ण वर्ग से 18 उम्मीदवारों को मैदान पर उतारा था। इसमें 16 विजयी हुए हैं। इन 18 में से सात ब्राह्मण थे, जिनमें से पांच ने चुनाव जीता है। भाजपा के ब्राम्हण प्रत्याशियों में सिर्फ शिवरतन शर्मा (भाटापारा) और प्रेमप्रकाश पांडे (भिलाई नगर) को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

## खुलेआम शराबखोरी करते 7 पकड़ाए

**तखतपुर** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। सार्वजनिक जगह पर शराब पी रहे सात शराबीयों पर पुलिस ने आबकारी अधिनियम 36 च के तहत कार्यवाही की गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्रशिक्षु डीएसपी गौरव सिंह के निर्देश पर बेलसरी में सार्वजनिक रूप से शराब पी रहे शराबीयों जिसमें सकरी निवासी नरेंद्र देवांगन पिता पंचराम देवांगन, तखतपुर निवासी भरत देवांगन पिता छन्नू देवांगन, सकरी निवासी ऋषि देवांगन पिता शिव देवांगन, भथरी निवासी फुलचंद कुर्रे पिता चंद्रप्रकाश कुर्रे, मुंगेली निवासी अनिल देवांगन पिता शत्रुहन देवांगन, मोतिमपुर निवासी सहेंद्र कुमार पिता शिव कुमार, जरहागांव निवासी धनंजय दिवाकर पिता सतवंत दिवाकर के कब्जे से शराब जप्त करते हुए। आबकारी अधिनियम 36 च के तहत कार्यवाही की गई।

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर मनीष श्रीवास ने दी बधाई



### रायपुर पहुँचकर साय से की मुलाकात

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सदस्य मनीष श्रीवास ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री चुने जाने पर रायपुर पहुंचकर श्री विष्णु देव साय को बधाई दी

इस अवसर भाजपा नेता मनीष श्रीवास ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि विष्णु देव साय जी, को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह पहली बार हुआ है कि किसी किसान परिवार से आए आदिवासी समाज के व्यक्ति को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया हो, निश्चित ही श्री साय छत्तीसगढ़ के कामयाब मुख्यमंत्री साबित होंगे। ज्ञात हो कि मनीष श्रीवास गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में विष्णुदेव साय के करीबी समर्थक माने जाते है।

मुलाकात के वक्त पेण्ड्रा नगर पालिका के पार्षद राकेश चतुर्वेदी भी उपस्थित थे और उन्होंने ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी।

## सार-संक्षेप

### सुखदेव सिंह को करणी सेना ने दी श्रद्धांजलि



**तखतपुर** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज तखतपुर पं क्र 3738 के द्वारा राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष स्व श्री सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित रहें पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष रोहन सिंह द्वारा अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की सुखदेव सिंह गोगामेड़ी का हत्या समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है जिनका भरपाई नहीं किया जा सकता। इस अवसर को पर रोहन सिंह ठाकुर, अध्यक्ष अयोध्या सिंह,भोला सिंह, बेनी सिंह, मुकेश सिंह, मनोहर सिंह, मनहरण सिंह, संतोष सिंह, बाबूलाल,जय सिंह भागेशवरसिह छेदी सिंह राजेश सिंह मनहरन सिंह अन्य बन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**आदिवासी नेता विष्णुदेव साय...**

1990 में उन्होंने पहली बार जिले के तपकरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और जीतकर अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक बने। 1999 से 2014 तक लगातार तीन बार रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुएष्ठ 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार में इन्हें केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री का उत्तरदायित्व दिया गया था। साय को संगठन में काम करने का भी लंबा अनुभव है। पार्टी ने उन्हें 2006 और 2020 में दो बार प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा। वर्तमान में विष्णुदेव साय भाजपा के राष्ट्रीय कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।

**बैठक में लगी नाम पर मुहर**

छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री चुनने के लिए प्रदेश में तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। भाजपा विधायक दल की बैठक में विष्णुदेव साय के नाम पर मुहर लगाई गई। छत्तीसगढ़ में तीनों पर्यवेक्षकों ने विधायक दल के नेता के नाम का एल

**वीर नारायण सिंह को दी श्रद्धांजलि**

सरकार बनाने का दावा पेश करने के बाद विष्णदेव साय राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पहुंचे। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि है इसलिए उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। भाजपा वास्तव में आदिवासी कौम की चिंता करती है। कांग्रेस ने इन्हें सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। भाजपा ने ही आदिवासियों के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया है

**कार-ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत ...**

लड़की की विदाई की गई। कार में बैठकर दूल्हा-दुल्हन विदा हुए काई सोचा भी नहीं होगा फिर जो कुछ हुआ। रास्ते में भयानक एक्सीडेंट और पांच लोगों की मौत हो गई। सामने से आ रही ट्रक ने कार को अपने चपेट में ले लिया और घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। देखते ही देखते भीड़ इकट्ठा हो गई दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई सभी और सन्नाटा छा गया। हर कोई देख हैरान है इस खुशी को किसकी नजर लगी।

## गुरुकुल के बाल वैज्ञानिक योगेंद्र सिंह मरकाम राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में लेंगे भाग

**व्याख्याता मोनिका जैन के मार्गदर्शन में गुरुकुल के बाल वैज्ञानिक योगेंद्र सिंह मरकाम ने समाधान लड्डू मच्छर जनित रोग के लिए विषय पर तैयार किया प्रोजेक्ट**

### राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में पुरस्कृत किए गए योगेंद्र सिंह मरकाम




**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागृह मे किया गया जिसका उद्घाटन प्रो.सच्चिदानंदशुक्ला , उप कुलपति पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के करकमलो से किया गया। उक्त प्रतियोगिता मे जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के 05 प्रतिभागी सम्मिलित होकर अपने लघु शोध का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमे योगेन्द्र सिंह मरकाम शासकीय गुरूकुल विद्यालय पेण्ड्रारोड का चयन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए किया गया है,उन्होने अपना शोध कार्य श्रीमती मोनिका जैन व्याख्याता के मार्गदर्शन मे प्रोजेक्ट समाधान लड्डू मच्छर जनित रोग के लिए के अंतर्गत किया था, इस अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम मे डॉक्टर एम के वर्मा, उपकुलपति शासकीय विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय रायपुर एवं श्री एस एस बजाज महानिर्देशक छ ग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से बाल वैज्ञानिक योगेन्द्र को पुरस्कृत किया गया। शिक्षा विभाग जिला जी पी एम को गौरवान्वित करने वाले छात्र की इस उपलब्धि के लिए डॉक्टर श्रीमती जे के राय वैज्ञानिक %ई% राज्य समन्वयक, जगदीश कुमार शास्त्री जिला शिक्षा अधिकारी ,विश्वास गोवर्धन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, आर एल मनहर प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा छात्र की उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की गई एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गई है।

## कर्मचारी संघ की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर



**तखतपुर** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा तखतपुर की आवश्यक मासिक बैठक जनपद पुर्व माध्यमिक शाला संकुल केंद्र में आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिये अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए आजीवन सदस्यता अभियान चलाया जाए ।

वार्षिक कलेंडर की रचना, निर्माण एवं विमोचन पर चर्चा की गई । नववर्ष मिलन,सेवा निवृत कमर्चारियों एवं नवनिर्वाचित विधायक का सम्मान समारोह के विषय मे चर्चा की गई, उक्त कार्यक्रम एवं विषय को सर्व सम्मति से प्रस्तावित किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण श्री हिमांचल साहू, एल पी श्रीवास विनोद पाण्डेय, हुपसिंह क्षत्रिय, शशिकांत सोनी, ओम प्रकाश देवांगन, धर्मपाल बघेल, शेखर पांडे, योगेश्वर सिंह क्षत्रिय, रमेश पांडे, प्रतीत कश्यप, अरविंद गुप्ता, जितेन शर्मा, राजकुमार शर्मा, संजीत खाण्डे संजीव कश्यप, रुपेशवर देवांगन रामकुमार देवांगन, कार्तिक पनागर, नीरज साह, संजय सोनी, रामभजन सोनकर, श्रीमती नंदनी कश्यप, शकुंतला क्षत्रिय, प्रतिभा सिंह ठाकुर, नलिनी साहू, सुलक्षणा खाण्डे, आशा साहू, सुनीता ध्रुव, आशा पटेल, ज्योति पाल, आरती राजपूत, शशीकांत सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हार के कारणों की समीक्षा और लोक सभा चुनाव की तैयारियों पर हुई बात

### दिल्ली दौरे से लौटे भूपेश बघेल




**रायपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)।कांग्रेस की समीक्षा बैठक में शामिल होने दिल्ली गए कार्यवाहक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को राजधानी लौट आए। इस दौरान रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, हार के कारणों पर दिल्ली में समीक्षा हुई है। 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी बात हुई है। पार्टी में अभी मंथन जोरो पर है, रायपुर में भी बैठकें होंगी।

पूर्व विधायकों के आरोपों पर भूपेश ने कहा कि, किसने क्या कहा है इसकी मुझे जानकारी नहीं है।भाजपा में मुख्यमंत्री के चेहरे पर उन्होंने कहा कि सभी को इसका इंतजार है।

## विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने खेला बड़ा कार्ड

**भाजपा की उलांडबाजी से विपक्ष चारों खाने चित्त**

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का बड़ा निर्णय**

**(विधानसभा चुनाव डेस्क 2023)**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने छत्तीसगढ़ में बड़ा कार्ड खेला है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने एक सधी रणनीति के तहत छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाकर छत्तीसगढ़ के आदिवासी वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। भाजपा की इस उलांडबाजी से विपक्षी कांग्रेस चारों खाने चित्त दिखाई दे रही है।

आखिरकार जिसका सबको इंतजार था छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा विष्णु देवसराय के रूप में हो गई है तथा विष्णु देव साय भाजपा विधायकों के साथ राज भवन पहुंचकर राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश कर रहे हैं।



आज रायपुर भाजपा कार्यालय में हुए मंथन के बाद सरस्वती से विष्णु देव साय के नाम पर सहमति बनी और उनके नाम की घोषणा की गई। आदिवासी बाहुल्य राज्य में लंबे समय से आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग चल रही थी। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पहली बार कांग्रेस ने आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में अजीत जोगी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया था उसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 23 वर्ष बाद अब भाजपा ने भी विष्णु देव साय के रूप में आदिवासी चेहरे को सामने लाया है जो आदिवासी वोट बैंक को स्थाई रूप से साधने में सहायक हो सकता है। यहां पर उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा को आदिवासी बाहुल्य बस्तर में 12 में से 8 सीटों पर विजय श्री हासिल हुई वहीं आदिवासी बाहुल्य सरगुजा में 14 में से 14 सीटों पर भाजपा को सफलता मिली है। ऐसा माना जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर जीतना चाहती है और इसी लक्ष्य के साथ छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ की कमान सौंपी है। विष्णु देव साय के नाम पर मुख्यमंत्री के रूप में मोहर लगने के साथी छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में उनके समर्थक पटाखे फोड़ रहे हैं।

## समाजकार्य विभाग द्वारा 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा जागरूकता' व्याख्यान का किया गया आयोजन

**रायपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)।रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा 4 दिसंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रायपुर की संस्था मॉक्सीहील फाउंडेशन जो पिछले कई वर्षो से रायपुर और अन्य क्षेत्रों में लगातार महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा, वृद्धों, बच्चों, मानसिक बीमार एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है शामिल हुई ।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता,सामाजिक कार्यकर्ता श्री रोहित कुमार ने अपने व्याख्यान में महिलाओं के साथ हो रही विभिन्न प्रकार की हिंसा के बारे में बताया और सभी छात्र-छात्राओं को इसके लिए सतर्क होने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के आँके बहुत चिंताजनक हैं। विश्व स्तर पर यदि देखा जाए तो 6 से 10 प्रतिशत महिलाओं को यौन हिंसा का शिकार रोज होना पता है।उन्होंने बताया की भारत में विवाहित महिलाओं के साथ हिंसा के आँके बहुत ही व्यापक हैं। जनसंख्या के हिसाब से आँकों को देखा जाए यह आँके 30 प्रतिशत से अधिक हैं। राज्यवार आँकों को दर्शाते हुये बताया कि 2019-21 में कर्नाटक 44.4, बिहार में 40, मणिपुर में 39.6, तमिलनाडू 38.1, तेलंगाना 36.9 और उत्तर प्रदेश में 34.8 प्रतिशत महिलाएँ घरेलू हिंसा का शिकार हुई हैं। यह वो आँकडें हैं, जो किसी न किसी रूप में सामने आए हैं लेकिन



वास्तविकता इन आँकों से भयानक है। घरेलू हिंसा के साथ-साथ कार्य स्थल पर हिंसा, सकों पर छेड्छा आदि के साथ आभासी दुनिया में ही रोज महिलाएँ किसी न रूप हिंसा का शिकार हो रही हैं।शारीरिक हिंसा के अलावा मानसिक हिंसा से भी उन्हें रोज जूझना पता है।वहीं सुश्री मीनल करहाटकरे ने हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और कानूनों के प्रति जानकारी रखने हेतु सुझाव और बचाव के तरीकों और अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया।संस्था की कराटे ट्रेनर और सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री कोमल सोनी और उनके सहयोगी श्री नीरज सोनी ने लकियों को कराटे के तमाम तकनीकों को डेमो के माध्यम से सभी के सामने साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे अचानक हुए हमले, छेड्छा से किस तरह की सूझबूझ से बचा जा सकता है। श्री नीरज सोनी ने अपनीसंस्था में सभी लकियों को मुफ्त ट्रेनिंग देने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन में डॉ. नरेश गौतम, सहायक प्रोफेसर, समाजकार्य विभाग ने दिया। आभार वक्तव्य उन्होंने बताया कि महिलाओं और बच्चियों से साथ सबसे अधिक यौन शोषण कि घटनाएँ उनके सबसे नजदीकी रिश्तेदारों, पोसियों द्वारा की जाती हैं, जिसकी शिकार सिर्फ महिलाएँ या बच्चियाँ ही नहीं होती बल्कि बहुत बार लके भी यौनिक हिंसा का शिकार होते हैं। जो कहीं न कहीं उनके पूरे जीवन को बर्बाद कर देते हैं। जिसका सीधा असर मनोमस्तिष्क पर होता है। जो जीवन भर उसे कचोटता रहता है। शारीरक हिंसा से तो वह उबर आते हैं लेकिन मानसिक हिंसा का शिकार हुये जीवन भर उससे अपनी लाई लते हैं, जो बहुत ही घातक साबित होता है। हमारे समाज की ऐसी संरचना है जो बहुत बार आवाज उठाने में बाधा बनती है और हिंसा करने वालों का मनोबल बाती है। इससे बचने के लिए महिलाओं को अपनी चुप्पी तोडनी होगी और इसके खिलाफ एक जुट हो कर आवाज उठानी होगी।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में समाज कार्य की अध्यक्ष एवं सहायक प्रोफेसर, श्रीमती मनीषा बोस, कला संकाय के डीन डॉ. मनीष वर्मा, राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर श्री योगमय प्रधान, डॉ. सुजाता घोष, सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनीता सोनवानी, डॉ. संतोष कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग) श्री निरंजन कुमार, सहायक प्रोफेसर, श्रीमती स्नेहा बिस्वास(अंग्रेजी विभाग), सहायक प्रोफेसर साधना देवांगन (अर्थशास्त्र विभाग) एवं समस्त विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## किसानों को 15 से मिलेगी कृषि योजनाओं की जानकारी

**रायपुर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)।इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा आज यहां कृषि विभाग के सहयोग से ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से जिले के किसानों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऑनलाईन कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायपुर जिले के किसानों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 15 दिसम्बर से 26 जनवरी 2024 तक विभिन्न किसान रथों के माध्यम से किसानों की बेहतरी के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित



योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर रायपुर सांसद श सुनील सोनी ने भी कार्यक्रम में उपस्थित किसानो को संबोधित किया। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श अबिनास मिश्रा, कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. अजय वर्मा सहित कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# देश

उवाच "

झारखंड का कोयला रायल्टी मद का एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए केंद्र के पास बकाया है। यदि इतने पैसे मिल जाते तो यहां के 50 लाख गरीबों को आवास, 15-20 लाख युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10-10 लाख रुपए का ऋण मिल जाता।

-हेमंत सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21` | 1` |
| मुंबई | 3` | 25` |
| कोलकाता | 23` | 15` |
| चेन्नई | 28` | 26` |

# मानवाधिकारों के प्रसार को बुनियादी ढांचागत विकास आवश्यक : धनखड़

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि मानवाधिकारों के प्रसार और सशक्तिकरण के लिए देश में व्यापक ढांचागत विकास काफी आवश्यक है। धनखड़ ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में मानवाधिकार दिवस पर सभा को संबोधित करते हुए कहा मानवाधिकार उस समाज में बढ़ते हैं जहां कानून में समानता है और सभी के लिए न्याय तक पहुंच है। इस अवसर पर

**■ मानवाधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून हमेशा ऊपर होता है, जो देश में नया मानदंड है। यह एक आदर्श बदलाव है जो देश में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने का एक अभिन्न पहलू है। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि सरकार की समावेशी नीतियों के सकारात्मक कार्यान्वयन ने लाखों लोगों को गरीबी केचुंगल से स्वतंत्र कराया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस



**कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और कानून हमेशा ऊपर होता है, जो देश में नया मानदंड है : जगदीप धनखड़**

उपलब्धि ने आर्थिक अवसरों, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच और अच्छी शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है-एक मजबूत स्तंभ जिस पर एक मजबूत मानव अधिकार भवन बना हुआ है। अपने संबोधन में, उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा भ्रष्टाचार से पैदा होता है, इस बात पर बल देते हुए कि भ्रष्टाचार और मानवाधिकार एक साथ अस्तित्व में नहीं आ सकते, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संतोष व्यक्त किया कि लंबे समय से भारत में भ्रष्टाचार का यह अभिशाप अब समाप्त हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसके स्थान पर एक शासन तंत्र है जो भाई-भतीजावाद, पक्षपात और पदोन्नति के लिए कोई स्थान नहीं देता है। सत्ता के गलियारों से भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया गया है। कार्यक्रम

## पारदर्शिता व जवाबदेह शासन वर्तमान व्यवस्था में एक नया मानदंड

उपराष्ट्रपति ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेह शासन वर्तमान व्यवस्था में एक नया मानदंड है तथा यह मानवाधिकारों को बढ़ावा देने में एक गेम-चेंजर है। उन्होंने कहा कि पहले शासन प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण गरीब और कमजोर लोग वास्तविक पीड़ित हैं। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के घरों में गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने को एक परिवर्तनकारी क्रांति के रूप में माना, जिससे हमारी माताओं और बहनों को आंखों में आंसू से राहत मिली, धुंए से राहत मिली। उन्होंने मानवाधिकारों के प्रसार और सशक्तिकरण के लिए व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास की भी सराहना की।

में बोलते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने कहा मानवाधिकार दिवस समानता, न्याय, स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के सम्मान की याद दिलाता है।

न्यायमूर्ति ने कहा कि एनएचआरसी भारत में लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे सांस्कृतिक लोकाचार और मूल्य हमारे संविधान में प्रतिबिंबित होते हैं। मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में ऐसे आदर्श शामिल हैं जो हमारे मूल्यों के अनुरूप हैं। भारतीय संस्कृति न्याय के पक्ष में खड़े होने की क्षमता रखती है। आतंकवाद पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इसने पूरी दुनिया में नागरिकों के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवादी कृत्यों और आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखना मानवाधिकारों के प्रति बहुत बड़ा अन्याय है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों के नैतिक प्रभाव गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट उपयोगी है, लेकिन इसका एक स्याह पक्ष भी है, घृणास्पद भाषण के माध्यम से गोपनीयता का उल्लंघन और गलत सूचना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर कर रही है।

## रेवंत रेड्डी ने अस्पताल में केसीआर से की मुलाकात

**हैदराबाद,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनावों में प्रचार की कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के एक अस्पताल में हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने वाले अपने पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। सात दिसम्बर को मुख्यमंत्री का पद संभालने वाले रेवंत रेड्डी यशोदा अस्पताल, सोमाजीगुडा पहुंचे। उनके साथ मंत्री सीतक्का और पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर भी थे।



अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया, जो भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष से मुलाकात करने के लिए इमारत की नौवीं मंजिल पर गए। रेवंत रेड्डी ने केसीआर के बेटे के.टी. रामा राव से मुलाकात की, जो उन्हें केसीआर से मिलवाने ले गए। 10 मिनट बाद अस्पताल से निकलते समय मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि उन्होंने बीआरएस प्रमुख से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। रेवंत रेड्डी ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि पूर्व मुख्यमंत्री को सबसे अच्छा इलाज मिले। उन्होंने कहा कि मैं कामना करता हूं कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएं और लोगों के मुद्दों पर बोलने के लिए विधानसभा आएं। सात दिसम्बर की रात को एर्रावल्ली स्थित अपने फार्महाउस में बाथरूम में फिसलकर गिरने के बाद केसीआर के कूल्हे में फैक्चर हो गया था।

## अनुच्छेद 37 पर फैसले का बेसब्री से है इंतजार : उमर

**श्रीनगर,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि वह अनुच्छेद 370 पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में मीडियाकर्मियों से कहा, हम उस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं...हमारी भावनाएं अभी भी वैसी ही हैं और हमें न्याय की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ चार अन्य न्यायाधीशों के साथ सोमवार को अनुच्छेद 370 और 35ए पर फैसले की घोषणा करेंगे और उन्हें न्याय की उम्मीद है। उनसे जब पूछा गया कि अगर फैसला पक्ष में नहीं आया तो उनकी प्रतिक्रिया क्या होगी, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मैं अगर और लेकिन में विश्वास नहीं कर रहा हूं..जैसे आप कह रहे हैं कि अगर फैसला हमारे पक्ष में नहीं आया तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी। मैं कहूंगा कि अगर यह हमारे पक्ष में आ गया तो...दोनों चीजें संभव हैं। फैसला आने दीजिए। इसके बाद हम बात करेंगे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कोई नहीं कह सकता कि अनुच्छेद 370 पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का क्या फैसला होगा। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि हमें खेद है...उन्हें (अधिकारियों को) जम्मू-कश्मीर के लोगों पर विश्वास करना चाहिए। जब जम्मू-कश्मीर के



**जम्मू-कश्मीर के लोगों के पक्ष में न्याय की जताई उम्मीद**

लोगों ने 2019, 2020 में नहीं बल्कि पिछले चार साल में कानून-व्यवस्था को अपने हाथ में नहीं लिया। आज जब गाजा में हो रही घटनाओं से सभी लोग गुस्से में हैं, तब भी लोग आज समझदारी से फैसले ले रहे हैं और शांति भंग करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 और 35ए पर फैसले की घोषणा के बाद भी लोग शांति भंग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को एहतियातन लोगों को हिरासत में लेने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें उन पर विश्वास करना चाहिए। गौरतलब है कि गत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री ने आशंका व्यक्त कि थी कि शीर्ष अदालत के निर्णय से पहले सरकार कश्मीर के राजनेताओं को नजरबंद कर सकती है।

## सार संक्षेप

### एबीपीएल के निदेशक के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**जम्मू।** जम्मू अपराध शाखा की आर्थिक अपराध शाखा ने तीन करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में प्राइवेट लिमिटेड (एबीपीएल) कंपनी अरमाडा बाजार के निदेशक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अपराध शाखा के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी-शिवालय अपार्टमेंट, सोला रोड नारणपुरा अहमदाबाद, गुजरात के परसुराम राजनेतभाई पाल के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में आपराधिक साजिश रचने और शिकायतकर्ताओं से तीन करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के लिए न्यायिक निर्धारण के लिए अदालत में आरोप पत्र पेश किया गया है। किराना और दैनिक उपयोग की वस्तुओं वाले अधिकृत उत्पादों और सेवाओं के व्यवसाय में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी-अरमाडा बाजार में रिफंडेबल राशि का निवेश करके उन्हें भागीदार बनने के बहाने फुसलाया।

### असम पुलिस ने 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया

**गुवाहाटी।** असम पुलिस ने शनिवार को असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर 637 किलोग्राम गांजा जब्त किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीमगंज पुलिस ने असम-त्रिपुरा सीमा के चुराइबारी चेक पोस्ट पर एक वाहन से 637 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। आगे की जांच जारी है।

### पशुक्रूरता के आरोपी पर होगी कठोर कार्रवाई : शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुना जिले में पशु क्रूरता की घटना को लेकर कहा कि बर्बरता के ऐसे कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि गुना जिले से सामने आई पशु क्रूरता की घटना हृदय विदारक है। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। बर्बरता के ऐसे सभी कृत्य अक्षम्य हैं, इस अपराध के लिए आरोपी पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, गुना शहर में पशुक्रूरता का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद मामले को संज्ञान में लिया गया और आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया।

### दलाई लामा आएंगे सिक्किम

**गंगटोक।** तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा सिक्किम सरकार के निमंत्रण पर राज्य की दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंचेंगे। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि दलाई लामा मंगलवार सुबह यहां पालजोर स्टेडियम में ग्यालसी थोकमे सांगपो के बोधिसत्व की 37 प्रथाओं पर बोलेंगे।

## बारिश से प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा : ममता

**कोलकाता,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चक्रवात मिचौंग के प्रभाव के कारण असामयिक वर्षा के कारण नुकसान का



**■ चक्रवात मिचौंग से फसलों को हुए नुकसान के चलते लिया गया फैसला**

सामना कर रहे किसानों के लिए मुआवजे, राहत और सहायता का ऐलान किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी को पत्र लिखा था। इसके एक दिन बाद सीएम ने यह घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के 1.20 करोड़ किसानों को दो चरणों में मुआवजे के रूप में 10,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। सीएम अलीपुरद्वार जिले में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए यह घोषणा की।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि राज्य की अपनी किसान बीमा योजना के तहत प्रदान की जाने वाली राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। सीएम ममता ने कहा कि हमने कृषि भूमि पर उपकर वापस ले लिया है। वे सभी किसान जो किसान बीमा योजना के तहत नामांकित हैं, उन्हें मुआवजे के रूप में पैसा निश्चित रूप से मिलेगा। जिन लोगों ने अभी तक नामांकन नहीं किया है, उन्हें तुरंत राज्य सरकार द्वारा आयोजित शिविरों में भाग लेना चाहिए। शनिवार को मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में विपक्ष के नेता ने कहा था कि लगातार बूंदाबांदी के कारण आलू किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## भाजपा को हराने को बना गठबंधन : सपा

**मेठी,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने अमेठी में रविवार को इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए ही इंडिया गठबंधन बना है। आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन यूपी में बहुत मजबूती से लड़ेगा। समाजवादी पार्टी के नेता ने रविवार को अमेठी में संवाददाताओं से

**■ उप्र में मजबूती के साथ से लोस चुनाव लड़ने की कही बात**

बातचीत करते हुए कहा कि अमेठी में सपा का उम्मीदवार होगा या इंडिया गठबंधन का होगा यह शीर्ष नेतृत्व तय करेगा लेकिन अमेठी से इस बार बीजेपी को इंडिया गठबंधन हराकर भेजेगा। उन्होंने आगे कहा समाज का हर वर्ग सपा को सपोर्ट कर रहा है। समाजवादी पार्टी यूपी में बीजेपी को हराने के लिए सक्षम है। अमेठी से कौन उम्मीदवार होगा अभी इस पर विचार विमर्श होगा उसके बाद प्रत्याशी



**उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने के लिए सपा सक्षम : शिवपाल यादव**

भी उतर जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी राय है भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन जो बना है वह मजबूत है। वही बसपा द्वारा आकाश आनंद को बसपा की बागडोर सौंपने पर कहा हमारी उनको शुभकामनाएं हैं।

कांग्रेस नेता के घर करेंसी बरामद होने के सवाल पर शिवपाल ने कहा अभी तक जो भी है सामने आ रहा है। यह सब केवल विपक्ष के यहां ही दिखाई देते हैं। सत्ता पक्ष के यहां नहीं दिखाई देंगे। सत्ता पक्ष के नेताओं के यहां बहुत करेंसी है। वहां कोई नहीं जाता। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन तय करेगा कि किसके चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा। इंडिया गठबंधन में बहुत से चेहरे हैं। बहुत पुराने चेहरे हैं अनुभवी लोग हैं। समय पर सब सामने आ जाएगा इसकी चिंता शायद किसी को नहीं करनी चाहिए। हम इतना जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में हम भारतीय जनता पार्टी को हराकर भेजेंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में क्या कर रही हैं। यह यहां के लोगों को पता है। आप लोग बेहतर जानते हैं हमने जो देखा है जो यहां का माहौल तो यही है कि यहां की जनता उनको हराकर भेजेगी। हम इतना जानते हैं इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी यहां मजबूती के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को हरायेगा।

सपा नेता शिवपाल यादव अमेठी में पूर्व कैबिनेट के पुत्र के विवाह के बाद आयोजित समरोह में शिरकत करने आए थे। इसके बाद वे युवा सपा नेता जय सिंह से उनके आवास पर जाकर मुलाकात किया।

### उप्र में समाजवादी पार्टी बहुत मजबूत : यादव

एक सवाल के जवाब में कहा कि यह उनकी पार्टी का मामला है। इसे वह लोग ही जाने की किसे बागडोर देनी है। किसे नहीं हमारी तो उनको शुभकामनाएं हैं। हम इतना जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी बहुत मजबूत है। चाहे अल्पसंख्यक समाज हो चाहे पिछड़ा हो चाहे दलित हो या चाहे जिस समाज का हो सभी समाजवादी पार्टी को सपोर्ट कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को हराने में सक्षम है। हमारी व्यक्तिगत राय विपक्ष के सभी नेताओं को है की इंडिया गठबंधन मजबूत हो और उसमें सब लोग मिल करके भारतीय जनता पार्टी को हारने का काम करें। समय पर तय हो जाएगा कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा। जब हम मंत्री थे समाजवादी सरकार में अखिलेश यादव की सरकार में नेताजी की सरकार में हमने जितना काम किया है। उतना कोई भी सरकार नहीं कर पाई।

## उप्र से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे नीतीश



**लखनऊ,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले 24 दिसम्बर को रोहनिया विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का हिस्सा है। बिहार के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के सचिव (संगठन) श्रवण कुमार ने कार्यक्रम की पुष्टि की है। नीतीश कुमार की रैली के लिए स्थल को अंतिम रूप देने के लिए श्रवण कुमार ने कुछ स्थानीय नेताओं के साथ शनिवार को रोहनिया का दौरा किया। रोहनिया जनसभा में पूर्वांचल क्षेत्र के पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे, जो लोकसभा चुनाव के लिए नीतीश कुमार की पहली रैली होगी। श्रवण कुमार ने कहा कि वाराणसी के अलावा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, प्रयागराज, फूलपुर, अंबेडकर नगर और मिर्जापुर पर फोकस किया जाएगा। रोहनिया वाराणसी का पटेल बहुल विधानसभा क्षेत्र है। 2012 के बाद से हर विधानसभा चुनाव में इस समुदाय ने रोहनिया में निर्णायक भूमिका निभाई है। उस वर्ष अनुप्रिया पटेल ने संयुक्त अपना दल के उम्मीदवार के रूप में रोहनिया विधानसभा सीट जीती थी। वह वर्तमान में केंद्रीय राज्य मंत्री हैं। 2014 में मिर्ज़ापुर से सांसद चुने जाने के बाद अनुप्रिया की विधानसभा सीट खाली हो गई थी। 2014 में रोहनिया विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के महेंद्र सिंह पटेल ने सीट जीती थी।

**प्रधानमंत्री मोदी को देंगे चुनौती**

### जाति व धर्म भाजपा के एजेंडे में हैं : नीतीश

सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जाति और धर्म उनके एजेंडे में हैं जबकि हमारा एजेंडा भाईचारा और प्यार है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि (इंडिया गठबंधन) के कुछ नेताओं ने गलतियां कीं, जिसके कारण लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने में थोड़ी देरी हुई। अब हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि आगे कोई गलती न हो। हम लोकसभा चुनाव के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने जा रहे हैं।

## कश्मीर में और बढ़ी कड़ाके की ठंड

**श्रीनगर,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में रविवार को तापमान शून्य से कम 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे कश्मीर घाटी में और कड़ाके की ठंड बढ़ गयी है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर में मौसम शुष्क रहने और 11-16 दिसम्बर तक आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं। श्रीनगर में रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से कम 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पहलगाम में पिछली रात शून्य से कम 5.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में पिछली रात शून्य से कम 2.8 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से कम 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेता संपर्क में : कुमारस्वामी

**हासन,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने रविवार को संकेत दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में कांग्रेस सरकार गिर सकती है तथा कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता पहले ही इस संबंध में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत कर चुके हैं। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एक शीर्ष कांग्रेसी नेता केंद्र के नेताओं से मिलकर लोकसभा चुनाव के बाद उनमें शामिल होने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने छह महीने की राहत मांगी है जिससे वह 50 से 60 विधायकों को अपने साथ ला सकें। उन्होंने हालांकि नेता के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि कुछ भी हो सकता है जैसा कि महाराष्ट्र में हुआ। महाराष्ट्र में जो हुआ वह कर्नाटक में भी हो सकता है। कोई भी पार्टी के प्रति ईमानदार या प्रतिबद्ध नहीं है। सब अपना व्यक्तिगत लाभ देखते हैं। राजनीति में हमेशा ऐसा होता रहा है। कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच टकराव की ओर इशारा करते हुए कहा कि वैसे तो कांग्रेस 135 सीटें होने का दावा कर सकती है, लेकिन लोग कर्नाटक कांग्रेस की स्थिति को जानते हैं।



सिद्दारमैया पर हमला जारी रखते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री जाति सर्वेक्षण की आड़ में जाति के आधार पर समाज में दरार उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बजट आवंटन बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपए करने के सिद्दारमैया के इरादे पर जेडीएस नेता ने कहा कि वह अल्पसंख्यकों को धन दिए जाने के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्होंने पूछा कि क्या यह हिंदुओं को भी नहीं दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से अधिकांश दलित और गरीब हैं।

कवायद | *तेलंगाना में सभी छह गारंटी को पूरा करने की रहा पर कांग्रेस सरकार*

# हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग को बेहतर बनाने को देगी प्राथमिकता

**हैदराबाद,** 1` दिसम्बर (एजेंसियां)। सड़क और भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार दो शहरों के बीच यात्रा के समय को कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग के चौड़ीकरण और सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर तेलंगाना सचिवालय में मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि सरकार यात्रा के समय को ढाई घंटे तक कम करने के लिए हैदराबाद-विजयवाड़ा से संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलेंगे और उनसे हैदराबाद-विजयवाड़ा को छह लेन राजमार्ग में चौड़ा करने की मंजूरी देने का अनुरोध करेंगे। वेंकट रेड्डी ने कहा कि वह लोकसभा सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा सौंपने और तेलंगाना में राजमार्ग परियोजनाओं के संबंध में गडकरी से मिलने के लिए सोमवार को नई दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से 14 राज्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उन्नत करने का अनुरोध करेंगे। इनमें मल्लेपल्ली-नलगोंडा और रीजनल रोंग रोड (आरआरआर) साउथ-चौटुप्पल-अमंगल-शादनगर-संगारेड्डी शामिल हैं। वह राष्ट्रीय राजमार्ग 765 के हैदराबाद-कलवाकुर्थी खंड को चार लेन का बनाने की मांग भी उठाएंगे। वह केंद्र से तेलंगाना के लिए सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) का बजट बढ़ाने का भी अनुरोध करेंगे। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने 100 करोड़ रुपए की लागत से नलगोंडा जिले में नलगोंडा-मुशामपल्ली-धर्मपुरम सड़क को चार लेन बनाने की मंजूरी दी। विकाराबाद जिले में लिंगमपल्ली-दुदयाल सड़क को 4.15 करोड़ रुपये की लागत से मजबूत किया जाएगा। नाकरेकल-नागार्जुन सागर रोड के शेष कार्यों के हिस्से के रूप में, नलगोंडा शहर की सीमा का सुधार किया जाएगा।



**■ लगोंडा-मुशामपल्ली-धर्मपुरम सड़क को चार लेन बनाने की मंजूरी**

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान राजमार्गों के विकास पर ध्यान नहीं दिया। मंत्री ने कहा कि निकटवर्ती सार्वजनिक उद्यान सहित विधानसभा परिसर के आसपास के क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधान परिषद सत्र आयोजित करने के लिए पुराने विधानसभा भवन, जो एक विरासत संरचना है, को बहाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई संरचनाएं बनाने के लिए कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) और अन्य दलों की पुरानी इमारतों को ध्वस्त कर दिया जाएगा और सार्वजनिक उद्यान से ललिता कला थोरनम तक सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। वह मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों के साथ अगले कुछ दिनों में क्षेत्र का दौरा करेंगे।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 11 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महुआ : अदानी पर सवाल पूछने की सज़ा

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की उस बात को एक बार फिर से सही साबित कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'देश में पहले क्रमांक पर गौतम अदानी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह उनके नीचे हैं।' शुक्रवार को जिस प्रकार से तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोईत्रा को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया, उससे संदेश गया है कि जो भी अदानी के खिलाफ बोलेगा, उसकी आवाज़ ऐसे ही बन्द की जायेगी। वैसे अपनी सदस्यता जाने के बाद जिस प्रकार से महुआ ने अपनी लड़ाई जारी रखने के इरादे जाहिर किये हैं और सारा विपक्ष उनके समर्थन में लामबन्द हुआ है, उससे स्पष्ट है कि महुआ को लोकसभा से निकालना मोदी के लिये महंगा साबित हो सकता है।

मोदी सरकार द्वारा जिस तरह से एक के बाद एक सारी सार्वजनिक सम्पत्तियां अदानी के हवाले की जा रही हैं, उसे लेकर राहुल गांधी लगातार हमलावर रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष सितम्बर में निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मोदी द्वारा अदानी को दिये जा रहे संरक्षण पर सवाल किये थे। बाद में उन्होंने मोदी-अदानी के रिश्तों को लोकसभा में भी उठाया था। इसके चलते गुजरात की एक अदालत में लम्बित मानहानि की याचिका के आधार पर इस साल के प्रारम्भ में राहुल की सदस्यता भी छिनी गई थी। महुआ भी मोदी सरकार के उसी कोप का शिकार हुई हैं। उन पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगाया गया था। यह मामला संसद की आचार समिति (एथिक्स कमेटी) के पास विचारार्थ गया था। समिति ने उन्हें इस बात का दोषी पाया कि उन्होंने एक समूह विशेष के खिलाफ ज्यादातर सवाल पूछे और इसके लिये अपना लॉग इन पासवर्ड बाहरी व्यक्ति को दिया। शुक्रवार को करीब 500 पन्नों की रिपोर्ट लोकसभा के पटल पर रखी गई और इस पर चर्चा के लिये बहुत अल्प समय रखा गया। अनेक सदस्य मांग करते रहे कि इस पर कुछ दिनों के बाद चर्चा हो ताकि सदस्यगण प्रस्तुत रिपोर्ट का ठीक से अध्ययन कर सकें। सरकार ने यह बात नहीं मानी और सदन में अपने बहुमत के बल पर महुआ की सदस्यता रद्द कर दी।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब कमेटी के समक्ष उनका बयान हुआ था, तो उनसे बेहद अशिष्ट और अशोभनीय सवाल किये गये थे जो किसी भी महिला की गरिमा के खिलाफ थे। उन्हें वकील के जरिये जिरह की अनुमति भी नहीं मिल सकी थी जो कि किसी भी आरोपी का नैसर्गिक अधिकार होता है। सदन में महुआ के पक्ष में खड़े सदस्यों ने इस प्रक्रियागत त्रुटि की ओर ध्यान दिलाया परन्तु सम्भवत: उस कमेटी में ऐसा सायास किया था जिसमें भाजपा के सदस्यों का बहुमत है। वैसे भी इस मामले में एथिक्स कमेटी ने जिस प्रकार से सुनवाई की, उसमें कई तरह की खामियां हैं। जिस निशिकांत दुबे की ओर से यह शिकायत दर्ज की गई थी, उनका प्रतिपरीक्षण (क्रॉस एक्जामिनेशन) नहीं हुआ। इसके अलावा महुआ को अपनी बात कहने का अवसर भी नहीं मिला- न तो कमेटी के सामने और न ही लोकसभा में। इसमें सबसे बड़ी कमी तो यह है कि उनके पास से कोई नगदी या वे वस्तुएं बरामद नहीं हुई हैं, जिनके बारे में कहा गया कि सांसद ने इसके एवज में सवाल किये थे। यानी कि आरोप को सही साबित करने के लिये कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये। फिर उनके खिलाफ आयकर, प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई तो दूर की बात है, पुलिस द्वारा भी अपराध दर्ज नहीं किया गया जो इसलिये होना था क्योंकि यह तो आपराधिक मामला बनता है।

बहरहाल, यह देश के सामने अब स्पष्ट हो गया है कि अदानी के बाबत प्रश्न पूछने का अर्थ है उसके लिये किसी को भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। खासकर, अगर वह ऐसे मंच से बोले जिससे अदानी को किसी भी तरह का नुकसान होने का अंदेशा हो। चूंकि संसद में उठाये जाने वाले मामलों की गूंज न केवल देश भर में वरन पूरी दुनिया में सुनी जाती है, मोदी सरकार के लिये ऐसी आवाज़ों को बन्द कराना बहुत आवश्यक हो जाता है। जब हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी तो अदानी की कम्पनियों के शेयर रातों-रात नीचे गिर गये थे। जैसा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री सत्यपाल मलिक कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा मोदी का है और अदानी तो एक तरह से उनका मैनेजर है', यह कोई भला कैसे बर्दाश्त कर सकता है कि अदानी के बाबत कोई सवाल किये जायें?

जो कीमत पहले राहुल ने चुकाई वही अब महुआ को चुकानी पड़ रही है। जिस प्रकार पहले राहुल को सदन से निकालना मोदी व भाजपा को भारी पड़ा था, वैसे ही महुआ के मामले में भी होता दिखाई दे रहा है। सदस्यता जाने के बाद महुआ ने प्रेस के समक्ष मोदी को खुली चुनौती दी है कि वे बाहर भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगी। जब वे मीडिया को सम्बोधित कर रही थीं, कांग्रेस की नेत्री सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबन्धन इंडिया के कई नेता उनके साथ मौजूद थे। वहीं टीएमसी की सुप्रीमो व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने भी इसे लेकर मोदी सरकार के प्रति गुस्सा दिखाया और बड़ी लड़ाई का ऐलान किया जो बताता है कि महुआ अकेली नहीं है। महुआ एपिसोड ने सम्पूर्ण विपक्ष को एक कर दिया है। पांच में से तीन (राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़) राज्यों में मिली पराजय के कारण जो कांग्रेस कमजोर दिख रही थी, इंडिया समेत वह फिर से सशक्त दिख रही है।

# अब भी राहुल सख्त नहीं हुए तो गुडबाय टाटा!

कहानी मत सुनो इनकी कहानी मालूम करो। तीन जीते हुए राज्यों को हारने के बाद कांग्रेस ने फटाफट इनकी समीक्षा बैठक कर ली। क्या नया निकला उसमें से? कुछ नहीं। जो खुद हार के जिम्मेदार हों वे क्या बताएंगे?

हम पहले भी कई बार लिख चुके हैं फिर लिख रहे हैं कि राहुल के पास नई कांग्रेस बनाने का मौका था। अब भी है। मगर वे खाली रिपेयर से काम चला रहे हैं। कांग्रेस के पास वह माध्यम ही खत्म हो गए हैं जिसके द्वारा वह अपनी बात लोगों तक पहुंचा पाए। जब मीडिया आपका साथ नहीं दे रहा। बल्कि यह कहना चाहिए कि पूरी तरह आपके खिलाफ है तो उसमें जाकर रोज अपना चेहरा दिखाने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करना चाहिए। यह प्राइवेट एजेन्सियां कांग्रेस इतना हायर करती है और पता नहीं कितना करोड़ों लेकर कांग्रेस को वह उतना ही हरवाती हैं जितना वह उनके बिना हार रही होती है। कुछ लोग तो यह भी कहते हैं कि यह उम्मीदवारों का सर्वे, विज्ञापन, प्रचार करने का ठेका लेने वाले अगर नहीं होते तो कांग्रेस के कुछ उम्मीदवार ज्यादा ही जीतते। ये जीताने वाले चुनाव विशेषज्ञ नहीं होते पैसा कमाने वाले धंधेबाज होते हैं।

अगर इनके सर्वे के हिसाब से ही टिकट मिले तो फिर टिकट बेचने की शिकायतें कहां से आ गईं? इनके लड़के और लड़कियां जो फील्ड में जाते हैं वे कौन होते हैं। दूसरे समय में वे सेल के काउंटरों पर सेल्समेन और सेल्स गर्ल का काम करते हैं। उन्हें किसी प्रोडक्ट की क्वालिटी के बारे में मालूम नहीं होता वह तो जिस चीज को आप उठाकर देखने लगो उसको कहने लगते हैं कि हां अच्छी है। ऐसे ही यह सर्वे वाले क्षेत्र में जाकर जो उनसे मिल लेता है। सेवा सत्कार कर देता है उसे सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार बता देते हैं।

मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सर्वे का हल्ला था। और कांग्रेस सबसे ज्यादा बुरी तरह मध्य प्रदेश में ही हारी है। छत्तीसगढ़ में तो कोई कह ही नहीं रहा था कि कांग्रेस हार भी सकती है। मगर अब वहां के अख़बार टिकट बेचने की खबरों से भरे पड़े हैं। कांग्रेस के नेता खुलेआम टिकट बेचने के आरोप लगा रहे हैं। राजस्थान मध्य प्रदेश में ऐसे ही आरोप लग रहे हैं।

कांग्रेस में यह तो पुरानी शिकायत है कि जितना पैसा उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के लिए भेजा जाता है उसमें से बड़ा हिस्सा कमीशन के नाम पर काट लिया जाता है। लेकिन इस बार एक नई शिकायत और सुनने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के इंतजाम के लिए 25-25 लाख रुपए हर जगह भेजे गए थे। उसमें से आधे खर्च किए जाते थे और आधे बांट लिए जाते थे। कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष को भी नहीं छोड़ते!

राहुल को यह सब चीजें मालूम करना चाहिए। जैसे उम्मीदवारों के सर्वे के लिए कहते हैं तीन-तीन एजेन्सियों से करवाया गया। वैसे ही हर राज्य के लिए दो या तीन लोगों को पहुंचाना चाहिए। पार्टी के। इसके अलावा राहुल को अपने आफिस के लोगों से भी थोड़ा काम लेना चाहिए। उन्हें भी फील्ड में भेजना चाहिए कि क्या हुआ, क्या हो रहा है मालूम करके आएं। और तीसरे उन प्राइवेट एजेन्सियों से पूछना चाहिए जिन्हें इतना पैसा दिया है कि लिखित में बताओ कि क्यों हारे?


शकील अख्तर

> कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा!

यह तीनों राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान हारने के नहीं थे। कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है। दोषी कौन है? वही जो जीत जाते तो इसका श्रेय लेते। मध्य प्रदेश में कमलनाथ, राजस्थान में गहलोत और पायलट एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव। यही तो गाल बजाते। 2018 में यही तो किया था। राहुल को एक रत्ती जीत का श्रेय नहीं दिया था। अब हारे हैं तो मानें अपनी गलतियां। क्या किसी ने कहा कि मैं इस्तीफा देता हूं?

मैं अपना अहंकार, गुटबाजी में लगे रहना, आत्ममुग्धता स्वीकार करता हूं? तीनों राज्यों की रिव्यू मीटिंग हो गई। कहीं पश्चाताप के स्वर सुनाई दिए। दिग्विजय ने 2003 की हार के बाद दस साल तक कोई पद नहीं लिया था। क्या इनमें से कोई ऐसा है जो एक साल भी बिना पद के रह सके?

कांग्रेस बिना डंडे के नहीं मान सकती। भाजपा को चाहे जितनी आलोचना कांग्रेस करे। मगर आंख खोलकर यह देख ले कि वहां मोदी जी ने कैसा सबको सतर कर रखा है। एक हफ्ते से ज्यादा वक्त तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री पर माथापच्ची होती रही। मगर क्या मजाल कि कोई चूं भी कर जाए। जब देश की सत्ताधारी पार्टी का हाल ऐसा है तो कांग्रेस का अतिउदारवाद जो दरअसल ढीलापन है कैसे चलेगा! महाजन येन गत:स पंथा:। इस समय का मार्ग यह ही है। और कांग्रेस भाजपा का क्यों माने? खुद उसकी नेता इन्दिरा गांधी सत्ता की मजबूत केन्द्र थीं। जिस राजस्थान में गहलोत और पायलट लड़ते रहे और राहुल कोई फैसला नहीं कर पाए। वहां इन्दिरा गांधी ने मोहनलाल सुखाडिया और हरिदेव जोशी जैसे नेताओं के बीच में से बरकतउल्लाह खान जैसे सामान्य कांग्रेसी को मुख्यमंत्री बना दिया था। और ऐसे ही जोशी और शिवचरण माथुर के झगड़े के बीच में से दलित जगन्नाथ पहाड़िया को मुख्यमंत्री बनाया था।

तो इन्दिरा ऐसे सख्त फैसले लेकर ही कांग्रेस की नेता बनी रह पाईं। हम उससे पहले 1969 का जिक्र नहीं कर रहे जहां इन्दिरा ने और कठिन फैसले लिए थे। इन्दिरा के टाइम में टिकट बेचने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता था। जैसे आज मोदी के समय में कोई सोच भी नहीं सकता। इतनी सख्ती तो जरूरी है। यूपी और बिहार में टिकट बेचने की हर बार कहानी आती है। और वहां कांग्रेस की हार का यह एक प्रमुख कारण है। मगर आज तक वह दलाल पकड़े नहीं गए।

क्या राहुल और प्रियंका को मालूम है कि कांग्रेस मुख्यालय में उनके बारे में कैसी बातें की जाती हैं। बाहर सोशल मीडिया, गोदी मीडिया और भाजपा के आईटी सेल में जो बातें आती हैं उनका उद्गम कांग्रेस से ही होता है। राहुल और प्रियंका की यह क्या मजबूरी है जो वे उपहास करने वाले चरित्रहनन करने वाले कांग्रेस के स्टाफ से लेकर पदाधिकारियों तक को सह रहे हैं? यहां तक कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी के साथ लगा दिए गए किस आदमी की निष्ठा कहां है यह किसी को क्या मालूम है? कुछ हजारों पर बिक जाने वाले लोग करोड़ों तो छोड़िए लाखों पर क्या-क्या कर सकते हैं इसकी क्या कांग्रेस नेतृत्व को खबर है?

आज राज्यसभा सदस्य धीरज साहू की चर्चा है। कांग्रेस कहती है हमसे कोई मतलब नहीं। अच्छा तो फिर इसे राज्यसभा सदस्य किसने बनाया था? राहुल सिर्फ यही पूछ लें कि 2008 में किसके कहने से इसे राज्यसभा दी गई थी? सीधा मैसेज चला जाएगा कि राहुल सब जानना चाहते हैं। सब लाइन में आ जाएंगे।

बाकी कांग्रेस स्वतंत्र है। जैसे 2012 के बाद से एडाकहिज्म (तदर्थवाद) पर चल रही है। वैसे अपने खत्म होने तक चल सकती है। राजनीति में शून्य (वैक्यूम) तो होता नहीं। कोई दूसरी पार्टी जगह भर देगी। लेकिन अगर कांग्रेस नहीं सुधरी तो उसे 2024 लोकसभा में भी कोई उम्मीद नहीं रखना चाहिए। आधे अधूरे मन से राजनीति करने का अब समय नहीं है। यह सोनिया गांधी और वाजपेयी के दौर में चल गया। अब मोदी का समय है। कठिन समय। अव्यवस्थित, अनुशासनहीन, निजी स्वार्थों में घिरी फौज के सहारे राहुल मोदी के एकछत्र नेतृत्व से नहीं लड़ सकते।

सख्ती करना होगी। सख्त दिखना होगा। अंग्रेजी का मुहावरा है हेड्स विल रोल! सिर लुढ़कते हुए दिखना चाहिए। मतलब शाब्दिक नहीं। मतलब यह है कि गुनाहगार सज़ा पाते हुए दिखना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# इंडिया ब्लॉक में अभी भी है भाजपा से मुकाबले की क्षमता

■ नित्य चक्रवर्ती

राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों के विश्लेषण से पता चलता है कि कांग्रेस ने तीन हिंदी भाषी राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इतना बुरा प्रदर्शन नहीं किया है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया में प्रस्तुत किया जा रहा है। दरअसल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन तीन राज्यों की कुल 65 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2023 के राज्य विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपनी स्थिति में काफी सुधार किया है, हालांकि उम्मीदों से वह अभी भी काफी कम है।

इसका मतलब यह है कि आने वाले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस और उसके सहयोगियों का काम कठिन हो गया है, लेकिन फिर भी यह एक मुकाबले की दौड़ बनी रहेगी, बशर्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन में सहयोगी राजनीतिक पार्टियां राज्य चुनाव परिणामों से सही सबक ले, सुधारात्मक उपाय करे, और व्यापक चुनावी दंगल में कूद पड़े। साथ ही लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने वाले कार्यक्रम के साथ आधारित जन अभियान चलाये।

विपक्षी दलों के लिए अभी समय महत्वपूर्ण है। जैसे कि संकेत मिल रहे हैं, लोकसभा चुनाव इस साल मार्च और अप्रैल में होने की संभावना है। पूरी संभावना है कि घोषणा फरवरी के दूसरे सप्ताह में की जायेगी और मतदान मार्च 2024 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगा। 2019 में, चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी, मतदान 11 अप्रैल को शुरू हुआ और 19 मई को सात चरणों में समाप्त हुआ। परिणाम 23 मई को घोषित किये गये।

> भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व के लिए, 2019 के कार्यक्रम की तुलना में लोकसभा चुनावों को एक महीने पहले करना दो कारकों पर आधारित है। सबसे पहले अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जायेगा। उद्घाटन का संदेश पूरे देश में पहुंचाने के लिए भाजपा और संघ परिवार ने पहले ही बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की घोषणा कर दी है। आरएसएस द्वारा निर्देशित यह अभियान 2024 के लोकसभा चुनावों के अभियान के साथ-साथ देश के दूरदराज के हिस्सों तक अपनी पहुंच बनायेगा।

दूसरा, नरेंद्र मोदी सरकार 2024-25 के लिए अंतरिम बजट फरवरी के पहले सप्ताह में पेश करने वाली है, संभवत: 1 फरवरी को। प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार पर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार प्रस्तावित योजनाओं की संरचना पर काम कर रहे हैं जिनमें लक्षित आबादी के बीच तुरंत प्रभाव डालने की क्षमता हो सकती है। इसलिए हिंदुत्व और कल्याणवाद का यह संयोजन जिसने प्रधानमंत्री और भाजपा को नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों में अच्छा लाभांश दिया है, 2024 के चुनावों में मतदाताओं से अधिकतम समर्थन प्राप्त करने के लिए इसे और अधिक तेज और केंद्रित किया जायेगा।

भाजपा की इस बड़ी चुनौती का सामना करते हुए, इंडिया गठबंधन को बिना समय गंवाये पूरी एकजुट ताकत के साथ महासंग्राम के लिए खुद को तैयार करना होगा। दरअसल, लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने में महज तीन महीने बचे हैं। सीट बंटवारे की व्यवस्था और अभियान कार्यक्रम पर निर्णय लेने के लिए बैठक न करके इंडिया ब्लॉक द्वारा काफी समय बर्बाद किया गया है। राज्य चुनावों के बाद पहली पूर्ण बैठक अब इस महीने के तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है। इस बैठक में चुनावी रणनीति की प्रक्रिया शुरू होनी है ताकि 2024 के चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए सहयोगियों के बीच अधिकतम एकता हासिल की जा सके।

एक बात का ध्यान रखना होगा। वन ऑन वन फॉर्मूला राष्ट्रीय स्तर पर लागू नहीं होता। यह राज्य विशिष्ट होना चाहिए। वहां पहले से ही एक निर्धारित पैटर्न मौजूद है। नवीनतम घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए इसे परिष्कृत किया जाना चाहिए। सीट बंटवारे की बातचीत पहले राज्य स्तर पर शुरू की जानी है लेकिन इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ केंद्रीय कोर टीम की आवश्यकता है क्योंकि राज्य स्तर पर प्रत्येक राजनीतिक दल के नेता को अपनी पार्टी के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखना होगा, इसलिए मतभेद स्वाभाविक होंगे। राज्य इकाइयों को केंद्रीय निर्देश से ही इससे बचा जा सकता है।

सीट बंटवारे के फॉर्मूले की बारीकियों की बात करें तो राज्यों को तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है- पहला, वे राज्य जहां कांग्रेस भाजपा से लड़ने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है, दूसरे, वे राज्य जहां क्षेत्रीय दल मुख्य चुनौती दे सकते हैं, और तीसरा जहां पहले से ही इंडिया गठबंधन की पार्टियों का गठबंधन काम कर रहा है। इसके अलावा, उत्तरपूर्व के राज्यों और जम्मू और कश्मीर भी हैं जो एक अलग श्रेणी के हैं।

जहां तक पहली श्रेणी का संबंध है, कांग्रेस इंडिया गुट में प्रभुत्व वाली पार्टी है। इसलिए, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल, हरियाणा, कर्नाटक, तेलंगाना, ओडिशा में हालिया विधानसभा चुनावों से सबक लेते हुए कांग्रेस मध्य प्रदेश में सपा और राजस्थान में सीपीआई (एम) के साथ कुछ समायोजन के बारे में सोच सकती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में कांग्रेस सीपीआई के साथ कुछ समायोजन कर सकती है। लेकिन यह ध्यान में रखना होगा कि इंडिया गठबंधन की अन्य पार्टियाँ अपने-अपने समर्थन आधार के मामले में इन राज्यों में बहुत छोटी हैं। गैर-कांग्रेसी दलों को अपनी मांगों के मामले में व्यावहारिक होना चाहिए।

ओडिशा में कांग्रेस सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ तालमेल बिठा सकती है। दोनों वाम दलों के साथ यह गठबंधन राज्य में बीजद और भाजपा दोनों से लड़ने में भारतीय गुट के लिए मददगार होगा। ओडिशा में भाजपा फिर से उभरने की संभावना रखती है। यदि संभव हो तो कुछ सीमांत सीटों पर भाजपा को हराने के लिए बीजद के साथ भी समझौता किया जा सकता है।

दूसरी श्रेणी के राज्यों में, बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस भाजपा के लिए निर्विवाद रूप से मुख्य चुनौती है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा राज्य में भाजपा और टीएमसी दोनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस टीएमसी के साथ गठबंधन करेगी या सीपीआई (एम) नेतृत्व वाले फ्रंट के साथ रहेगी। कांग्रेस को इस पर जल्द फैसला करना चाहिए। किसी भी स्थिति में, बंगाल में ममता बनर्जी 2024 के चुनावों में भाजपा की लोकसभा सीटों को 2019 के 18 के आंकड़े से काफी कम करने की स्थिति में हैं।

दिल्ली और पंजाब आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दो राज्य हैं जबकि कांग्रेस इंडिया ब्लॉक की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। पंजाब में भाजपा की हालत खराब है लेकिन दिल्ली में वह फिर से उभर रही है। दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए आप और कांग्रेस का गठबंधन बेहद जरूरी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की सभी सात सीटें मिली थीं।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश में, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव राज्य में भाजपा विरोधी लड़ाई में प्रमुख व्यक्ति हैं, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है। इस बार उत्तर प्रदेश से इंडिया गठबंधन को अपने सांसदों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सपा को अपना एक मोर्चा मिल गया है और वह कांग्रेस द्वारा सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू होने का इंतजार कर रही है। कांग्रेस को जमीन पर अपनी वास्तविक ताकत के आधार पर बातचीत करनी होगी। पार्टी को यह समझाना होगा कि उसे जीत के लिए सपा पर निर्भर रहना होगा। इंडिया ब्लॉक को उत्तर प्रदेश में सफल सीट बंटवारे की व्यवस्था के लिए शरद पवार या नीतीश कुमार जैसे किसी अनुभवी को नियुक्त करना चाहिए। भाजपा ने 2024 चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश से 75 सीटों का लक्ष्य रखा है। इंडिया ब्लॉक को इस आंकड़े को काफी हद तक कम करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि अधिकतम भाजपा विरोधी वोट इंडिया पार्टियों को जायें।

केरल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। वहां भाजपा कमजोर है। केरल से लोकसभा में उसकी एक भी सीट नहीं है। सभी 20 सीटें इंडिया ब्लॉक को मिलेंगी, भले ही किसी भी मोर्चे को मिलें।

तीसरी श्रेणी के लिए, भारत के नेतृत्व वाली पार्टियों के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारें तमिलनाडु, बिहार और झारखंड में काम कर रही हैं। गठबंधन का पैटर्न तय है, केवल मामूली समायोजन किया जा सकता है। बिहार में महागठबंधन को सीपीआई (एमएल) लिबरेशन को कम से कम दो सीटें और सीपीआई को एक सीट देने पर विचार करना होगा। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव दोनों लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को ज्यादा से ज्यादा सीटें दिलाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन पर भरोसा किया जा सकता है। तमिलनाडु और झारखंड दोनों ही राज्यों में सीट बंटवारे को लेकर कोई दिक्कत आने की उम्मीद नहीं है।

चूंकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार का समय कम है, इसलिए इंडिया ब्लॉक को जल्द से जल्द अपने सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक संयुक्त अभियान की संभावना तलाशनी चाहिए। वास्तव में, कांग्रेस को दूसरी भारत जोड़ो यात्रा को इंडिया ब्लॉक की ओर से लोकसभा मतदाताओं के लिए जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाली यात्रा में बदलने के बारे में सोचना चाहिए। जनता में यह धारणा होनी चाहिए कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां एक साथ हैं और एक साथ रहेंगी। एकजुट होकर हम उठते हैं, विभाजित होकर हम गिरते हैं। इसे लोकसभा चुनाव से पहले शेष महीनों के दौरान इंडिया गठबंधन की पार्टियों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

## गुरवाणी विचार

### तुम करो दया मेरे साईं

काम, क्रोध, लोभ, झूठ, निंदा-इन ते आप छड़ावहो।
इह भीतर ते इनको डारहो, आपन निकटि बुलावहो।
अपनी विधि आप जनावहो, हरि जन मंगल गावहो।
बिसर नाही कबहुं हीये ते इह विधि मन माहि पावहो।
गुरु पूरा भेटिओ वडभागी जन नानक कतहि धाहो।

गुरवाणी की यह पंक्तियां सोरठ राग से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 617 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक अर्जुन देवजी समस्त मानवों की तरफ से प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु काम, क्रोध,लोभ, झूठ, निंदा इत्यादि जो बेकार हैं। इन सब से मुझे छुड़ा कर अपने चरणों में ले लेवें। ये पांच विकार हमें अपने वश में करना चाहते हैं और हर वक्त हम पर हावी होते रहते हैं। इनसे पूर्णरूप से तो छुटकारा नहीं पाया जा सकता पर प्रभु कृपा हो जाने पर इन पर काबू पाया जा सकता है और यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष कृपा हो जाए। थोड़े-थोड़े रूप में हमें इन विकारों की भी जरूरत रहती है। अपने और अपने परिवार का उदर-पोषण करने हेतु धन की आवश्यकता होती है इसलिए लोभ और मोह थोड़ी मात्रा में जरूरी है अगर हम बिलकुल शांति से रहना चाहेंगे तो दुनिया हमें जीने नहीं देगी सांप अगर शांत रहे तो लोग पत्थर मार-मार कर अधमरा कर देंगे। इसलिए उसको भी फुंफकारना पड़ता है। अपनी रक्षा करने हेतु इसलिए हमें भी थोड़ी मात्रा में क्रोध की आवश्यकता होती है पर अधिक क्रोध अच्छा नहीं होता। इसलिए प्रभु परमात्मा से प्रार्थना करते रहना चाहिए इन पांचों बटमारों को हम तभी वश में कर पाएंगे जब हम पर प्रभु परमात्मा की कृपा हो जाएगी। इसलिए हमें प्रभु परमात्मा अपना वरदहस्त रख देवें ताकि हम इनसे निजात पा लेवें।

तुम करो दया मेरे साईं,
ऐसी मति दीजै मेरे ठाकुर
सदा सदा तुझ घिआई।

प्रभु परमात्मा अपने भक्तों की स्वयं देखरेख करते रहते हैं और उन्हें प्रेरणा देते रहते हैं कि वे इस तरह साध संगत में जाकर प्रभु सिमरन में मन रमाएं।

अपने सेवक की आपे राखे आपे नाम जपावें।
जै जै कार किरत सेवक की ताहि ताहि उठ धावैं।

इस समस्त संसार की रचना प्रभु परमात्मा ने की है और रचना करने के बाद हर एक में विराजमान रहकर अपनी-अपनी गतिविधि का निरीक्षण करता रहता है। सुनार सोने के गहने बनाने तक या उसके बिकने तक ही उसमें मोह रखता है पर पभु अपनी रचना के अंदर हर वक्त बिराजमान रहता है।

घटि घटि में हरि जी औ बसे संतन कहयो पुकार।

इसलिए हमें चाहिए कि हम हर वक्त उस प्रभु परमात्मा की सिफत सलाह के गीत गाते रहें अर्थात उसकी सिमरन बंदगी में जुड़े रहें पर हमारे बहुत ही अच्छे भाग्य हों तभी हमारे मन की ऐसी स्थिति बन पाएगी। जब हमारे मन से मैं मैं की भावना खत्म हो जाएगी और जो किछ किया सो तूं किया ऐसी स्थिति बन जाएगी तभी हमारा कल्याण हो पाएगा। इसी बात को भक्त कबीर दास जी इस तरह समझा रहे हैं-

कबीर मैं मैं करता तूं हुआ।
मुझमें रहा न मुआ।।
जब आपा परका मिट गया जहां देखां तां तूं।।

इसलिए हमें मानव जीवन पाने का पूर्णरूप से लाभ उठाते हुए सब तरफ से ध्यान हटाकर प्रभु सिमरन में मन लगाए रखना चाहिए। अपना और अपने परिवार का उदर पोषण हेतु कार-विहार भी करना है। पर मन हर वक्त प्रभु परमात्मा से जोड़े रखना है।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### शराब कारोबारी और राज्यसभा सांसद से अकूत संपति मिलना आश्चर्यजनक

भ्रष्टाचार में डूबे और अकूत संपति के मालिक की करतूत देश ने अपनी आंखों से देखी है। तीन सौ करोड़ से ज्यादा के कैश गिन चुके आयकर अधिकारियों को और नकद मिले हैं जिसकी गिनती और आगे चलेगी। प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाना चाहते हैं। भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर तिजोरियां भरने वाले की देश में कमी नहीं है। सरकारी फरमान आते ही टैक्स चोरी की रकम सरकार को लौटानी ही पड़ती है। धीरज साहू ने हलफनामे में अपनी संपति का हवाला देते हुए 34.83 करोड़ रुपए बताया था। जांच एजेंसियों ने इस पर संज्ञान लेकर कई सबूतों के बाद उनके हर जगह रेड कर अकूत संपति पकड़ी है। जिस पार्टी के साथ तालुक है उसने सफाई में एक शब्द नहीं बोला है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद की मोटी रकम पकड़ी गई है उसके बाद कांग्रेस ने धीरज साहू के बारे में एक शब्द तक नहीं बोला है। धीरज साहू कांग्रेस की छत्रछाया में राज्यसभा पहुंच गए। दो नम्बर की अकूत संपति एकत्रित कर टैक्सचोरी करने वाले धीरज साहू को पुलिस संरक्षण की आवश्यकता होने के कारण राज्यसभा सदस्य बने हैं। क्योंकि ऐसे नेता बनकर सरकार से सुरक्षा प्रदान कर लेते हैं। झारखंड में पूजा के यहां से 17 करोड़ की नकदी मिली थी। पार्थ चटर्जी की महिला मित्र के यहां से 50 करोड़ की रकम मिली थी। ये तृणमूल कांग्रेस ममता बनर्जी की पार्टी से जुड़े हुए थे। उनके पास महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जांच एजेंसियों ने बरामद किए थे। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। ये सफाई देकर अपने आप को ईमानदार बताते हैं लेकिन इन लोगों से बेईमान कोई है जो देश में भ्रष्टाचार की वैतरणी पार करने में आगे रहते हैं। कारोबार करने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आयकर नहीं चुकाने वाले को क्या नाम दिया जाए?

### ज्वालामुखी से सूर्य के तापमान को कम करने का उपाय मिला

धरती के तापमान को कम कर जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए हमारे वैज्ञानिक एड़ी चोटी का जोर लगाकर प्रयास में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। सूर्य की गर्मी से धरती को बचाने की पहल करके वैज्ञानिक सिद्धि प्राप्त करने में सफ़ल होते जा रहे है। 2022 से धरती पर 1.26डिग्री तापमान बढ़ने से जीवन दूभर होता जा रहा है। यहां तक पशु-पक्षियों की हालत खराब हो गई थी। गर्मी के कारण पशुजगत की भी हालत बहुत खराब हुई, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वैज्ञानिकों की यह बड़ी सिद्धि की और बढ़ते कदम है। यह सिद्धि दुनिया के ललाट पर लिखने जा रहे हैं। धरती के तापमान को घटाने की खबर पढ़ने-सुनने से तर्कवादी सड़क पर आ जाते हैं लेकिन यह सत्य और मानने योग्य इसलिए है कि यह दुनिया के महान वैज्ञानिकों की सिद्धि है। कदम-कदम पर शोधकर्ताओं द्वारा उपलब्धि हासिल कर सफलता हासिल की है। इस पर वैज्ञानिक स्तर पर बहुत विचार विमर्श हो रहा है। इस पर शोध कार्य चल रहा है। ज्वालामुखी फटने से इसका आइडिया आया था जिससे वैज्ञानिकों ने शोध शुरू कर दी है। इसमें सफलता के करीब हैं। बढ़ते तापमान पर शोधकर्ताओं का विचार है कि 2030 तक धरती का तापमान 2.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने की घटना सामने आई थी। 1815 में घटना घटित हुई थी और दूसरी घटना 1991 की साल में फिलीपाइन्स में बनी थी। ज्वालामुखी फटने के बाद थोड़े समय मे ग्लोबल टेम्परेचर घटा था। ज्वालामुखी विस्फोट होता है तो वायुमंडल में जम जाता है। ज्वालामुखी विस्फोट करके आर्टिफिशियल घुमस पैदा करने में वैज्ञानिक सफल होते दिखाई दे रहे हैं जिससे धरती की गर्मी को कम किया जा सकता है। बढ़ते तापमान से धरती पर जनजीवन पर सीधा असर पड़ता है। दूसरी तरफ अनहोनी की संभावना है। दुनियाभर की प्रजाति अपने-अपने स्तर बदलाव की तरफ बढ़ रही है। विश्व के वैज्ञानिक इस उपलब्धि की तरफ कदम बढ़ा चुके हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार 11 दिसंबर 2023

उल्टा पुल्टा

पिंटू– मम्मी आप तो कहती थीं कि परी उड़ती है फिर अपनी मौसी उड़ती क्यों नहीं?

मम्मी– उसको परी किसने कहा?

पिंटू – डैडी ही उन्हें परी कहकर बुला रहे थे।

मम्मी– तो फिर बेटा आज तेरी मौसी भी उड़ेगी और साथ में तुम्हारे पापा भी...

# जरुरतमंदों को कानूनी सहयोग दें-जस्टिस भादुड़ी

## सालसा में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के कर्मचारियों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बिलासपुर** ,10 दिसंबर (देशबन्धु)। विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आने वाले प्रत्येक जरूरत मंद व्यक्तियों को उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार यथोचित विधिक सहायता, सलाह एवं कानूनी सहयोग प्रदान करने में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी का यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता के साथ सुनकर उन्हें सम्मान पूर्वक विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान करने का प्रयास करें क्योंकि जो व्यक्ति प्राधिकरण में आता है वह निश्चित रूप से आर्थिक एवं अन्य परेशानियों से ग्रसित होता है, एवं एक न्याय की आशा में आता है। उक्त संदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस गौतम भादुड़ी के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन बिलासपुर के सभागार में सालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के वरिष्ठ कर्मचारियों हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम में सदस्य सचिव, सालसा के माध्यम से दिया गया।



सालसा के सदस्य सचिव आनंद प्रकाश वारियाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित समस्त कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण के हमारे कर्मचारी न्याय प्रदान करने के प्रारंभिक आधार स्तम्भ है, जिनके अथक प्रयासों के द्वारा ही हम लक्ष्य को आसानी से उचाईयों तक प्राप्त करते हैं। इसलिये सभी कर्मचारीगण अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से पूर्ण करने का प्रयास करें तथा नालसा एवं सालसा से प्राप्त होने वाले सभी निर्देशों का पालन समय पर पूर्ण करें, सालसा द्वारा चाही गयी जानकारियों को तत्परता से पालन करना भी सुनिश्चित करें। उनके द्वारा कर्मचारियों से छत्तीसगढ़ को भारत का श्रेष्ठतम प्राधिकरण बनाने में का आव्हान किया गया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को आश्वास्त किया कि वे किसी भी समय कोई भी समस्या या परेशानी आये तो सीधे उनसे संपर्क कर सकते है ।सालसा के उप सचिव गिरिश कुमार मंडावी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारीगण अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से करते हुए जिला एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का नाम, समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को विधिक सहायता प्रदान कर रोशन करने का अथक प्रयास करें ।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित शशांक शेखर दुबे विधिक सहायता अधिकारी (से0नि0) ने अपने 37 साल के सेवा का अनुभव साझा करते हुए अपना श्रेष्ठतम योगदान देने को कहा ।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सालसा के नीलेश तिवारी द्वारा स्थापना शाखा से संबंधित, राजेश साहू विनोद तिवारी द्वारा बजट एवं लेखा से संबंधित, शिव शुक्ला द्वारा पीड़ित क्षतिपूर्ति एवं अन्य योजनाओं से संबंधित, सुनील शर्मा द्वारा मीडियेशन संबंधी जानकारी प्रदान की गई ।अवगत हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों में पदस्थ वरिष्ठ कर्मचारियों हेतु दिनांक 09 एवं 10 दिसम्बर, 2023 को सालसा के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से 68 अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

## संपादकीय

### अंदरूनी विवाद जल्दी मिटाये कांग्रेस

*छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी मुख्यमंत्री के रूप में विष्णुदेव साय को बनाकर अपनी सरकार बनाने की तैयारी कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पराजय के कारणों की तलाश के साथ आंतरिक विवादों में उलझी हुई है। हार के बाद इस तरह के परस्पर आरोप-प्रत्यारोप एवं विवाद स्वाभाविक हैं परन्तु देखना होगा कि कांग्रेस कितनी जल्दी इन मतभेदों को मिटाकर एकजुट होती है। ऐसा न हुआ तो इसका असर लोकसभा चुनावों पर पड़ सकता है।*

*7 व 17 नवम्बर को दो चरणों में हुए मतदान के जो नतीज़े 3 दिसम्बर को निकले उनमें भाजपा को अप्रत्याशित लेकिन बड़ी जीत मिली है। उसकी पहली बार 5 के पार (54) सीटों की संख्या पहुंची है, जबकि कांग्रेस की प्रभावशाली विजय की उम्मीद की जा रही थी। सरगुजा व बस्तर में तो उसे बड़ी पराजय मिली ही, उसके 9 मंत्री और अनेक संसदीय सचिव चुनाव हार गये। जैसा कि होता है, पराजित पार्टी के अनेक उम्मीदवार, पदाधिकारी और कार्यकर्ता आरोप लगाते हैं, जिनमें से कुछ सच होते हैं तो कुछ अतिरंजित या फिर पूरी तरह से झूठ। फिर भी, हारे हुए दल और उसके सर्वेसर्वा को ये बातें सुननी ही होती हैं। उनमें से वह कुछ के स्पष्टीकरण देते हैं तो कुछ के उनके पास जवाब नहीं होते। चूंकि चुनावी प्रचार के मामले में कांग्रेस का सारा दारोमदार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर था, तो उन पर असंतुष्टों के हमले स्वाभाविक हैं। बघेल को अपने समर्थकों या पार्टी वालों को जवाब देना ही होगा क्योंकि जीत की स्थिति में श्रेय भी आखिरकार उन्हें ही मिलता। ऐसे में अगर हार का ठीकरा उन पर फोड़ा जाता है तो आश्चर्य नहीं।*

*कांग्रेस की राज्य इकाई के शीर्ष नेतृत्व, सीएम आदि पर आरोपों की बाढ़ सी आई हुई है। एक ओर निवर्तमान सरकार के मंत्री जयसिंह अग्रवाल को शिकायत है कि सरकार के मुखिया के हाथों में सारी ताकत केन्द्रित हो गई थी और प्रशासन पर अफसरों का पूरी तरह से प्रभुत्व था। पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने तो आरोप लगाया है कि उनसे प्रभारी चंदन यादव ने सात लाख रुपये लिये हैं। अगर ये पार्टी के खजाने में जमा हुए हैं तो ठीक है वरना इसकी जांच होनी चाहिये।*

*पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच उठे विवादों से पहले ही कांग्रेस की खासी किरकिरी हो चुकी है। अब बृहस्पत ने सिंहदेव को ही पराजय का जिम्मेदार ठहराया है। उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने अनर्गल बयान न देने और बघेल ने लोकसभा चुनाव की तैयारी करने को कहा है। पार्टी हित में यही होगा कि सभी मतभेद भुलाकर आगे की ओर देखें।*

## सार-संक्षेप

### पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने बैगा आदिवासियों को बांटे गर्म कपड़े



**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। अंचलों में तो कड़ाके की ठण्ड पड़ रही है ग्रामीण लोग अलाव जलाकर ठण्ड से बचने का सहारा ले रहे है। इसी कड़ी में हमारी एनजीओ पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन ने सामाजिक उत्तरदायित्व और सरोकार को ध्यान में रखते हुए बैगा आदिवासी जनजाति बाहुल्य बेलगहना ग्राम बेरमुंडा खरखेनीखोला बैगा आदिवासी लगभग 200 परिवार के 500 जरूरतमंदो लोगों को कंबल, स्वेटर , जैकेट गर्म कपड़ों एवं हर परिवार को 1 किलो गुड़ 1 किलो चना बिस्कुट चॉकलेट खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन अपने जिम्मेदारियों का पालन सतत रूप से करती आई है। जरूरतमंदों तक पहुंच कर उन्हे भोजन, कपड़े और अन्य जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने में पायल एक नया सवेरा फाउंडेशन और फाउंडेशन के सदस्य हमेशा से ही अग्रणी भूमिका निभाते है ।कंबल वितरण अग्रिणी भूमिका अध्यक्ष पायल लाठ, उपाध्यक्ष चंचल सलूजा, शब्द प्रकाश, पूनम अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, संजना केजरीवाल, संदीप करिहार , अनिल बामने, उपस्थित रहे ।कोई भी बड़े कार्य के पीछे बहुत से लोगों का सहयोग जुड़ा होता है हमें इस नेक कार्य के लिए उन सभी का तहे दिल से शुक्रिया इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी दी।

### यातायात पुलिस ने कंट्रोल कमांड सेंटर के माध्यम से सिग्नल पर 36 वाहनों पर कार्रवाई



**बिलासपुर,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। सुरक्षा, अपराध नियंत्रण व संभावित दुर्घटनाओं एवं शहर यातायात व्यवस्था प्रबंध के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक,बिलासपुर के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाई गई ।इस संबंध में (यातायात) डीएसपी संजय साहू ने बताया कि हुंडई चौक, राजेंद्र नगर चौक, प्रताप चौक, कोनी आईटीआई चौक, वैष्णवी विहार रोड, गुंबर पेट्रोल पंप चेकिंग पॉइंट लगाई गई थी। चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से ब्रिथ एनालाइजर मशीन के साथ नशे में वाहन चलाने वालो,बिना नंबर तीन सवारी, गलत तरीके से लिखो नंबर प्लेट, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, कर्कश ध्वनि उत्पन्न करने वाले वाहन एवं संदेहहास्पद वाहन चालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।यातायात की चेकिंग अभियान के अंतर्गतयातायात पुलिस के द्वारा दौरान ?174 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए?62,400/– का चालान काटा गया। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल के माध्यम से शहर के सिग्नल पॉइंट अग्रसेन चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग, नेहरू चौक एवं महामाया चौक में सिंगनल जंप करने में 36 वाहन पर कार्यवाही कर 10,800/– चालान काटा गया।

### राष्ट्रीय काव्य रसिक रत्न सम्मान से सम्मानित हुए कवि अशोक

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय काव्य रसिक मंच सीतापुर, उत्तरप्रदेश के द्वारा 5 दिसंबर को पिता विषय पर ऑनलाइन कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार रसिक और राष्ट्रीय महामंत्री राम रतन श्रीवास राधे-राधे हैं। सम्मेलन में भारत के अन्य राज्यों के कवि एवं कवयित्रियाँ सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में मुंगेली, छत्तीसगढ़ के साहित्यकार, कवि अशोक कुमार यादव जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम इकाई और संस्थापक एवं अध्यक्ष यादव समाज सेवा, कला, संस्कृति एवं साहित्य उन्नयन समिति के द्वारा स्वरचित कविता पिता प्रस्तुत किये। उत्कृष्ट काव्य पाठ करने पर मंच के द्वारा राष्ट्रीय काव्य रसिक र सम्मान से सम्मानित किया

# दिन का तापमान बढ़ेगा, रात में गिरेगा पारा

### आज से ठंडी और शुष्क हवाएं चलने लगी

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। मौसम ने करवट बदल लिया है। तीन दिनों की झड़ी के बाद अब आसमान खुल चुका है। बादलों का झुंड लगभग समाप्त हो चुका है। वातावरण में ठंडक घुलने की तैयारी में है। मौसम विभाग की मानें तो इस सप्ताह ठंड के साथ कोहरा और सुबह हल्के बादलों से सामना होगा। सप्ताह के मध्य और अंत तक बादल पूरी तरह साफ हो जाएगा।

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में आज से ठंडी और शुष्क हवाएं चलने लगी ।इसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है तथा अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बिलासपुर में भी यही स्थिति रहेगी। हालांकि इसके बाद भी परिस्थितयां धीरे-धीरे बदलती जाएगी। रात में तापमान गिरेगा। सर्द हवाएं चल सकती है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है।



वहीं दिन का तापमान बढ़ेगा। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। 11 दिसंबर आसमान से बादल छंटने लगेंगे।

वहीं रात में ठंड 12 दिसंबर दिन का तापमान बढ़ेगा रात में पारा गिरेगा 13 दिसंबर सुबह कोहरा छाया रहेगा दिन का तापमान बढ़ेगा 14 दिसंबर सुबह कोहरा छाया रहेगा, वातावरण में नमी बढ़ेगी 15 दिसंबर मौसम शुष्क रहेगा।

## शहर के स्वंयसेवकों ने पटना में बिखेरा जलवा

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर के पांच स्वंयसेवकों ने पटना में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के मंच पर जमकर जलवा बिखेरा। नृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक कला संस्कृति का किया प्रदर्शन किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों और दर्शकों के समक्ष खूब तालियां बटोरी।

# रेत उत्खनन करते 5 ट्रैक्टर पकड़ाए



**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु) ।खनिज अमला बिलासपुर द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोकथाम हेतु ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया। जिसमे विभाग द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन के कुल 05 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उक्त में दो हाइवा अन्य ज़िलों से परिवहन करते पाये गये अन्य तीन ट्रेक्टर बिलासपुर ज़िले के हैं। उल्लेखनीय है की इसके पूर्व भी विभाग द्वारा ज़िले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के कुल 11 प्रकरण विभिन्न क्षेत्रों में दर्ज़ किए गये हैं। इन सभी वाहनों पर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

# ग्रामीण डाक सेवक संघ की 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल

### 7 सूत्रीय मांग को पूरा कराने करो या मरो का दिया गया नारा

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ बिलासपुर संभाग केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद अब 12 दिसंबर से फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहा है ।बिलासपुर प्रेस क्लब मे पत्रकारों से चर्चा करते हुए कर्मचारी नेता परिमंडल सचिव कामरेड राजेश गुरुद्वान और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कामरेड नारायण चौधरी ने कहा कि चार्टर ऑफ डिमांड काफी पुराना है। आश्वासन पर पहले से ही हमारा केंद्र सरकार को सहयोगात्मक रवैया रहा है लेकिन अब नहीं चलेगा। खाली हाथ रिटायर होना मंजूर नहीं है। संघ की प्रमुख रूप से 7 मांगे हैं जिनमे 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ जोड़कर,दूसरा कमलेश चंद्र कमेटी की सभी सिफारिश को लागू करना जैसे 12,14,36,5 लाख ग्रेजुवेटी 180 दिनों की छुट्टी को आगे बढ़ाना और नगदी भुगतान करना। तीसरा ग्रामीण डाक सेवक की एसडीबीएस में सेवा निर्वहन लाभ तीन फीसदी से बढ़कर 10 फ़ीसदी करने और ग्रामीण डाक सेवक को पेंशन प्रदान करने,चौथा ग्रामीण डाक सेवक के सभी प्रकार की प्रोत्साहन योजना को समाप्त कर जैसे आईपीपीबी,आरपीएलआई, बचत योजना,मनरेगा भुगतान को बंद कर कार्यभार की गणना की जाए ।पांचवा व्यावसायिक लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों को उनके स्वयं के मोबाइल,फेसबुक, इंस्टाग्राम,सोशल मीडिया का पालन करने के लिए बिना उनकी इच्छा एवं जानकारी के विरुद्ध स्वयं के मोबाइल उपकरणों का उत्पीड़न रोका जाए। छठवा समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को लागू कर 5 घंटे का टीआरसीए सभी भेदभाव को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों के समान वार्षिक वेतन वृद्धि सुनिश्चित की जाए। और सातवां शाखा डाकघरों का कार्य बढ़ाने के लिए सभी शाखा डाकघर को लैपटॉप प्रिंटर और ब्रॉडबैंड नेटवर्क प्रदान किया जाए ।उन्होंने कहा ग्रामीण इलाके मे नौकरी करने उच्च शिक्षित युवा डाक सेवक बन रहे हैं लेकिन उनकी मानसिकता 8 घन्टे काम करके सुरक्षित भविष्य बनाने की है ।अगले साल मार्च अप्रेल मे होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले देश के पौने तीन लाख जी डी एस 12 दिसंबर से हड़ताल पर जाने का मन बना चुके है। संगठन ने कहा अबकी बार आश्वासन पर नहीं मानेंगे और करो या मरो का फैसला किया है। लाखों ग्रामीण ग्राहकों तक सीधे पहुंच और विश्वास के बूते ग्रामीण डाक सेवकों ने सात मांगों को पूरा करने जो वक्त सरकार के केंद्रीय वित्त मंत्रालय को दिया हैं वह कल तक पूरा हो जाएगा। इधर अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली है।




# जन्मदिन पर पूरे परिवार ने किया रक्तदान

### कई वर्षों से लालचंदानी परिवार करते आ रहा रक्तदान

### जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मानित

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। एक जन्मदिन ऐसा भी बच्चों के जन्मदिन पर करता है पूरा परिवार रक्तदान

बिलासपुर का लालचंदानी परिवार पिछले कई वर्षों से एक अनूठा उदाहरण पेश करते आ रहे हैं ।जी हां एक ऐसा पुनीत कार्य जिसे करने से खुद को मन का सुकून भी मिलता है और किसी अन्य को जीवनदान भी....हम बात कर रहे हैं सबसे बड़े दान कि रक्तदान की ।गिरीश लालचंदानी , विजय लालचंदानी , मुकेश लालचंदानी , कशिश लालचंदानी , युक्ता लालचंदानी ये नाम हैं एक ही परिवार के उन रक्तवीरो के जो हर साल अपने घर के सदस्यों के जन्मदिन पर रक्तदान करते आ रहे हैं ।आज भी उसी सिलसिले को बरकरार रखते हुवे इस परिवार ने जज़्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक संजय मतलानी से सम्पर्क करके एक साथ रक्तदान करने की इच्छा ज़ाहिर की कोई खास वजह पूछने पर गिरीश लालचंदानी ने बताया कि वो और उनके परिवार के सदस्य हर साल अपने बेटे ईशान लालचंदानी के जन्मदिन पर इसी तरह स्वैच्छिक रक्तदान करते आ रहे हैं ।जज़्बा के संस्थापक संजय मतलानी ने बताया कि उनकी संस्था निरंतर थैलासीमिया पीड़ित बच्चों के लिए काम करती आ रही है , उनके लिए रक्त की व्यवस्था शिविरों इत्यादि के माध्यम से करते आ रहे हैं। आज लालचंदानी परिवार द्वारा दिया गया यह ब्लड भी निशुल्क उन्ही बच्चों को दिलवाया जाएगा ।परिवार में आज एक नए रक्तदाता का नाम भी जुड़ गया युक्ता लालचंदानी , आज उनका पहला रक्तदान था ।शुरू शुरू में सुई का डर बहोत था पर जब एक बार रक्तदान शुरू हुआ फिर डर छू मन्तर हो गया , पहला रक्तदान सभी रक्तदाताओं के लिए अनोखा अनुभव होता है ।युक्ता को पता चला कि उसका ब्लड ग्रुप रेयर ओ नेगेटिव है ।जज़्बा के संस्थापक संजय मतलानी ने पूरे लालचंदानी परिवार को धन्यवाद दिया और सभी को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया ।एकता ब्लड बैंक के सदस्यों ने सभी रक्तदाताओं को सहज महसूस करवाते हुए उनका रक्तदान करवाया ।



## फीस वृद्धि के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,**10 दिसंबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव को विश्वविद्यालय द्वारा अनियमित रूप से बढ़ाई गई छात्रों के परीक्षा फीस को कम करने एवं फार्म भरने की तिथि मे वृद्धि करने के लिए एन.एस.यू.आई.साथियों के साथ सौंपा ज्ञापन। एन एस यू आई छात्रनेता सवितेश ने बताया कि फीस बढ़ने से किस तरह छात्र परेशान हैं, एवं वेबसाइट मे फार्म भरने मे भी बहुत सारी दिक्कतें आ रही है जिससे अभी अधिकांश छात्रों का फार्म भराया नही है।

जिसको लेकर एन एस यू आई के साथियों के साथ कुलसचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। और मांग पूरी नही पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौपने मे मुख्य रुप से डिगेश्वर पटेल, किशोर पटेल, दीपक पटेल, किशोर पटेल (दादू) सवितेश गढ़ेवाल, सूर्या आदि छात्र शामिल रहे।

# माफी की उम्मीद में 81 करोड़ का कर्ज ले बैठे किसान, अब धान बेचकर भरेंगे

## बड़े किसानों की चालाकी धरी की धरी रह गई



**कोरबा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की सरकार फिर से सत्ता में लौटेगी, इसका आंकलन कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों, महिलाओं और परिवहनकर्ताओं के लिये की गई कर्जमाफी की घोषणा के आधार पर खासकर किसानों ने की थी। घोषणा पत्र के पहले से ही इस बात की उम्मीद लगा ली गई थी कि जैसे-तैसे ही सही किसानों के लिए भर-भर कर देने वाली कांग्रेस की सरकार फिर बनेगी और इस उम्मीद में कई बड़े किसानों ने चालाकी दिखाई और कर्ज माफी की आस में जरूरत से ज्यादा कर्ज ले लिया। अब सरकार तो दोबारा नहीं बनी लेकिन कर्ज चुकाने की नौबत ऐसे चालाक किसानों के सामने आ पड़ी है। धान बेचकर कर्ज चुकाया जाएगा। जिले के किसानों ने 81 करोड़ से अधिक का कर्ज सोसायटियों से लिया है।

विधानसभा चुनाव में कौन कितना देगा, इसकी राह ताकते-ताकते जब घोषणा पत्र जारी हुआ तो लोगों की बांछें खिल गईं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में धान का समर्थन मूल्य 3200 रुपए, किसानों का पूरा कर्ज माफ, महिला समूहों का कर्ज माफ, परिवहन व्यवसायियों की कर्ज माफी का ऐलान महत्वपूर्ण रहे, लेकिन मुफ्त की योजना और घोषणा इस बार काम नहीं आ पाई। दूसरी तरफ कर्ज माफी के लाभ की प्रत्याशा में कई किसानों ने चालाकी दिखा दी, अब उनके सामने कर्ज चुकाने का संकट उत्पन्न हो गया है। हालांकि कर्ज लेने का काम बड़े स्तर के किसान ही करते हैं और इस बार कुछ ऐसे भी किसान रहे जो पिछली सरकार में कम कर्ज लेने के कारण इस बात से पछता रहे थे कि ज्यादा कर्ज क्यों नहीं ले लिया। अब ऐसे कुछ किसानों ने जब ज्यादा कर्ज लेकर बाजार में साहूकार की तरह बांट दिया, तब सरकार नहीं बनी और चालाकी धरी की धरी रह गई।

आंकड़ों की बात करें तो कोरबा जिले में संचालित कुल 41 सोसायटियों के अधीन 65 धान उपार्जन केन्द्रों के अंतर्गत आने वाले किसानों ने कुल 81 करोड़ 1 लाख 80 हजार 916 रुपए 87 पैसे का कर्ज लिया है। जिला सहकारी बैंक से भी 3 लाख 81 हजार 651 रुपए का कर्ज मिलाकर कुल 81 करोड़ 56 लाख 2 हजार 568 रुपए के कर्जदार किसान हैं। इसमें सर्वाधिक सिरमिना सोसायटी के अंतर्गत 4 करोड़ 35 लाख 80 हजार 542 रुपए का कर्ज लिया गया है। दूसरे नंबर में भैसमा उपार्जन केन्द्र के अंतर्गत 2 करोड़ 82 लाख 65 हजार 86 रुपए का कर्ज किसानों ने लिया है तो तीसरे स्थान पर कोरबी पोड़ी उपरोड़ा सोसायटी के अंतर्गत किसानों ने 2 करोड़ 68 लाख 92 हजार 5 रुपए का कर्ज लिया है। जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से भी कटघोरा, कोरबी पाली, बरपाली कोरबा, मोरगा के किसानों ने कर्ज लिया है।

इस तरह लिये गए कर्ज की वसूली धान खरीदी के साथ ही शुरू हो गई है। भाजपा शासन आने के बाद अब उसके द्वारा घोषित 3100 रुपए समर्थन मूल्य पर धान बेचने की कवायद शुरू हो गई। दूसरी तरफ सोसायटी से लिए गए 81 करोड़ 1 लाख 80 हजार 916 रुपए 87 पैसे का कर्ज के एवज में 1 दिसंबर तक की स्थिति में 3 करोड़ 37 लाख 2 हजार 610 रुपए की ही वसूली हो सकी है जबकि जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के ऋण की वसूली शून्य है। उपार्जन केन्द्र अखरापाली, बोईदा, कनकी, कुल्हरिया, कुदमुरा, कोरकोमा, चचिया, पिपरिया, कुदुरमाल, मोरगा, चिर्रा, उमरेली में तो 1 दिसंबर तक सोसायटी ऋण की वसूली भी शून्य रही।

### इतने किसानों ने लिया है कर्ज

खरीफ वर्ष 223 के लिए ऋण वितरण के संबंध में 3 सितंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 21 हजार 969 किसानों ने ऋण लिया है। इनमें कोरबा शाखा में 4874, कटघोरा 2749, पोड़ी उपरोड़ा 3188, पाली 27, बरपाली 6625 और दीपका से 1833 किसान शामिल हैं। कुल वितरित ऋण नगद 586.93 लाख, खाद बीज एवं वर्मी के लिए 26.2 लाख रुपए का ऋण शामिल है। उपरोक्त सभी किसानों का 29.31 लाख रुपए का बीमा किया गया है और इस तरह कुल राशि 8157.26 लाख रुपए होती है।

### भाजपा सरकार के बोनस पर नजर

भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनने पर किसानों को 2 साल का बकाया बोनस देने की घोषणा की थी। अब मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होने के साथ 2-3 दिन में नई सरकार का गठन और शपथ भी हो जाएगा। मुख्यमंत्री बनते ही विष्णुदेव साय ने ऐलान कर दिया है कि 25 दिसंबर को किसानों का बकाया बोनस जारी कर दिया जाएगा। अब कर्ज माफी की आस में कर्जदार बने किसानों के लिए बोनस बड़ा सहारा साबित होगा। वर्ष 224 में धान बेचने के लिए कोरबा जिले में कुल पंजीकृत 5912 किसान हैं जबकि पिछले साल यह संख्या 45158 थी।

## वैज्ञानिक चेतना के लिए कार्यक्रम आयोजित

कोरबा, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में वैज्ञानिक चेतना के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम अजगरबहार, बेला, पतरापाली आदि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विशेषत- उद्बिलाव संरक्षण हेतु जन सामान्य को विशेष जानकारी प्रदान की जा रही है जिसके माध्यम से इस रहस्यमय जीव के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकें।

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के कार्यकर्ता लोकेश, राज चौहान, रघु सिंह, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा कोरबा इकाई के सेक्रेटरी दिनेश कुमार, सह सचिव वेद व्रत उपाध्याय, सदस्य सुमित सिंह एवं निधि सिंह द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। ग्राम पतरापाली में के एन कॉलेज के छात्रों को वनमंडलाअधिकारी अरविंद पी एम की अनुमति एवं प्राचार्य डॉ.प्रशांत बोपापुरकर की अनुमति के पश्चात जैव विविधता की जानकारी हेतु एक दिवसीय ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। ट्रेकिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों एवं उनके उपयोग, जीव जंतुओं के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। दिनेश कुमार, हिमांशु डोगरे वन अधिकारी द्वारा वृक्षों की पहचान एवं उनके वैज्ञानिक नाम से अवगत कराया गया। दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। पतरापाली रेंज के वन अधिकारियों का विशेष सहयोग मिला।

## सार-संक्षेप

### जमीन ली है तो हर खातेदार को देना ही होगा रोजगार- तुलेश्वर



**कोरबा-दीपका,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की दीपका प्रोजेक्ट के लिए सन् 1986 में जमीन देने वाले ग्रामीण आज पाली-तानाखार के नवनिर्वाचित विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम से भेंट मुलाकात करने उनके निवास पहुंचे। जीत की बधाई देते हुए ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 11 सितंबर से लगातार शांतिपूर्वक धरना आंदोलन कर रहे हैं किन्तु रोजगार के मसले को लेकर इन 3 महीने के आंदोलन में दीपका प्रबंधन द्वारा कोई सार्थक पहल व गंभीरता नहीं दिखाई गई और ना ही निराकरण व समाधान आज पर्यंत किया है।

ग्रामीणों ने विधायक मरकाम को बताया कि 37 साल गुजर गए, मूल खातेदार के वारिसों से एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा नामांकन भरवाया था और इसमें से शेष बचे रोजगार को जिला प्रशासन द्वारा सत्यापन कराया गया था। प्रबंधन के द्वारा रोजगार को रोक कर रखा गया है। ग्रामीणों ने रोजगार के मसले को लेकर विधायक मरकाम से सहयोग व समर्थन की अपेक्षा जाहिर की। श्री मरकाम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि अधिकारी वर्ग अपने जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकते। जमीन ली है तो हर मूल खातेदार के वारिसों को रोजगार देना ही पड़ेगा। मुलाकात के दौरान प्रकाश कोर्राम, संदीप कुमार, रामाधार यादव, बेहतरीन बाई, पूर्व सरपंच बेलटिकरी बुधवारा बाई, अहिल्याबाई, अनूप कुमार, हेमंत नेटी, सागर जायसवाल, विजय, श्याम, दीपक, श्याम, जान सिंह उइके, भागीरथी यादव, रामकुमार, आकाश पटेल, नरेंद्र प्रधान उपस्थित रहे।

### बारिश के कारण भीगे धान, किसानों को अभी राहत नहीं

कोरबा, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। बारिश थमने के साथ ही बादल भी छट गए हैं फिर भी सप्ताह भर फसल कटाई पर असर पड़ेगा। खेत गीला होने से हार्वेस्टर से फसल कटाई नहीं हो पाएगा। किसानों को मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं। इस कारण कटाई में देरी हो रही है। खेत गीला होने से हार्वेस्टर खेत में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। किसानों को अब नुकसान का डर सता रहा है। धान के अलावा सब्जी की फसल लेने किसानों को कीट के प्रकोप की चिन्ता सता रही है। खेतों में नमी आ जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दलहन और तिलहन की फसल लेने वाले किसान को भी नुकसान का डर सता रहा है। वहीं धान खरीदी में तेजी अब सोमवार से ही आएगी। जिले में अभी भी एक लाख से ज्यादा किसान धान नहीं बेच पाए हैं। किसानों के पास अभी डेढ़ माह से ज्यादा का समय बचा हुआ है। किसान भी अच्छी फसल होने से खुश थे, लेकिन पिछले दिनों हुई बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है।

### योग तपस्या कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक लखनलाल



कोरबा, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा के विश्व सद्भावना भवन में राजस्थान माउंट आबू से आए मोटिवेशनल स्पीकर बी.के भगवान द्वारा आयोजित योग तपस्या कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अतिथि कोरबा विधायक लखन लाल देवांगन भी मौजूद रहे। सेवा केंद्र की प्रभारी बी.के रुक्मणी भी उपस्थित रहीं।

योग तपस्या कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि परमपिता परमात्मा और आप सब की असीम कृपा से मुझे चुनाव में जीत प्राप्त हुई है। उन्होंने परमात्मा व संस्था के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां आने से मन की सारी थकावट दूर हो जाती है और ऊर्जा की प्राप्ति होती है। शुरू से ही मेरी यही भावना रही कि निस्वार्थ रूप से लोगों की सेवा करूं, कभी भी मेरे जीवन में किसी के प्रति भी दुर्भावना नहीं रही। बीके भगवान ने अपनी शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि आप समाज के लिए अच्छे कार्य करें इससे आपको सब की दुआएं मिलेंगी और कोरबा में ही नहीं वरन दिल्ली तक अवश्य पहुंचेंगे। बी.के बिंदु ने भी अपने भाव व्यक्त किए। इससे पहले ब्रम्हकुमारियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। विधायक लखन लाल देवांगन को मुकुट साफा पहना कर ईश्वरी उपहार दिया गया। इस अवसर पर प्रियंका वासन, रश्मि शर्मा, डॉ. केसी देवनाथ, एस मूर्ति सहित संस्था से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही।

### समाजों के प्रमुखों का सम्मान करेगी धर्मसेना, 24 को आयोजन

कोरबा, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। धर्म सेना संगठन समाजिक व धार्मिक क्षेत्रों में लगातार सनातन धर्म के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में धर्म सेना की जिला स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में राम जानकी मंदिर बुधवारी में सम्पन्न हुई। बैठक में 24 दिसबंर को जिले के सभी समाज व हिन्दू संगठनों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम निर्धारित किया गया जिसका नाम समाज प्रमुख सम्मान समारोह होगा। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष भोयरा मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष आत्मा नारायण पटेल होंगे। मुख्य वक्ता धर्म सेना के प्रदेश वक्ता आशीष महराज होंगे। यह कार्यक्रम कटघोरा के सांस्कृतिक भवन में होगा जिसमें सभी समाजों को भगवा वस्त्र, श्रीफल,तुलसी पौधा व भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के सभी 41 समाज के प्रमुख व सभी हिंदू संगठन के प्रमुख उपस्थित रहेंगे। धर्मसेना की बैठक दीपक सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा भगवा गमछा पहनाकर उन्हें सम्मनित किया गया। बैठक में बिलासपुर विभाग अध्यक्ष विष्णु पटेल, कोरबा महानगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष घनश्याम राठौड़, जिला महामंत्री नरेश राजपूत, जिला प्रशासनिक प्रमुख सदानंद सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सौरभ साहू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## व्यवसायी के घर से 5 लाख की सनसनीखेज चोरी

**कोरबा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। अज्ञात चोरों ने एक हार्डवेयर व्यवसायी के सूने घर से पौने 4 लाख रुपए नगदी सहित कुल 5 लाख की चोरी को अंजाम दिया है। सिविल लाइन थाना अंतर्गत चोरी की लगातार हो रही छोटी-छोटी वारदातों के मध्य यह एक बड़ी चोरी है। इससे पहले भी एमपी नगर कालोनी में की गई लाखों की चोरी आज तक नहीं सुलझी है जबकि खोजी डॉग बाघा ने अटल आवास क्षेत्र से महत्वपूर्ण सुराग दिए थे।

जानकारी के अनुसार एमआईजी 1/67 में निवासरत रॉकी चौरसिया की रविशंकर शुक्ल नगर में आरके ट्रेडर्स नामक हार्डवेयर की दुकान है। 8-9 दिसंबर की मध्य रात्रि उक्त मकान से 3 लाख 76 हजार युपए नगद सहित जेवरातों, चांदी के 22 सिक्के कुल 5 लाख 1 हजार रुपए की चोरी आलमारी से कर ली गई। रॉकी ने बताया कि उसका एक अन्य मकान दादर रोड स्थित परशुराम नगर में भी है जहां



कुछ दिनों के लिए परिवार सहित रहने के लिए गए थे। इस बीच 9 दिसंबर को दोपहर 12 बजे महाराणाप्रताप नगर वाले मकान में आए तो ताला टूटा हुआ मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सिविल लाइन थाना से पुलिस के आने पर भीतर जाने से आलमारी का सामान बिखरा हुआ मिला और नगदी व जेवरात गायब थे। रॉकी चौरसिया की रिपोर्ट पर धारा 380, 457 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा है।

### मैनेजर के घर सब्जी पहुंचाने गया, 20 मिनट में बाइक पार

जानकारी के अनुसार दीपका थाना अंतर्गत गांधी नगर सिरकी का निवासी केदारनाथ बल्गी परियोजना में कार्यरत है। वह अपने कॉलरी मैनेजर संजय कुमार के घर सब्जी पहुंचाने गया था। 16 नवंबर को मोटरसायकल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक-सीजी 12 बीके 1376 से ड्यूटी जाने के दौरान रात करीब 8 बजे बल्गी क्लब के पास मैनेजर संजय कुमार के घर के सामने मोटरसायकल खड़ी कर लॉक किया और बंगले के अंदर सब्जी पहुंचाने गया। 2 मिनट बाद वापस लौटा तो मौके से मोटरसायकल चोरी हो गई थी। अपने स्तर पर काफी तलाश के बाद केदारनाथ ने बांकीमोंगरा थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। धारा 379 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा है।

## छुरी नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव की सुगबुगाहट

**कोरबा-छुरीकला,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रदेश मे सत्ता परिवर्तन होते ही नगर पंचायत छुरीकला के कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने पार्षद एक बार फिर लामबंद होने लगे हैं। अविश्वास लाने का प्रयास जोर पकड़ रहा है जिसके लिए पार्षद की बैठक कर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है।

नगर पंचायत छुरीकला में चुनाव के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए भारी मशक्कत व विरोध के बाद चयन हुआ। अध्यक्ष चुनाव उपरांत अध्यक्ष व पार्षदों बीच तनातनी शुरू हो गई तथा तालमेल नहीं होने से चुनाव के तीन साल बाद असंतुष्ट पार्षद अध्यक्ष को हटाने के लिए लामबंद हुए। असंतुष्ट पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन 1 अगस्त 2022 को तत्कालीन कलेक्टर संजीव झा को सौपा था। इसके बाद आवेदन ठण्डे बस्ते में चला गया। एक बार फिर उक्त मामले को लेकर पार्षदों द्वारा कलेक्टर को स्मरण पत्र दिया गया। इसके उपरांत कलेक्टर ने उक्त कोई पहल नहीं की तब पार्षदगण छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की शरण लेकर अपील किए। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने आवेदन स्वीकारते हुए 2 दिसम्बर 2022 को कलेक्टर के नाम नोटिस जारी कर पार्षदों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर त्वरित कार्यवाही करने का आदेश दिया परंतु किलेक्टर ने उच्च न्यायालय के आदेश को अमान्य कर अविश्वास प्रस्ताव पर कोई अमल नहीं किया।

## तख्तियां लेकर महिलाओं ने निकाली रैली, नशे से दूर रहने का संदेश

**कोरबा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के सर्वमंगला नगर वार्ड नंबर 54 के बरमपुर में रविवार को सुबह नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्राम समिति और गांव की महिलाओं ने रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया। सर्वमंगला पुलिस सहायता केन्द्र के अंतर्गत आने वाले सर्वमंगला नगर बरमपुर में ग्राम समिति को सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग अवैध रूप से शराब बेचते हैं जिसको रोकना और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह रैली निकाली गई। हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर महिलाओं और ग्राम समिति के सदस्यों ने पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया और लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल रहे।

ग्राम समिति का कहना है कि युवा नशे की लत में पड़कर बिगड़ रहे हैं जिस पर अंकुश लगाना बेहद जरूरी है। इसके लिए ग्राम समिति ने गांव के वरिष्ठजनों और युवाओं के साथ कई बैठकें की जिसके बाद यह निर्णय लिया गया लगातार अभियान चला कर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। इस काम में महिलाएं बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रही हैं, इसके अंतर्गत ग्राम समिति ने सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन को प्रतिबंधित किया है और इसके लिए निगरानी टीम भी बनाई गई है।

## ग्रामीण उपभोक्ता को थमाया 90 हजार का बिल, मनमाना रवैया से त्रस्त

### भाजपा नेता चौरसिया ने व्यवस्था सुधारने की दी चेतावनी



**कोरबा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता अनिल चौरसिया ने उपभोक्ताओं को अत्यधिक बिजली बिल भेजे जाने पर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा है कि सीएसईबी विभाग के अधिकारी मनमानी छोड़कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करें।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के अधिकारी ठेकेदार से मिली भगत कर बिना मीटर रीडिंग किये मीटर उपभोक्ताओं को एवरेज बिल बनाकर अत्यधिक बिल भेज रहे हैं जिसे गरीब उपभोक्ता पटाने में असमर्थ है। रजगामार पंचायत के श्याम नगर निवासी लक्ष्मी प्रसाद पिता फिरतू राम को 90 हजार 930 रुपए का बिजली बिल थमाया गया है जबकि उन्होंने सितंबर माह में बिजली विभाग को 10 हजार रुपए भुगतान किया था। इतना अत्यधिक बिल दिए जाने से उपभोक्ता ने परेशान होकर भाजपा नेता अनिल चौरसिया के घर पहुंच कर समस्या बताई। अनिल चौरसिया ने गंभीरता से लेते हुए आक्रोश जाहिर किया। उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग के अनुरूप सही बिल भेजने की कार्यवाही करें, किसी भी उपभोक्ता को एवरेज बिल ना भेजें। श्री चौरसिया ने कहा कि रीडर के द्वारा बिल कम करवाने के एवज में पैसे की मांग की जाती है जो उचित नहीं है। इस तरह की बातें दोबारा ना हो, इसे ध्यान में रखा जाए। श्री चौरसिया ने कहा कि बिना रीडिंग किये सरकार और उपभोक्ता को चूना लगाने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें अन्यथा भैसमा डिवीजन के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता किसी भी आक्रोश के लिए पूर्ण रूप से जवाबदार होंगे। रजगामार में लगभग 3000 उपभोक्ता हैं जिनमें से 2800 को मीटर बंद बताकर मनचाहा एवरेज बिल प्रदान किया जा रहा है जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन बिजली उपभोक्ताओं को हो रही समस्या से निजात दिलाए अन्यथा सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## फत्तेगंज में एनएसएस शिविर, जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**कोरबा,** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा प्राचार्य डॉ.साधना खरे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में ग्राम फत्तेगंज में 7 दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिवस विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। परियोजना कार्य में हाई स्कूल के परिसर की सफाई, तालाब के पचरी की साफ-सफाई, फत्तेगंज मार्केट की सफाई, स्कूल की बाउंड्री का नवनिर्माण कार्य किया। सामुदायिक स्वास्थ्य करतला के डॉ.शिवकुमार मांझी, डॉ.कृष्णा साहू द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर शिविरार्थियों, ग्रामीण जनों का हिमोग्लोबिन, रक्त जांच, सिकलिंग, टीएलसी, डीएलसी, ईएसआर इत्यादि की जांच कर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने स्वस्थ रहने के तरीके, आयरन



रिच फूड्स खाने और शारीरिक श्रम की महत्ता बतायी। बौद्धिक सत्र में डॉ.संदीप शुक्ला, सुशील कुमार गुप्ता, रमेश कुमार मौर्य, श्याम सुंदर तिवारी, शुभम ढोरिया सभी अतिथियों ने कहा कि शांतिपूर्ण समाज के लिए नशा अभिशाप है, इसका त्याग करें। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बी.एल.साय ने किया। आयोजन में अजय कुमार पटेल, सरपंच श्रीमती शरण कुंवर राठिया, उपसरपंच दिलेश्वर यादव, शिक्षक आर.के.राठौर, आर.एल.सारथी, डी.के.साहू, सीताराम राठौर, नारायण सिंह कंवर, महाविद्यालय के अतिथि व्याख्यता डॉ.आशा आज़ाद, श्रद्धा सिंह, पुष्पा वस्त्रकार, चंचल साहू, सुमित्रा कर्ष, उमेश्वरी पटेल, धीरेन्द्री राठिया, रविकांत, सूरज कुमार पटेल, वीरेंद्र श्रीवास, मोहम्मद नदीम, अरविंद कश्यप, कुंदन कर्ष, देवेंद्र गिरी गोस्वामी, वीरेंद्र कुमार बिंझवार, कालेश्वर सिंह कंवर, भुनेश्वर सिंह कंवर, लाइब्रेरी ऑफिसर दीपक टेकाम, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल, मधु कंवर, सनत देवांगन सहित स्वयंसेवक दलनायक निखिल, शैलेश्वरी आदि का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को




**अम्बिकापुर** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक संपादन हेतु खंडपीठ की स्थापना की जाती है। कलेक्टर, अपर कलेक्टर, नजूल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संबंधित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी होंगे तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे।

इस नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, धारा 125 दंड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जलकर, संपत्तिकर, सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, भाडा नियंत्रण, आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग, नगर पालिका में वसूली संबंधी प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत सबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण एवं राजस्व न्यायालय खंडपीठों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारें, कब्जे के आधार पर बटवारा, दंड प्रकिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामलें, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।

# अंधे कत्ल का खुलासा, रंजिशवश दो लोगों ने की हत्या

- जांच में जुटी कापू पुलिस ने हत्या में शामिल दो युवकों को लिया हिरासत में
- सोनपुर में युवक की हत्या का किया पर्दाफाश




**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। कापू क्षेत्र के सोनपुर गांव में पिछले दिनों युवक की संदिग्ध लाश मिलने के मामले में जांच उपरांत पुलिस ने हत्या के अपराध में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने रंजिशवश के चलते युवक की कुल्हाडी हत्या कर दी और मामले को छिपाने के लिये बार-बार बयान बदल रहे थे।

बीते 04 दिसंबर को थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनपुर में गांव के संजय प्रधान पिता कार्तिक राम प्रधान (उम्र 32 वर्ष) का शव रक्त रंजित अवस्था में सीसी रोड़ पर औंधे मुंह पड़ा हुआ था। घटना की सूचना थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को प्राप्त होने पर जानकारी से उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी द्वारा शव का निरीक्षण कर ग्रामीणों से पूछताछ किया गया। शव के निरीक्षण पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी धारदार हाथियार से संजय प्रधान के सिर और दाहिने भौंह के उपर प्राण घातक चोट पहुंचाकर हत्या करना प्रतीत होने पर थाना प्रभारी शव का पोस्ट मार्टम कराकर शार्ट पोस्ट मार्टम रिपोर्ट लिया गया जिसमें मृतक संजय प्रधान की मृत्यु को हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध कायम किया गया है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन पर थाना कापू और साइबर सेल की टीम मृतक के वारिसानों से पूछताछ कर संदेहियों की धरपकड़ कर पूछताछ में जुट गई।

घटना को लेकर मृतक के पिता कार्तिक राम प्रधान ने बताया कि 04 दिसंबर की शाम संजय (मृतक) उसकी पत्नी को चिडिया मारने जा रहा हूं कहकर घर से अकेला निकला था। शाम करीब 7.30 बजे लड़का संजय का शव गांव गली सीसी रोड में पड़ा होने की सूचना पर अटल चैंक पर जाकर देखा संजय औधे मुंह पडा हुआ था जिसके सिर और पिछले हिस्से में धारदार हथियार से मारने का निशान था, कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धारदार टंगिया से संजय को मारकर हत्या कर दिया था।

ग्रामीणों से पूछताछ में यह जानकारी मिली कि मृतक संजय प्रधान और उसके चचेरे भाई अशोक प्रधान, भतीजे कुलदीप प्रधान से पुराना झगड़ा विवाद है, दोनों परिवार की बातचीत बंद है। वहीं घटना दिनांक को मृतक संजय प्रधान के साथ गांव के कृष्णा राठिया को साथ देखा गया था। पुलिस टीम ने दोनों संदेही- संजय प्रधान, कृष्णा राठिया समेत 7-8 अन्य संदेहियों से पृथक-पृथक पूछताछ किया गया। संदेही कुलदीप प्रधान घटना से इंकार कर दिनांक को घर में होना कहकर लगातार अपना बयान बदल रहा था। कुलदीप अन्य व्यक्तियों पर हत्या का संदेह व्यक्त करता जिनसे भी पुलिस कडाई से पूछताछ कर अपनी जांच आगे बढ़ा रही थी। इसी बीच कुछ गवाहों ने घटना दिनांक के शाम संजय प्रधान, कृष्णा राठिया और कुलदीप प्रधान को साथ देखना बताये। पुनः कुलदीप प्रधान और कृष्णा राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने मिलकर हत्या करना स्वीकार किया।

आरोपी कृष्णा राठिया ने बताया कि कुलदीप प्रधान के चाचा अशोक प्रधान और संजय प्रधान के बीच पूर्व से झगड़ा विवाद था। कुलदीप बोला कि संजय से दोस्ती है तुम्हारे घर संजय का आना जाना है। मौका देखकर उसे जान से मार दो जिसके लिए तुम्हें 10,000 दूंगा। पैसे के लालच में संजय की हत्या के लिये तैयार हो गया। आरोपी कृष्णा ने आगे बताया कि 4 दिसंबर को संजय के साथ खूब नशा किया था। शाम को दोनों कृष्णा के घर आंगन में बैठे थे। उसी समय कुलदीप आया, कुलदीप के साथ संजय को मारने के लिए टांगी लेकर दोनों दौड़ाये। संजय भागते हुए गांव के सीसी रोड़ की ओर आ गया। तब उसे कृष्णा राठिया सीसी रोड में टांगिया के धार वाले हिस्से से सिर पीछे ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिया। आरोपी कृष्णा राठिया के मेमोरेंडम कथन पर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त कर बरामद किया गया है। आरोपी कृष्णा राठिया पिता रंजीत राठिया उम्र 35 साल, कुलदीप प्रधान पिता सव. राम कुमार प्रधान 20 साल दोनों निवासी ग्राम सोनपुर थाना कापू जिला रायगढ़ को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर कल न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### आचार संहिता हटते ही शहर में भू-माफिया हुए सक्रिय



**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव संपन्न होनें के बाद आचार संहिता हटते ही शहर के भू-माफिया एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं और सरकारी जमीन को निगलने की कवायद शुरू कर दी गई है। ताजा जानकारी के अनुसार मेडिकल कालेज रोड पर कोटवारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की जानकारी सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार प्राची विहार रोड में कोटवारी भूमि पर मेडिकल कालेज के किसी स्टाफ पटेल के द्वारा दिनदहाड़े बड़ा और अवैध निर्माण कराया जा रहा है। इसने कई बार निर्माण सामग्री को सड़क में गिरा कर रोड बाधित किया है। इसे लेकर मुहल्ले वालों में गहरी नाराजगी है। मुहल्ले वासियों ने इस बात की सुचना तहसीलदार रायगढ़ को देते हुए तत्काल अवैध निर्माण कार्य रोकने की मांग की है।

# ट्रेलर पेड से टकराई, हेल्पर की मौत

**तमनार क्षेत्र के लिबरा के पास हुआ सडक हादसा**

**जिले में सड़क हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी, शराब पीने वाले वाहन चालक हुए बेलगाम**




**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी क्रम में औद्योगिक क्षेत्र तमनार से बीती रात अनियंत्रित टेलर के पेड़ में टकरा जाने की घटना में हेल्पर की मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, तमनार क्षेत्र के डोंगामहुआ कोयला खदान से लगे लिबरा गांव में यह घटना घटित हुई है। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी की टक्कर के बाद ट्रेलर चालक और हेल्पर गाड़ी की केबिन में चिपक गए थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 और पुलिस की टीम ने काफी मशक्कत के बाद घायल चालक और हेल्पर को केबिन से निकाली। ग्रामीणों के अनुसार हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे पुलिस ने अस्पताल भेजवाया।

तमनार थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने मृतक हेल्पर का नाम चंदन यादव पिता हरिहर यादव उम्र 27 साल निवासी हेनहे थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड और घायल चालक का नाम संतोष कुमार पिता सुरेश यादव उमर 25 साल निवासी हेनहे थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड होना बताया है। बेहतर उपचार हेतु घायल चालक को मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ रिफर किया गया है।

सड़क हादसे के अधिकतर मामलों में देखा जाता है कि हादसे की वजह नशा और लापरवाही बनती है। हैवी वाहन चालक अक्सर नशे में रहकर फर्राटे भर रहे हैं, और यही नशा जब अधिक हो जा रहा है तो नाश का कारण बन रहा है।

रात होते ही अधिकतर वाहन चालक शराब का सेवन कर गाड़ियां चल रहे हैं, जिस वजह से हादसे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिस पर पुलिस और प्रशासन अंकुश लगा सकती हैं। कुछ दिनों पहले सघन जांच अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही भी हुई थी, लेकिन पुछल्ले कार्रवाई के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री बनने पर शहर में हुई जमकर आतिश बाजी



**सारंगढ़** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के भारत माता चौक में भाजपा के द्वारा पूर्व सांसद, केंद्रीय मंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर भारत माता चौक में जबर्दस्त आतिशबाजी की गई। इस दौरान जगन्नाथ केसरवानी, जुगल किशोर केसरवानी, अमित अग्रवाल, निखिल केसरवानी, केराबाई मनहर, सारधन चौहान, मनोज जायसवाल, जीवन रात्रे, पवन देवांगन, चिंता साहू, शिवम चंद्रा, मयूरेश केशरवानी, मनोज मिश्रा, राजा गुप्ता, गणेश महाजन, सोना यादव पूर्व पार्षद, जुली ठाकुर, संगीत ठाकुर, नैना केसरवानी, सत्या कहार, चंद्रिका ठाकुर के साथ ही साथ वरिष्ठ भाजपा नेता और भाजपा नेत्री उक्त कार्यक्रम में भाजपा पार्टी के सैकड़ो कार्यकता उपस्थित रहे।

# नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

### लैलूंगा पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में भेजा रिमांड पर



**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। कल लैलूंगा पुलिस ने नाबालिग बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले आरोपी सूरज महंत निवासी ग्राम गारे थाना तमनार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

बालिका के परिजन द्वारा 2 अगस्त को थाना लैलूंगा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया और वे बताए कि उनकी नाबालिक लड़की 1 अगस्त को स्कूल जाने के लिए सुबह घर से निकली और शाम तक वापस नहीं आई जिसे अपने स्तर पर पता तलाश किये पर बालिका नहीं मिली। बालिका के सहेलियां में पता करने पर जानकारी मिला कि बालिका सूरज महंत निवासी ग्राम गारे के साथ बातचीत करती थी। इस पर सूरज महंत के घर भी पता किये सूरज महंत घर पर नहीं मिला, परिजनों ने शंका जताई कि सूरज महंत ही बालिका को कहीं भगाकर ले गया है। थाना लैलूंगा में आरोपी सूरज महंत पर धारा 363, 366 भादवि एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर बालिका एवं आरोपी की पतासाजी, विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। घटना के बाद से ही आरोपी सूरज महंत गिरफ्तारी से बचने फरार था, पुलिस आरोपी पर मुखबीर लगाये हुये थी। महिला संबंधी अपराधों में 60 दिवस के भीतर चालान पेश किए जाने की समयसीमा में लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी सूरज महंत के विरुद्ध धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत चालान न्यायालय पेश किया गया था। आरोपी लुक छिपकर अग्रिम जमानत के लिए प्रयासरत था। थाना प्रभारी लैलूंगा मोहन भारद्वाज न्यायालय में जमानत विरोध प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिससे आरोपी को अग्रिम जमानत का लाभ नहीं मिल पाया और आरोपी पुलिस के बढ़ते दबाव पर सरेण्डर की स्थिति में था। कल लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# बाइक बेचने ग्राहक तलाश रहे दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

**आरोपियों से चोरी की 3 मोटर सायकल, टीवी, सीपीयू, नये रेडीमेड कपड़े बरामद**



**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। चोरी की बाईक बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश रहे दो शातिर चोरों को चक्रधर नगर पुलिस ने अपने हत्थे चढ़ाया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की तीन मोटर सायकल सहित कई सामान भी जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को मुखबिर से सूचना मिला कि चक्रधरनगर चैक पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक की तलाश में है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों संदेहियों को तलब किये, पूछताछ पर एक ने अपना नाम सुनील देवांगन उर्फ सुशील निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चक्रधरनगर और दूसरे ने रोशन शर्मा उर्फ मुसद्दी निवासी बड़बिल (उड़ीसा) का रहने वाला बताया। दोनों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीक होने पर उनसे हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उन्होंने शहर में मोटरसाइकिल तथा टीवी, कंप्यूटर, कपड़े आदि की चोरी करना बताये।

आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिनका विस्तृत मेमोरेंडम कथन लिया गया और आरोपी सुनील देवांगन उर्फ सुशील के घर दबिश देकर आरोपी के मेमोरेंडम पर गवाहों के समक्ष - दो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सीजी 13 ए 2630 एवं सीजी 13 ए.डी. 0157, एक 21 इंच सैमसंग कंपनी का टीवी, एक सीपीयू, 20 नग नये शर्ट एवं 7 नग फुल पैंट बरामद कर विधिवत जप्ती की गई। वहीं आरोपी रोशन शर्मा उर्फ मुसद्दी के निशांदेही पर आरोपियों द्वारा मरीन ड्राइव रोड किनारे छुपा कर रखा एक बिना नंबर मोटरसाइकिल बजाज प्लैटिना बरामद किया गया है। आरोपियों से जप्त चोरी की मसरूका के संबंध में थाना चक्रधरनगर में आरोपियों पर धारा 41(1,4) 379,34 के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपी सुनील देवांगन उर्फ सुशील पिता स्वर्गीय गंगाराम देवांगन उम्र 30 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़, रोशन शर्मा उर्फ मुसद्दी पिता राजेंद्र शर्मा उम्र 32 साल निवासी पुराना बस स्टैंड सेडैंग, थाना व जिला बड़बिल (उड़ीसा) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी

**अम्बिकापुर** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें ऐसे मतदाता, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया अथवा उनके बारे में दर्ज जानकारी गलत हो, एपिक कार्ड होने के बाद भी विधान सभा निर्वाचन हेतु उपलब्ध मतदाता सूची में नाम नहीं था या त्रुटिवश कट गया था। इसी प्रकार स्थान परिवर्तन, पता परिवर्तन, फोटो में सुधार आदि कराया जाना था परंतु नहीं हो पाया हो, उन्हें पुनः आवेदन करने हेतु सूचना जारी की गई है। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही माध्यम से किया जा सकता है। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारिणी अनुसार एकीकृत फोटो युक्त मतदाता सूची के प्रारुप का प्रकाशन के बाद 06 जनवरी से 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्ति भरने की तिथि निर्धारित की गई।

# तालाबों की हो रही सफाई, केलो को भी प्रदूषण मुक्त करने उठी मांग

**निगम अमले ने केलो सफाई अभियान का किया आगाज**



**रायगढ़** 10 दिसंबर (देशबन्धु)। एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की ओर से जलप्रदूषण को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे उसी के तहत निगम प्रशासन द्वारा केलो नदी मे मूर्ति विसर्जन पर रोक लगा दी गई है। ताकि नदी को जलप्रदुषण से मुक्त किया जा सके। इसी क्रम में निगम प्रशासन के द्वारा केलो नदी के किनारे से साफ-सफाई कर दस टेऊक्टर से अधिक कचरा निकाला गया है। केलो नदी को प्रदूषण मुक्त करने शहरवासी लंबे समय से मांग करते आ रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल वार्ड 47 विजयपुर तालाब से जेसीबी द्वारा मूर्तियों को निकाला गया है विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के समय मूर्ति विसर्जन के लिए शहर के अलग अलग जोन मे तालाबो को मूर्ति विसर्जन के लिए चिन्हकित किया गया था। कल विजयपुर स्थित तालाब से विशर्जित मूर्तियों को निकाला गया ताकि तालाब की सफाई बनी रहे।

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चद्रवंशी शहर की सफाई व्यवस्था पर कड़ी निगारानी रखते हुए निगम के हर वार्ड मे सफाई कर्मचारियों को एक्शन मोड मे रहने तथा सफाई मे किसी तरह की कोताही न बरतने निर्देशित किया है।

वही वार्ड क्रमांक 46 उर्दना के मुख्य बस्ती मार्ग के छोटे बड़े नाला नाली की सफाई की गई नाले को स्लैब हटाकर जाम नाली से मलबा को निकाला गया जिससे पानी का बहाव हो सके। उसी तरह वार्ड क्रमांक 17 के बड़े नाला को भी सफाई पानी के बहाव को सुचारु किया गया।

शहर के विभिन्न वार्डो और चैक चैराहो मे डंपिंग पॉइंट एवं अन्य स्थलों से कचरा उठाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। हालांकि निगम प्रशासन की ओर से केलो नदी के किनारों से मलबा निकलवाकर सफाई अभियान की शुरूआत की गई है मगर शहर तथा जिले के लोग इस जीवन दायिनी केलो नदी को पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त करने की मांग कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### अवैध परिवहन के दो मामलों में 119 क्विंटल धान जब्त



**सारंगढ़** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला कलेक्टर डॉ. सिद्दकी के निर्देश पर खाद्य विभाग अब एक्शन मोड पर है,धान के अवैध व्यापार को रोकने कार्यवाही प्रारंभ कर दिया गया है । जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव ने बताया कि - खाद्य विभाग व मंडी के संयुक्त टीम के द्वारा 9 दिसंबर को बांसऊखुली गांव में नारायण प्रसाद साहू आत्मज कलाराम साहू उम्र 45 वर्ष के दुकान से धान 215 कट्टा भरती 40 किलो योग 86 क्विंटल धान जप्त किया गया। मंडी उपनिरीक्षक मनीष सिंह पोर्ते , खाद्य निरीक्षक विद्यानंद पटेल जिला खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव के द्वारा यह कार्यवाही की गई । जिला खाद्य अधिकारी , मंडी अधिकारी फूड इंस्पेक्टर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्थल में 86 क्विंटल धान प्राप्त कर जप्त किया गया । जिसमें मंडी अधिनियम 1972 के तहत कड़ी कार्यवाही एवं 5 गुना मंडी टैक्स देय होगा ।सत्ता परिवर्तन का असर अब सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में भी दिखने लगा है । एक्शन मोड में आए खाद्य विभाग जिनके द्वारा दूसरी सफलता बिलाईगढ़ के पवनी ग्राम में दिखाई दी , जहां धान व्यवसायी / कृषक रामकृष्ण साहू आत्मज मनमोहन साहू जो अपने ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 /0895 से 84 कट्टा धान भरती 40 किलो विक्रय करने के लिए ले जा रहा था । जिसे मंडी और खाद्य विभाग की टीम के द्वारा जप्त किया गया जिसमें मंडी अधिनियम 1972 के तहत कड़ी कार्यवाही व पांच गुना मंडी शुल्क देय होगा ।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन के लिए तिथि निर्धारित

**अम्बिकापुर** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी हैं कि सरगुजा जिले के शासकीय एवं अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय,विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

छात्रवृति हेतु विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन 28 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2023, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 15 दिसम्बर से 20 जनवरी 2024 एवं सेक्शन ऑडर लॉक करने 15 दिसम्बर से 24 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल अथवा सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे।

### तलवार लहराते लोगो को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार




**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्राम कोसा में तलवार लहराते हुए लोगो को भयाक्रांत करने वाले आरोपी को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मुलमुला पुलिस को कल मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम कोसा बाजार पारा प्राथमिक स्कूल के पास सार्वजनिक जगह पर रोहित उर्फ गौरी बर्मन साकिन कोसा अगहापारा द्वारा लोहे का तलवार लहरा कर आने-जाने वाले लोगो को भयभीत कर रहा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे एक लोहे का तलवार बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना मुलमुला में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी रोहित उर्फ गौरी बर्मन विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी मुलमुला एवम थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### जिले में आज से शुरू होगा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम

**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार 11 दिसंबर से कलेक्टोरेट में प्रति सोमवार कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का समय सुबह 10.30 बजे से निर्धारित किया गया है। जिले के आम नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर जनदर्शन में उपस्थित हो सकते है । जिले के आम नागरिक अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर जनदर्शन में उपस्थित हो सकते है।

# ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर खाली करते दो मजदूर दबे, दोनों की मौत

**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। शिवरीनारायण नगर के बिलासपुर रोड में निर्माणाधीन मकान के पास शनिवार की दोपहर ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर को खाली करने के दौरान दो मजदूर दब गए। जेसीबी की मदद से ग्रेनाइट पत्थरों को हटाया गया और मजूदरों को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टीआई अशोक द्विवेदी ने बताया कि नगर के बिलासपुर रोड गायत्री मंदिर के सामने स्थित पुरुषोत्तम शर्मा के निर्माणाधीन मकान के लिए ट्रक में ग्रेनाइट पत्थर आया था।

शनिवार दोपहर एक बजे के करीब तेंदुआ निवासी शरदचंद यादव (43) पिता प्रह्लाद यादव व योगेश यादव (22) पिता संतोष यादव सहित दर्जनभर मजूदर ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर को खाली कर रहे थे। शरदचंद और योगेश सहित चार मजदूर ट्रक के ऊपर चढ़े हुए थे वहीं अन्य मजदूर नीचे खड़े थे। इस दौरान 8 से 10 ग्रेनाइट पत्थर एक साथ गिर गया। ट्रक के ऊपर ही शरदचंद यादव और योगेश यादव पत्थर में दब गए। साथी मजदूरों ने उन्हें निकालने का प्रयास किया। लेकिन पत्थर का वजन अधिक होने की वजह से वे नहीं निकाल सके। जिसके बाद जेसीबी से ग्रेनाइट पत्थरों को हटाकर उन्हें बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद ले जाया गया जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कर स्वजन को सौंप दिया गया। बताया जा रहा है एक पत्थर का वजन करीब 2 क्विंटल का है। इस तरह दस पत्थरों का वजन करीब 20 क्विंटल होता है।



### मकान मालिक ने दी सहायता राशि

मकान मालिक पुरुषोत्तम शर्मा ने संवेदन शीलता दिखाते हुए मृतकों के स्वजन को पच्चीस - पच्चीस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। मृतक शरदचन्द्र यादव की पत्नी व दो बच्चे हैं। वहीं योगेश यादव की अभी शादी नहीं हुई थी।

### ऐसे हुआ हादसा

साथ में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि 12 लोग ट्रक से ग्रेनाइट पत्थरों को उतारने का काम कर रहे थे। ट्रक में 6 फीट ऊंचे व 1 फीट लंबे ग्रेनाइट पत्थर लोड थे। 8 लोग नीचे व 4 लोग ट्रक के ऊपर थे। ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर को खाली कर रहे थे। इसी बीच अचानक 8 से 1 पत्थर एक साथ शरद और योगेश की ओर गिरने लगा जिसे उन्होंने रोकने का प्रयास किया लेकिन पत्थर का वजन अधिक होने के कारण गिर गया और वे दोनों नीचे दब गए। हम सबने ग्रेनाइट पत्थरों को हटाकर उन्हें निकालने का प्रयास किया लेकिन नहीं हटा सके। जेसीबी से पत्थरों को हटाकर उन्हें बाहर निकाला गया। फिर गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री घोषित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर मनाई खुशी



**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और अरुण साव व विजय शर्मा के उप मुख्यमंत्री घोषित होने पर रविवार की शाम जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में जमकर जश्न मना। यहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी मनाई और लोगों का मुँह मीठा कराकर एक-दूसरे को बधाई दी।

नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शिव चमन सिंह की अगुवाई में यहाँ भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पटाखे फोड़े तथा आतिशबाजी की एवं लोगों का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शिव चमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने आदिवासी वर्ग से विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर एक अनुकरणीय पहल की है। भारतीय जनता पार्टी सदैव एक छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देकर उसे कार्य करने का अवसर देती है। नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहज, सरल एवं सौम्य मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद अरुण साव और विजय शर्मा के उप मुख्यमंत्री बनने से पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार सभी वर्ग के सुलझे हुए नेताओं को ऊँचे ओहदे पर बिठाकर एक अनूठी मिसाल पेश की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आने वाला समय विकास का समय है। जो विकास पिछले पांच सालों में अवरुद्ध रहा, वह विकास अब तेजी से होगा। इस दौरान दिनेश राठौर, सोनू यादव, चुन्नीलाल राठौर, मृतुन्जय राठौर सहित भाजपा एवं भाजयुमो के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेक्टर की ट्राली चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

### एक विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया

**जांजगीर,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा पुलिस ने ट्रेक्टर का ट्राली चोरी करने वाले तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं प्रकरण में शामिल एक विधि संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया है। चोरी किए ट्रेक्टर का ट्राली कीमती 45,000 रू बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों से कार क्रमांक सीजी- 07-एमबी -6155 कीमती 02 लाख रुपया,ट्रेक्टर इंजन क्रमांक सीजी-10-एके - 2124 कीमती 2,50,000 रू जुमला कीमती 4,95,000 जब्त किया है। आरोपीयो के विरूद्ध धारा 379, 34 भादवि के तहत की गई कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

मामले पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बलदाऊ प्रसाद दुबे निवासी कोटमीसोनार के द्वारा 03 दिसम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराया है कि इसके पुरानी इस्तेमाली ट्रेक्टर का ट्राली जो बाडी (कोठार) मे खडी की थी जिसे 02-03 दिसम्बर के रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया था। विवेचना के दौरान सूचना मिला की *आरोपी* सोनू खान, जितेन्द्र महार दोनो निवासी दोमुहानी



बुटापारा थाना तोरवा जिला बिलासपुर एवं समेय लाल केंवट साकिन कर्रा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर तथा एक बाल अपचारी द्वारा मिलकर ट्रेक्टर ट्राली को चोरी किया गया है, की सूचना पर उसके सकुनत में रेड कार्यवाही किया जाकर हिरासत में लेकर पूछताछ कर आरोपियों का मेमोरंडम कथन लिया गया जिसमे बताया कि रात्रि में ट्रेक्टर ट्राली को चोरी किए है। आरोपी सोनू खान, जितेन्द्र महार दोनो निवासी दोमुहानी बुटापारा थाना तोरवा जिला बिलासपुर एवम समेय लाल केवट साकिन कर्रा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। तथा प्रकरण में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश उपरान्त बाल संप्रेक्षण गृह कोरबा भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टी.एस. पट्टावी, सउनि बी.पी. खांडेकर, आरक्षक शशीकांत कश्यप, राजेश कश्यप, ओमप्रकाश डहरिया, गुलशन लकडा, अनिल जांगड़े, बृजपाल बर्मन का योगदान रहा।

## रंगाई पुताई का कार्य,ठेकेदार द्वारा की जा रही मात्र खानापूर्ति




**डभरा,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सरकारी भवनों में रंगाई पुताई का कार्य कराया जा रहा है तहसील कार्यालय डभरा एवं एसडीएम आफिस भवन की रंगाई पुताई दीवाल की बिना साफ सफाई का किया जा रहा है, संबंधित ठेकेदार द्वारा मात्र खानापूर्ति की जा रही है। यहां तक कि मजिस्ट्रेट निवास स्थान की सफेद रंगो से पुताई की गई है।

भवन के दीवाल को बिना साफ सफाई एवं पुट्टी किए बिना घटिया स्तर के सफेद रंगो से पुताई कर दी गई है जबकि शासन द्वारा विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च की जाती है परन्तु ठेकेदार द्वारा नियम कायदे को ताक में रख कर भवन की पुताई किया जा रहा है। दिवालो की साफ सफाई एवं पुट्टी तक नहीं किया गया है। सरकारी भवन की रंगाई पुताई के नाम से लाखों रुपए का बंदरबाट हो रहा है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है इसी कारण नियम कायदे को ताक में रखकर भवनों की रंगाई पुताई किया जा रहा है।

## चंगोरी गौठान में दर्जनों गायों की मौत, दिए जांच की आदेश

**अकलतरा,** 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम चंगोरी के गौठान में दर्जनों की संख्या में गायों की मौत हुई है, गौठान अंदर बड़ी संख्या में गायों की मौत को छिपाने जवाबदार आन फानन में मृत गायों को दफनाने की जुगत में लगे थे। इसकी जानकारी एसडीएम अकलतरा को दी उसके बाद मौके पर तहसीलदार अकलतरा, पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर मौके पर पहुंचे है। मौके पर गौरक्षा समिति, बजरंग दल के कार्यकर्ता जांच कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबध में विक्रांत अंचल एसडीएम अकलतरा का कहना है कि मीडिया के द्वारा सूचना प्राप्त हुई है मौके पर तहसीलदार अकलतरा, पशु चिकित्साक एंव जनपद पंचायत से जांच कर कार्यवाही करने निर्देश दिया गया है।



# बेमौसम वर्षा से किसानों को हुआ काफी नुकसान

### 15 हजार 569 किसानों ने ही कराया फसल बीमा

जांजगीर, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। पिछले दिनों हुई बेमौसम वर्षा से किसानों को काफी नुकसान हुआ है मगर इसकी भरपाई बीमा कंपनी से नहीं मिल पाएगी। इस वर्ष जिले में 1 लाख 22 हजार 707 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने पंजीयन कराया है मगर फसल बीमा मात्र 15 हजार 569 किसानों ने ही कराया है। ऐसे में अधिकांश किसानों को फसल नुकसान होने की क्षतिपूर्ति नहीं मिल पाएगी।

जिले में बीमा कराने वाले किसानों की संख्या लगातार कम हो रही है। इसकी वजह यह है कि फसल खराब होने पर



किसानों को इसकी भरपाई सही ढंग से नहीं होती। हालांकि अब फसल नुकसान का आंकलन ग्राम स्तर पर किया जाता है अर्थात किसी गांव में निर्धारित प्रतिशत फसल खराब होने पर ही किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि मिलती है मगर जिले में सिंचाई की सुविधा होने के कारण फसल सूखने की स्थिति नहीं आती लेकिन बेमौसम वर्षा और कीट प्रकोप से किसानों को नुकसान जरूर होता है। इस साल 3 दिन तक वर्षा होने पर किसानों के धान की फसल गिर गई वहीं कटी फसल भीगने से दाने भी झड़ गए और धान का रंग भी काला पड़ गया। ऐसे में खरीदी केंद्रों में उसे बेचने में किसानों को परेशानी होगी। किसान फसल बीमा नहीं कराने के कारण दावा भी नहीं कर सकते। इधर राजस्व पुस्तक परिपत्र के नियमों के अनुसार फसल नुकसान पर किसानों को मुआवजा देने का प्रविधान हैं मगर यह राशि प्रति एकड़ 5 सौ से हजार रूपए होने के कारण इससे नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती। वहीं इसकी प्रक्रिया भी कठिन हैं पटवारी द्वारा सर्वे के बाद रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी जाती है मगर मुआवजा मिलने में बहुत विलंब होता है। वहीं बीमा कंपनी की ओर से फसल नुकसान होने पर किसानों को इसकी क्षतिपूर्ति भी बराबर नहीं मिल पाती। वर्ष 2022-23 में 16 हजार 683 किसानों में से मात्र 498 किसानों को 14 करोड़ 6 लाख 11 हजार रूपए का मुआवजा मिला था जबकि जिन किसानों का फसल नुकसान हुआ था उनकी संख्या अधिक थी।

### घट रही बीमा कराने के प्रति किसानों की रूचि

जिले में फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या लगातार कम हो रही है। वर्ष 221-22 में जिले में 41 हजार 225 किसानों ने फसल बीमा कराया था जबकि वर्ष 222-23 में 16 हजार 683 किसानों ने फसल बीमा कराया। वहीं वर्ष 223-24 में यह संख्या घटकर 15 हजार 569 किसानों तक सिमट गई।

# देश विदेश

## ईरान में मिनी रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण खुरासान प्रांत में एक तेल रिफाइनरी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिससे कई गैस भंडारों में एक साथ विस्फोट हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अर्ध-आधिकारिक तस्नीम समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि स्थानीय समय के अनुसार सुबह 8:45 बजे मिनी-रिफाइनरी के जलाशयों में से एक में आग लग गई। जब अग्निशामक अजरन सनात बरसावा कंपनी की रिफाइनरी में आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, तो यह आसपास के अन्य भंडारों में फैल गई, जिससे उनमें एक साथ विस्फोट हो गया।

# अमेरिका के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर वीटो करने से कई देश निराश

**संयुक्त राष्ट्र,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस मसौदा प्रस्ताव को वीटो करने के बाद कई देशों ने वाशिंगटन के कृत्य पर निराशा और खेद जताया। मसौदा प्रस्ताव में गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग की गई थी।

■ **मसौदा प्रस्ताव में गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग की गई थी**

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जून ने निराशा व्यक्त करते हुए कहा, हम बहुत निराशा और खेद व्यक्त करते हैं कि मसौदे को अमेरिका ने वीटो कर दिया है। झांग ने कहा, दो महीने की लड़ाई में पहले ही अभूतपूर्व मात्रा में मौतें और विनाश हुआ है और तत्काल युद्धविराम सबसे बड़ी शर्त है। संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन के स्थायी पर्यवेक्षक रियाद एच. मंसूर ने बताया कि यह बेहद अफसोसजनक और विनाशकारी है कि परिषद को अपनी जिम्मेदारी निभाने से रोका गया। संयुक्त राष्ट्र में संयुक्त अरब अमीरात के उप स्थायी प्रतिनिधि मोहम्मद अबूशाहब ने इसके परिणाम पर गहरी निराशा व्यक्त की। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक परिणाम उनके देश को परिषद के सदस्यों से कार्रवाई करने और गाजा में हिंसा को समाप्त करने के लिए आग्रह करने से नहीं रोकेगा। संयुक्त राष्ट्र में रूस के पहले उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पोलांस्की ने कहा कि आज का दिन मध्य पूर्व में सबसे काले दिनों में से एक बन जाएगा, क्योंकि अमेरिका ने एक बार फिर युद्धविराम के आह्वान को रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थायी प्रतिनिधि निकोलस डी रिवियेर ने कहा कि उन्होंने मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने कहा कि फ्रांस संकट के सभी पहलुओं पर परिषद को पूरी तरह से सक्रिय करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, चाहे वह सुरक्षा, मानवीय या राजनीतिक हो। संयुक्त राष्ट्र में जापान के स्थायी प्रतिनिधि इशिकाने किमिहिरो ने कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल ने मसौदे के पक्ष में मतदान किया।



## हमास के लोगों ने दक्षिण गाजा में आत्मसमर्पण किया



**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि हमास के दर्जनों लोगों ने दक्षिण गाजा में उसके समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आईडीएफ के सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान हमास के लोगों ने खुलासा किया कि उनके पास आत्मसमर्पण करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था क्योंकि उनके नेतृत्व ने उन्हें छोड़ दिया था। आईएएनएस ने शनिवार को खबर दी थी कि हमास नेता याह्या सिनवार अपनी पहचान छिपाकर एक मानवीय काफिले में उत्तरी दिशा से दक्षिण गाजा भाग गया था। जबल्या और खान यूनिस में नग्न आतंकवादियों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं और आईडीएफ सूत्रों ने संकेत दिया है कि आईडीएफ याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले लोगों से विस्तृत पूछताछ कर रहा है, जिन्हें 7 अक्टूबर के नरसंहार का मास्टर माइंड माना जाता है।

## गाजा पर रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच नेतन्याहू ने पुतिन से बात की



**तेल अवीव।** गाजा में इजरायल-हमास युद्ध को लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की। इजराइली पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री ने पुतिन से करीब पचास मिनट तक बात की। हाल ही में न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में रूसियों ने एक प्रस्ताव का समर्थन किया था, जिसमें गाजा में युद्धविराम और शांति का आह्वान किया गया था, जबकि अमेरिका ने प्रस्ताव पर वीटो कर दिया था और ब्रिटेन मतदान से अनुपस्थित रहा था।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 11 दिसम्बर , 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से अमेरिकी लोकतंत्र को खतरा : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि देश में राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में शामिल पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश में लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। श्री बाइडेन ने लॉस एंजिल्स में एक स्वागत समारोह में कहा, मेरा मानना है कि अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य दांव पर है। वस्तुत:, सब कुछ दांव पर है। मैं स्पष्ट कर दूं।डोनाल्ड ट्रम्प देश के लिए कई खतरा पैदा करते हैं, चुनने के अधिकार से लेकर नागरिक अधिकारों से लेकर मतदान के अधिकार और दुनिया में अमेरिका की स्थिति तक। लेकिन ट्रम्प ने जो सबसे बड़ा खतरा पैदा किया है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए है, क्योंकि अगर हम इसे खो देते हैं, तो हम सब कुछ खो देते हैं। श्री बाइडेन ने सप्ताह की शुरुआत में मैसाचुसेट्स में बोस्टन रिसेप्शन में कहा कि अगर श्री ट्रम्प ने फिर से प्रचार करने का फैसला नहीं किया तो उन्हें यकीन नहीं था कि वह 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेंगे। 'द वॉल स्ट्रीट' जर्नल ने कल एक सर्वेक्षण प्रकाशित किया, जिसके अनुसार 53 प्रतिशत अमेरिकी मतदाताओं ने कहा कि श्री बाइडेन की नीतियों ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से नुकसान पहुंचाया है।

## भारतीय नौसैनिक जहाज 'सुमेधा' केन्या के लामू बंदरगाह पहुंचा



**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अफ्रीका में चल रही लंबी दूरी की तैनाती के एक हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना जहाज सुमेधा केन्या के लामू बदंरगाह पर पहुंचा है। नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से लैस है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह आगमन केन्या में हाल ही में विकसित बंदरगाह पर किसी भी भारतीय नौसेना जहाज द्वारा प्रथम बंदरगाह कॉल का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पोर्ट कॉल के दौरान, दोनों नौसेनाओं के कर्मी पेशेवर बातचीत, डेक दौरे और खेल आदान-प्रदान की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे। इसका उद्देश्य आपसी सहयोग को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना है। यात्रा के हिस्से के रूप में एक संयुक्त योग सत्र, डेक रिसेप्शन, चिकित्सा शिविर और एक समुद्री साझेदारी अभ्यास की योजना बनाई गई है। भारतीय नौसेना जहाज (आईएनएस) सुमेधा भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से विकसित सरयू-श्रेणी की तृतीय श्रेणी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 7 मार्च, 2014 को शुरू किया गया यह जहाज स्वतंत्र रूप से और बेड़े के संचालन के समर्थन में कई भूमिकाओं के लिए तैनात किया गया है। यह जहाज हथियारों और सेंसरों की एक श्रृंखला से सुसज्जित है और बहु-भूमिका वाले हेलीकॉप्टर वहन करने की क्षमता रखता है। यह विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा है और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन कमान के अन्तर्गत कार्य करती है।

■ **नौसेना का यह जहाज आधुनिक हथियारों व उन्नत उपकरणों से है लैस**

भारतीय नौसेना के जहाजों को भारतीय नौसेना के 'मित्रता के संबंध' बनाने और मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के मिशन के हिस्से के रूप में नियमित रूप से समुद्र पार के देशों में तैनात किया जाता है।

## बीएनपी ने मांगों को लेकर 12 दिसंबर से 36 घंटे की नाकेबंदी का ऐलान किया



**11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान**

**ढाका,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव सहित अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए 12 दिसंबर से 11वें दौर की नाकाबंदी का आह्वान किया है। द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बीएनपी के संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने कहा कि नाकाबंदी 12 दिसंबर (मंगलवार) को सुबह 6 बजे शुरू होगी और अगले दिन शाम 6 बजे समाप्त होगी।

नाकाबंदी के दौरान एम्बुलेंस, ऑक्सीजन ले जाने वाले वाहन और प्रेस वाहनों को छूट दी जाएगी। पुलिस के साथ झड़प के दौरान गिरफ्तार किए गए बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रिहा करने, एक गैर-पार्टी अंतरिम सरकार के तहत चुनाव कराने के लिए अवामी लीग सरकार पर दबाव बनाने के लिए नाकाबंदी का आह्वान किया जा रहा है।

रिजवी ने आरोप लगाया कि अवामी लीग सरकार अपने तरीके से चुनाव कराना चाहती है और इसीलिए वह हमारे मानव श्रृंखला कार्यक्रम में बाधा डाल रही है और कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रही है। बीएनपी ने रविवार को मानव श्रृंखला कार्यक्रम बुलाया, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं और राजनीतिक हत्याओं के पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश में चुनाव 7 जनवरी 2024 को होने हैं।

## पेरू में सड़क दुर्घटना में 5 की मौत, 30 घायल

**लीमा,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। पेरू के दक्षिणी प्रांत केयलोमा में शुक्रवार रात एक बस दुर्घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रेयना ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस शुक्रवार की रात स्थानीय समय अनुसार करीब 11:00 बजे चिवे जिले के प्रवेश मार्ग पर पलट गई। पेरू के रेडियो प्रोग्राम्स ने बताया कि वाहन में सवार पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कानूनी प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं।भविष्य की संभावनाओं के बारे में चेतावनी देते हुए, नासा ने बताया कि सितंबर में तापमान वृद्धि 1.7 डिग्री सेल्सियस का स्तर पहले ही छू चुकी है, हालांकि केवल एक छोटी अवधि के लिए, और उस निरंतर आधार पर नहीं जिस पर पेरिस लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिससे अब भी उम्मीद है कि कार्रवाई में तेजी लाकर इस प्रवृत्ति को धीमा किया जा सकता है। और, पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गई थी, यदि मौजूदा नीतियों को जारी रखा जाता है, तो ग्लोबल वार्मिंग तीन डिग्री सेल्सियस तक सीमित होने का अनुमान है।

## आज का इतिहास

1618 – रूस और पौलेंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1687 – ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (अब तमिलनाडु भारत) में नगर निगम बनाया।
1790 – रूस-तुर्की युद्ध (1787-92)= 26,000 तुर्की सैनिकों ने इजैमेल के अलेक्जेंडर सवोरोव के तूफान के दौरान अपना जीवन खो दिया।
1816 – इंडियाना अमेरिका का 19वां राज्य बना।
1845 – प्रथम आंग्ल सिख युद्ध शुरू हुआ।
1911 – मिस्र के उपन्यासकार नजीब महफूज का जन्म। वह साहित्य का नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले अरबी लेखक बने।
1930 – सी वी रमन को भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
1941 – द्वितीय विश्व युद्ध= जर्मनी और इटली ने संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1946 – डॉ? राजेन्द्र प्रसाद भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
1946 – संयुक्त राष्ट द्वारा युनिसेफ की स्थापना की गई।
1967 – पश्चिम भारत में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से 170 लोगों की मौत हुई।
1972 – अपोलो 17 (प्रतीक चिन्ह), अंतिम अपोलो चंद्रमा मिशन, चंद्रमा पर उतरा।
1983 – बँगला देश के मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक मोहम्मद इर्शाद ने स्वयं को राष्ट्रपति घोषित किया।
1994 – राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के आदेश से रूसी सैनिकों ने चेचन्या में प्रवेश किया।
1997 – ग्रीन हाउस गैसों में कमी लाने के लिए क्योटो संधी पर हस्ताक्षर किए गए।
2001 – चीन को विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला।
2013 – भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 2009 के दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को पलट दिया जिसमें सहमति से व्यक्तियों द्वारा समलैंगिक कृत्यों को वैध बनाया गया था।

**बयान** शरीफ ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई

## नवाज शरीफ ने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते सुधारने पर दिया जोर

**लाहौर,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत, अफगानिस्तान और ईरान सहित पड़ोसी देशों के साथ राजनयिक संबंधों को सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि इस्लामाबाद की वैश्विक विश्वसनीयता उन देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों पर निर्भर है, जिनके साथ देश की सीमाएं लगती हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश के पड़ोसी देश उससे नाराज हैं तो वैश्विक मंच पर उसे गंभीरता से लिए जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, अफगानिस्तान और ईरान के साथ संबंधों में सुधार और चीन के साथ संबंधों को मजबूत करना उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) के एजेंडे में है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, 1999 की घटनाओं को याद करते हुए, उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कारगिल युद्ध का विरोध किया था। यह स्पष्ट करते हुए कि कारगिल के दौरान उनका रुख कमजोरी का संकेत नहीं था, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब राष्ट्रीय हित और सुरक्षा के मामलों की बात आती है, तो वे अतीत में विश्व शक्तियों को अस्थिर करने के बावजूद परमाणु परीक्षण करने जैसे कठोर निर्णयों से पीछे नहीं हटे। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेही का सामना करना चाहिए। हालांकि, शुक्रवार को अपने पिछले संबोधन के विपरीत, उन्होंने नाम लेने से परहेज किया।



## पाकिस्तान में पांच आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के टैंक जिले में एक ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों के कब्जे से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक जखीरा भी बरामद किया गया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने आईएसपीआर के हवाले से बताया कि खुफिया आधारित ऑपरेशन अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा के मुल्लाजई इलाके में चलाया गया। इसमें कहा गया है कि आतंकवादी जबरन वसूली और निर्दोष नागरिकों की हत्या सहित कई अपराधों में शामिल थे।

## सुडोकू 6402


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6402




**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6401



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 |
| 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

## दुनिया को जानें

### गाजा की आधी आबादी भूख से मर रही है : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि युद्धरत गाजा की आधी आबादी भूख से मर रही है क्योंकि आवश्यक आपूर्ति का केवल एक भाग ही गाजा पट्टी के अंदर पहुंच पा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम के उप निदेशक कार्ल स्काऊ ने शनिवार को कहा, आवश्यक आपूर्ति का केवल एक अंश ही गाजा पट्टी में प्रवेश कर पा रहा है और 10 में से नौ लोगों को हर रोज खाना नहीं नसीब हो पा रहा है। श्री स्काऊ ने कहा कि गाजा में ऐसी स्थितियां हैं कि वहां आवश्यक सहायता सामग्रियों का पहुंचना 'लगभग असंभव' हो गया है। इजरायल का कहना है कि हमास को खत्म करने और इजरायली बंधकों को घर लाने के लिए उसे गाजा पर हवाई हमले जारी रखने होंगे। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेचट ने कल बीबीसी से कहा, किसी भी नागरिक की मौत और उनकी तकलीख तथा पीड़ा की स्थिति दर्दनाक है, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। हम गाजा पट्टी के अंदर जितना संभव हो सके उतना पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 2.69 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.44 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.67 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.17 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| आईटीसी | 1.95 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.48 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.00 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.73 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.62 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# निवेशकों के लिए कुछ पीएसयू व निजी बैंकों पर भरोसे का समय

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। भारतीय बैंकिंग प्रणाली में विदेशी और सहकारी बैंकों के अलावा 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। पिछले एक साल से अब तक बैंकिंग इंडेक्स ने 9.29 फीसदी का रिटर्न दिया है। दिवाला और दिवालियापन संहिता लागू होने के बाद, भारतीय बैंकिंग प्रणाली की अधिकांश गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों का समाधान हो गया है, या तो इसका भुगतान कर दिया गया है या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) मार्ग के माध्यम से लिया गया है।




यदि हम अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों पर नजर डालें तो सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों और शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों में भारी कमी आई है। भारतीय बैंकों ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के दौरान अच्छी कमाई की, लेकिन प्रदर्शन में धीमी गति देखी गई।

ऋणदाताओं ने क्रेडिट लागत में कमी के कारण साल-दर-साल 33 प्रतिशत की शुद्ध लाभ वृद्धि दर्ज की। जबकि वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही के दौरान बैंकों के लिए ऋण वृद्धि लगभग 15 प्रतिशत योय पर आरामदायक थी, जमा और बैंक ऋण की लागत के पुन: मूल्य निर्धारण के कारण अधिकांश के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट आई। सार्वजनिक और निजी बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में क्रमिक रूप से सुधार हुआ। वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 12 भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का संयुक्त लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 33,643 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 25,684 करोड़ रुपए था। बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 9.67 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 4.62 प्रतिशत हो गया, जबकि शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात वित?तीय वर्ष 24 की दूसरी तीमाही में 1.64 प्रतिशत हो गया, जो वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तीमाही में 2.95 प्रतिशत था।

हमारा मानना है कि गैर-निष्पादित परिसंपत्ति चक्र में कमी आने के साथ, हम अच्छी ऋण वृद्धि देख रहे हैं और मजबूत सरकारी नीति के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक आकर्षक दिख रहे हैं और इन स्तरों से भी अच्छी खरीदारी होनी चाहिए। हम सार्वजनिक क्षेत्र में यूनियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक जैसे कुछ नामों पर उत्साहित हैं, जबकि निजी बैंकों में एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक आशाजनक दिख रहे हैं।

# निवेशकों की नजर भारत, अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़ों पर

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि आगामी सप्ताह में, निवेशकों की नजर भारत और अमेरिका के मुद्रास्फीति डेटा पर रहेगी। भारतीय में महंगाई दर बढ़ने की संभावना है, जबकि अमेरिकी मुद्रास्फीति स्थिर रहेगी। भारतीय औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन में भी विस्तार की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि फेड नीति बैठक के नतीजे बाजार की भावनाओं को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

मजबूत घरेलू जीडीपी विकास दर में बढ़ोतरी के कारण भारतीय बाजार ने सर्वकालिक उच्चतम स्तर हासिल किया। आरबीआई द्वारा दरों को यथास्थिति बनाए रखने के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 के लिए जीडीपी विकास पूर्वानुमान (6.5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत) ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि एसडीएफ और एमडीएफ सुविधाओं को वापस लेने सहित तरलता की कमी को दूर करने के उपायों ने वित्तीय स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डाला है, जिससे सप्ताह के दौरान निफ्टी बैंक में 5 प्रतिशत की बढ़त हुई। मूल्यांकन ठीक होने, त्योहार के सीजन में मांग बढ़ने और आवासीय बिक्री में मजबूत वृद्धि के कारण आईटी, उपभोक्ता, ऑटो और रियल्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आर्थिक परिदृश्य, मजबूत दूसरी



तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण मिड और स्मॉल-कैप ने बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (तकनीकी अनुसंधान) अमोल अठावले ने कहा कि पिछले सप्ताह बेंचमार्क सूचकांकों में शानदार तेजी देखी गई।

निफ्टी 3.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 2,340 अंक से अधिक चढ़ा। लगभग सभी प्रमुख सेक्टोरल सूचकांकों ने सकारात्मक गति दर्ज की, लेकिन ऊर्जा सूचकांक ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए लगभग 8 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। सप्ताह के दौरान, निफ्टी/सेंसेक्स ने 20,200/68,000 के महत्वपूर्ण प्रतिरोध को सफलतापूर्वक पार कर लिया और ब्रेकआउट के बाद इसकी गति तेज हो गई।

# ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट की साझेदारी पर समीक्षा कर रहा यूके नियामक

**लंदन,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन का प्रतिस्पर्धा नियामक हाल के घटनाक्रमों सहित चैटजीपीटी के डेवलपर माइक्रोसॉफ्ट और ओपनएआई के बीच साझेदारी पर गौर करेगा, ताकि यह समझा जा सके कि विलय का यूके में प्रतिस्पर्धा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। प्रतिस्पर्धा और बाजार प्राधिकरण (सीएमए) इस बात की जांच कर रहा है कि क्या ओपनएआई के साथ माइक्रोसॉफ्ट का जुड़ाव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मार्केट को प्रभावित कर सकता है।

मार्केट वॉचडॉग ने एक बयान में कहा, 'इनविटेशन टू कमेंट (आईटीसी) सीएमए की सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया का पहला पार्ट है और फॉर्मल फेज 1 इन्वेस्टिगेशन के किसी भी लॉन्च से पहले आता है।' हाल ही में ओपनएआई के प्रशासन में कई डेवलपमेंट्स हुए हैं, जिनमें से कुछ में माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है। सीएमए अब यह निर्धारित करने के लिए आईटीसी जारी कर रहा है कि क्या हाल के डेवलपमेंट्स सहित माइक्रोसॉफ्ट/ओपनएआई पार्टनरशिप के चलते प्रासंगिक विलय की स्थिति पैदा हुई है, यदि हां, तो प्रतिस्पर्धा पर संभावित प्रभाव पड़ेगा। पिछले महीने, ओपनएआई बोर्ड ने एक नाटकीय कदम में सीईओ सैम ऑल्टमैन को बर्खास्त कर दिया था, बाद में, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला ने उन्हें एडवांस एआई रिसर्च का नेतृत्व करने के लिए नौकरी की पेशकश की। अंत में, ओपनएआई ने पूरी तरह से नए बोर्ड के साथ ऑल्टमैन को शीर्ष पर बहाल कर दिया, इस तरह यह इंटेंस ड्रामा समाप्त हो गया।




इस बात पर अटकलें हैं कि ऑल्टमैन को क्यों हटाया गया, लेकिन कुछ भी ठोस सामने नहीं आया है। नया बोर्ड इसकी समीक्षा कर रहा है। सीएमए के अनुसार, जिस स्पीड से एआई उपयोग बढ़ रहा है वह आर्थिक इतिहास में बेजोड़ है, जबकि पावरफुल फाउंडेशन मॉडल (एफएम) में प्रगति का मतलब है कि यह इस ट्रांसफॉर्मेटिव टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट में एक महत्वपूर्ण क्षण है।

सीएमए ने कहा, 'इनमें से महत्वपूर्ण है एआई डेवलपर्स के बीच निरंतर प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता जो पूरे क्षेत्र में इनोवेशन, ग्रोथ और रिस्पॉन्सिबल प्रैक्टिस को वितरित करने में मदद करेगा, साथ ही साथ डाउनस्ट्रीम एक्टिविटीज की रेंज में एफएम की तैनाती में खुली और प्रभावी प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता है।' सीएमए इस बात की समीक्षा करेगा कि क्या माइक्रोसॉफ्ट-ओपनएआई साझेदारी के चलते नियंत्रण का अधिग्रहण हुआ है, जहां इसके कारण एक पक्ष के पास किसी अन्य इकाई पर भौतिक प्रभाव, वास्तविक नियंत्रण या 50 प्रतिशत से अधिक मतदान अधिकार होते हैं या एक इकाई द्वारा दूसरे पर नियंत्रण की प्रकृति में परिवर्तन होता है। सीएमए में विलय के वरिष्ठ निदेशक सोर्चा ओ कैरोल ने कहा, 'इनविटेशन टू कमेंट सीएमए की सूचना एकत्र करने की प्रक्रिया का पहला पार्ट है और किसी भी फ्रेज 1 की जांच शुरू करने से पहले आता है, जो केवल तभी होगा जब सीएमए को साझेदारी पार्टियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त हो जाएगी।'

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 64`.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से` 1 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 6.1 अरब डॉलर बढ़कर 6 4`.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 597.94 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार,` 1 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5`.8 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 533.6 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 99.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 47.33 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.25 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 5 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.85 अरब डॉलर हो गई।

### ऑनलाइन रिटेलर जुलीली कर रही सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन की प्रतिस्पर्धी और ऑनलाइन रिटेलर जुलीली, जिसकी कीमत कभी 7 बिलियन डॉलर थी, सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कंपनी अमेरिका में परिचालन बंद कर रही है। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट ने राज्य रोजगार सुरक्षा विभाग की एक अधिसूचना के हवाले से बताया, जुलीली 7 फरवरी से सिएटल और वाशिंगटन में अन्य जगहों पर 292 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। गीकवायर के अनुसार, 13 साल पुरानी कंपनी अपने पायनियर स्क्वायर मुख्यालय और अन्य राज्यों में कई अन्य सुविधाओं को भी बंद कर रही है। दोनों राज्यों के नोटिस के अनुसार, नेवादा और ओहायो में गोदामों को बंद करने से 547 अन्य लोगों की छंटनी होगी। लेटेस्ट नौकरी में कटौती जूलीली में छंटनी के पहले कई दौरों के साथ-साथ अक्टूबर में इसके सीईओ टेरी बॉयल के इस्तीफे के बाद हुई है। जुलीली को 2`1` में ऑनलाइन ज्वैलरी रिटेलर ब्लू नाइल के पूर्व अधिकारियों मार्क वाडन और डेरेल कैवेन्स द्वारा लॉन्च किया गया था। 2`13 में, जुलीली के पास 12.6 मिलियन एक्टिव कस्टमर्स थे और उन्होंने 331 मिलियन डॉलर का राजस्व कमाया, जो 2`1` से लगभग 7` प्रतिशत अधिक था। जुलीली 2`13 में एक आईपीओ में पब्लिक हुई, जिसका मूल्य मूल रूप से 2.6 बिलियन डॉलर था, यह आंकड़ा लगभग दोगुना हो गया। 2`14 तक, 1 बिलियन डॉलर की वार्षिक बिक्री पर जुलीली का बाज़ार मूल्य 7 बिलियन डॉलर था। रिपोर्टों के अनुसार, केवल अमेजन और ओल्ड नेवी ने कम समय में अरबों डॉलर के राजस्व का आंकड़ा छुआ।

# फेड रिजर्व के निर्णय और महंगाई आंकड़े तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई, 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े तीन प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह नीतिगत दरों पर फेड रिजर्व के निर्णय और स्थानीय स्तर पर जारी होने वाले महंगाई आंकड़े तय करेंगे। बीते सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत करने के साथ ही महंगाई पर लगाम लगाए रखने के लिए नीतिगत दरों को एक बार फिर से यथावत रखने के निर्णय का भी बाजार पर सकारात्मक असर रहा। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2344.41 अंक अर्थात 3.5 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 69825.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 701.5 अंक यानी 3.5 प्रतिशत की तेजी के




साथ 20969.40 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 704.15 अंक अर्थात 2.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 35290.91 अंक और स्मॉलकैप 538.41 अंक यानी 1.33 प्रतिशत मजबूत होकर 41104.37 अंक हो गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत दरों पर अगले सप्ताह 12-13 दिसंबर को बैठक होने वाली है। बैठक के निर्णयों पर निवेशकों की नजर रहेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह का भी बाजार पर असर रहेगा।

एफआईआई ने इस वर्ष पिछले लगातार तीन महीने अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में जबरदस्त बिकवाली के बाद नवंबर में 5,795.05 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की है। साथ ही दिसंबर में अबतक बाजार में उनका शुद्ध निवेश 10,874.72 करोड़ रुपये का रहा है। एफआईआई अगस्त में 20,620.65 करोड़ रुपये, सितंबर में 26,692.16 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 29,056.61 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे।

इसके अलावा स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह मंगलवार को नवंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई और गुरुवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। बाजार को दिशा देने में इन कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह गुरुवार की गिरावट को छोड़कर चार दिन बाजार ने नये रिकॉर्ड बनाए। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में गिरावट के बीच चार में से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जबरदस्त प्रदर्शन और आर्थिक विकास के मजबूत आंकड़ों से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 1383.93 अंक की उड़ान भरकर 68865.12 अंक और निफ्टी 418.90 अंक की तेजी लेकर 20686.80 अंक पर रहा।

विश्व बाजार की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली थमने से यूटिलिटीज, पावर, सर्विसेज और कमोडिटीज समेत चौदह समूहों में साढ़े छह प्रतिशत की तेजी से मंगलवार को सेंसेक्स 431.02 अंक की छलांग लगाकर 69,296.14 अंक और निफ्टी 168.30 अंक की तेजी के साथ 20,855.10 अंक पर रहा।

अमेरिका और भारत दोनों देशों में महंगाई में कमी और यील्ड में गिरावट से एफआईआई के निवेश में तेजी आने से स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस, कैपिटल गुड्स और ऊर्जा समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 357.59 अंक उछलकर 69,653.73 अंक पर और निफ्टी 82.60 अंक मजबूत होकर 20,937.70 अंक हो गया।

विश्व बाजार की गिरावट के दबाव में

# हुंडई, किआ का संयुक्त निर्यात 2023 में 2 मिलियन के करीब

**सोल,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर और उसकी सहयोगी कंपनी किआ 2023 में 2 मिलियन यूनिट का संयुक्त निर्यात करने के लिए तैयार हैं, जैसा कि रविवार को महामारी के बाद बाजार में सुधार के आंकड़ों से पता चला है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट ने कोरिया ऑटोमोबाइल एंड मोबिलिटी एसोसिएशन के हवाले से कहा, हुंडई और किआ ने जनवरी-अक्टूबर की अवधि में ऑटोमोबाइल की 945,062 और 867,136 संबंधित यूनिट्स भेजीं। आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़ा 2022 में इसी अवधि से 17.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। दोनों कार निर्माताओं द्वारा 180,000 यूनिट्स की मंथली शिपमेंट को ध्यान में रखते हुए, इंडस्ट्री के अधिकारियों का अनुमान है कि 2016 के बाद पहली बार 2023 में उनकी विदेशी बिक्री 2 मिलियन यूनिट से ज्यादा होगी। हुंडई मोटर ग्रुप के एक अधिकारी ने कहा, 'दुनिया भर में पर्यावरण-अनुकूल कारों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए समूह द्वारा घरेलू उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करने के बाद यह वृद्धि हुई है।' आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी-अक्टूबर की अवधि में निर्यात का संयुक्त मूल्य भी 43.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल के 41.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के संयुक्त शिपमेंट को पहले ही पीछे छोड़ चुका है। बेची गई कारों की औसत कीमत 24,000 डॉलर हो गई, जो 2016 में 14,000 डॉलर से 68 प्रतिशत अधिक है।




# सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी, दालें सस्ती

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के कमजोर रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में तेजी रही जबकि अधिकांश दाल-दलहनें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसम्बर वायदा सप्ताहांत पर 103 रिंगिट लुढ़ककर 3630 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.93 सेंट की गिरावट के साथ 51.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सोया रिफाइंड 74 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 13113 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19890 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12454 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11355 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 9866 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।



# इक्विटी बाजारों के लिए व्यक्तिगत ऋण के विरुद्ध आरबीआई का उपाय है समस्याग्रस्त

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (एजेंसियां)। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि शेयर बाजार के नजरिए से चिंता की बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) कर्ज से प्रेरित खपत पर लगाम लगाने के लिए अधिक सीधे कदम उठा रहा है। भारत में सबप्राइम उधारकर्ताओं को ऋण देना अविश्वसनीय रूप से कुशल हो गया है, क्योंकि उधारकर्ताओं को आकर्षित करने और स्क्रीन करने, उनके ऋणों को पूल करने और क्रेडिट जोखिम लेने के लिए जमा लेने वाली संस्था खोजने के लिए नई डिजिटल तकनीकों का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि, खुदरा ऋण, कुल अग्रिमों की दोगुनी गति से बढ़ रहा है, नियंत्रण से बाहर हो सकता है और यह उच्च बेरोजगारी और स्थिर वास्तविक मजदूरी के बीच भविष्य की परेशानी का नुस्खा बन सकता है। हालांकि, इक्विटी बाजारों के लिए, व्यक्तिगत ऋण के खिलाफ केंद्रीय बैंक का विवेकपूर्ण उपाय समस्याग्रस्त है।

भारत इस साल दुनिया का सबसे पसंदीदा उभरता बाजार है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, विदेशियों ने 2023 में अब तक अरबों डॉलर का निवेश किया है, जबकि उन्होंने अधिकांश अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से पैसा खींच लिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार, 2023 और 2024 में 6 प्रतिशत से अधिक की अपेक्षित उच्च आर्थिक वृद्धि देने के मामले में भारत अन्य उभरते बाजारों से अलग खड़ा है। ऐसा उसने मजबूत डॉलर और अमेरिकी ब्याज दरों में 525 आधार अंक की वृद्धि के कारण हुई उथल-पुथल के बीच किया।




एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि घरेलू तरलता पर केंद्रीय बैंक के कड़े नियंत्रण से रुपए को स्थिर रखने में मदद मिली है।

इसके अलावा, अगले साल जून से, भारत को जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के वैश्विक बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जाएगा, एक ऐसा कदम जिससे कम समय में लगभग 24 बिलियन डॉलर आने की उम्मीद है। एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध प्रमुख सुमन चौधरी ने कहा, 'पीएमआई सूचकांकों में नरमी साल की दूसरी छमाही में घरेलू आर्थिक विकास में नरमी की हमारी उम्मीद के अनुरूप है।' एक्यूइट रिसर्च को उम्मीद है कि जारी अल नीनो घटना से प्रेरित कम कृषि उत्पादन और ग्रामीण मांग पर इसके प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 24 की दूसरी छमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर घटकर 5.5 प्रतिशत रह जाएगी। उन्होंने कहा, इसके अलावा बढ़ी हुई ब्याज दरों के प्रसारण और उपभोक्ता ऋणों पर सख्ती से शहरी मांग भी धीमी हो सकती है जो अब तक मजबूत बनी हुई है। फिर भी, उच्च सरकारी व्यय और सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों द्वारा उच्च पूंजी निवेश से विकास को गति मिलेगी और एक्यूइटे ने पूरे वर्ष के लिए अपने पूर्वानुमान को संशोधित कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

# तालाब में डूबने से मासूम की मौत

## रतनपुर के करैहापारा के बेदपारा की घटना



**रतनपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। ऐतिहासिक नगरी रतनपुर के करैहापारा अन्तर्गत बेदपारा मोहल्ले में बेद तालाब पार में तालाब के किनारे बसे राजकुमार धीवर के दो साल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इसी तालाब पार में ऐतिहासिक कबीर आश्रम स्थित है। कबीर आश्रम के भरत दास साहेब ने बताया कि कल रात्रि लगभग 8 बजे परिवार के लोग खाना खा रहे थे।

इस बीच दो साल का उनका लड़का बाहर निकल गया। इस दौराम परिवार के किसी का भी ध्यान बच्चे पर नहीं गया। चलते चलते बच्चा घर से लगे हुए तालाब की ओर चला गया और तालाब में डूब गया।

इस बात की भनक राजकुमार की पत्नी गीता धीवर के साथ उनके अन्य बच्चों को भी नहीं लगी। खाना खाकर जब वे उठे, बच्चे पर उनका ध्यान गया। घर पर पहले उन्होंने लालशा, नहीं मिलने पर आसपास मोहल्ले में पता किया। पर बच्चे का कहीं पता नहीं चला। बाद में घर से लगे हुए अपने खुद के बनाए गए घाट की ओर देखा तब पता चला कि बच्चा पानी में डूबकर मर चुका है। बच्चे को निकालने के बाद मोहल्ले के आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। राजकुमार धीवर को चार पुत्री और दो बेटे थे जिसमें से एक बेटे की मौत हो गई है।

# 4 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। जीआरपी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन में फिर एक गाँजा तस्कर को पकड़ा है, जो ट्रेन के माध्यम अवैध गाँजे को मध्यप्रदेश ले जा रहा था। जिसे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 में रायपुर छोर की ओर से पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी पुलिस मुखबिर की सूचना पर स्टेशन में दबिश दी, जहाँ संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पकड़कर पुलिस ने जब उसके बैग की तलाशी ली थी उसमें से 4 किलो 400 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया है। वही पकड़े गए आरोपी आशुतोष मिश्रा पिता विभूतिनारायण मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी रीवा मध्यप्रदेश को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के धारा 20 बी तहत कार्रवाई की गई है।

# नवाचार करने के लिए एक कदम आगे बढ़कर कार्य करने की जरूरत है- बजाज

## डीपी विप्र महाविद्यालय में साईनेक्स मिलेनियम का प्रारंभ

**बिलासपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तर पर आर्ट्स, कामर्स एवं सांइस का साईनेक्स मिलेनियम का प्रारंभ हुआ, जो निरन्तर तीन दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर मुख्य अतिथि एस.एस. बजाज महानिदेशक, छश्रीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, अध्यक्षता अनुराग शुक्ला, अध्यक्ष प्रशासन समिति, राजकुमार अग्रवाल वरिष्ठ सदस्य प्रशासन समिति, डॉ. अमित दुबे, डॉ. के.सी. राव, वैज्ञानिक छश्रीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) अंजू शुक्ला एवं अविनाश सेठी अध्यक्ष, एल्युमिनी कमेटी डी.पी. विप्र महाविद्यालय उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के निष्ठा एवं समर्पण के भाव से ही इस तरह का सफल कार्यक्रम आयोजित होता है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों का संस्कार के साथ व्यक्तित्व निर्माण किया जाता है। इस वर्ष अंतर महाविद्यालय के लगभग 700 मॉडल तैयार किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लगभग 3000 विद्यार्थियों का सहयोग रहा है। विद्यार्थियों के लिए कहा कि हम कितना भी आगे बढ़ जायें,



हमें अपने संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए। मुख्य अतिथि एस.एस. बजाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अपने मौलिक सोच को मॉडल के रूप में प्रदर्शित करते हैं तो उन्हें यह विचार करना चाहिए कि हम इसमें क्या नवाचार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक कदम आगे बढ़कर सोचने की जरूरत है।उन्होंने अपना सुझाव देते हुआ कहा कि यदि आप नया प्रोडक्ट तैयार करते हैं तो उसका पेंटेंट भी करवाना चाहिए। राजकुमार अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी मॉडल की अनुकृति बनाने के साथ-साथ कुछ सुझाव भी दें, तो वह समाज के लिए लाभदायक सिद्ध होता है। विद्यार्थी अपने कौशल क्षमता बढ़ाते हैं तो अपने ज्ञान का विस्तार भी कर सकते हैं। अनुराग शुक्ला ने साईनेक्स मिलेनियम के सभी प्रतिभागी को बधाई देते हुए उन्हें इस क्षेत्र में आगे और बढ़ने की बात कही। मनीष मिश्रा ने बताया कि लगातार 22 वर्षों से इस कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन हो रहा है, जिसमें सभी का महत्वपूर्ण योगदान है। चिंतन से ही विद्या अर्जित की जाती है, एकाग्रचित्त के साथ ही यह संभव है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा हाण्डा ''सी सार्प डॉट नेट'' की पुस्तक अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एम.एस. तम्बोली एवं आभार प्रदर्शन अखिलेश साहू ने किया।

# सार-संक्षेप

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने किया ठेका प्रभारियों की कार्यशाला



**बिलासपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने कोयला उद्योग में ठेका श्रमिकों की समस्याओं पर विशेष प्रयास करते हुए सभी क्षेत्रों में ठेका प्रभारियों की नियुक्ति की है।भारतीय मजदूर संघ के कोयला उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी के मार्गदर्शन और अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, महामंत्री सुधीर घुर्डे एवं कोयला उद्योग के अखिल भारतीय ठेका प्रभारी दिलीप सतपुथे ने एस ई सी एल मुख्यालय बिलासपुर के सभा भवन में इन ठेका प्रभारियों को एक कार्यशाला आयोजित कर ठेका श्रमिकों के वेतन भत्ते, सामाजिक सुरक्षा के साथ सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए आवश्यक कानूनी और व्यवहारिक जानकारी दिया गया।इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थित ठेका प्रभारियों के सुझावों और समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान के उपाय भी बताऐ गए। कार्यशाला के प्रारंभ में संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता अ. भा. खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर ने और महामंत्री सुधीर घुर्डे ने संचालन किया। कोयला उद्योग के ठेका प्रभारी दिलीप सतपुथे ने उपलब्ध श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए उपस्थित क्षेत्रीय ठेका प्रभारियों से उनके कार्य में आने वाली समस्याओं को भी सुना और आवश्यक सुझाव दिऐ। ऐबीकेएमएस के महामंत्री सुधीर घुर्डे ने बताया कि पूर्व में ही कोल इंडिया चेयरमैन को संगठन की ओर से ठेका श्रमिकों के उत्थान के लिए विस्तृत पत्र लिखा गया है परन्तु प्रबंधन ने कोई सकारात्मक पहल नहीं किया है। उन्होंने आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया है कि आगामी 8,9एवं 10 जनवरी को कालरी मुहानों और लेबर कैंप में गेट मीटिंग कर श्रमिकों का जनजागरण किया जाऐगा तथा दिनांक 11 जनवरी को सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालयों में धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा जाऐगा। कार्यशाला के समापन में संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर ने उपस्थित प्रतिनिधियों से आंदोलन को सफल बनाने के लिए जुट जाने का आह्वान करते हुए आभार प्रदर्शन के साथ कार्यशाला के समापन की घोषणा की।

## बिलासपुर का गौरव यंग साइंटिस्ट -दिव्य वीर सिंह



**बिलासपुर**, 10 दिसंबर (देशबन्धु)। 31 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का राज्य स्तरीय आयोजन 7 एवं 8 दिसंबर को रविशंकर विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ।इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के 31 जिलों से 153 प्रतिभावान कनिष्ठ वैज्ञानिक अपने-अपने प्रोजेक्ट एवं मॉडल के साथ सम्मिलित हुए।इनोवेटिव आइडिया, जलवायु ,वातावरण, सामाजिक जागरूकता सहित अनेक वैज्ञानिक विचारों के आदान-प्रदान का यह मंच राज्य के बच्चों को तर्क एवं प्रस्तुति के साथ अनुभवी बनता है, योग्य बनाता है ।

इस सम्मेलन में बिलासपुर से कुल 5 बच्चे चयनित किए गए थे ,जिन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना प्रोजेक्ट और मॉडल प्रदर्शित करने का मौका मिला।अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ लर्नर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल बिलासपुर के कक्षा पांचवी के छात्र दिव्य वीर सिंह पिता दिलीप सिंह ने राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।यह होनहार बालक पिछले साल राष्ट्रीय उद्योग मेला बिलासपुर में ए स्मार्ट हेलमेट बनाकर आकर्षण का केंद्र बना था ।गाइड टीचर के रूप में रीता मौर्य ने दिव्य वीर का मार्गदर्शन किया।शाला प्राचार्या निवेदिता सोम ने बालक को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए बधाई दी और आगामी प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया।राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ से 10 सीनियर एवं 6 जूनियर बाल वैज्ञानिक भाग लेंगे इसकी जानकारी जिला समन्वयक डॉक्टर अनिल तिवारी, जिला एकेडमिक समन्वयक सुशील पटेल,रितु उपाध्याय ने दी।।

# लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर**,10 दिसंबर (देशबन्धु)। लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले दो आरोपियो को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही इस मामले का एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी पुरूषोत्तम केंवट पिता अंतराम केवट उम्र 42 वर्ष साकिन ग्राम ओखर थाना पचपेढी जिला बिलासपुर ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनॉक 27.11.2023 को देवरिया उत्तरप्रदेश से पॉच लाख रूपये लेकर बिलासपुर आया था। पुराना बस स्टैण्ड के पास अपने ग्राम पचपेडी जाने के लिए साधन देख रहा था उसी समय कार मे सवार तीन अज्ञात व्यक्तियो द्वारा प्रार्थी को पचपेडी छोडने की बात कहते हुए अपने साथ कार में बैठा लिए और रास्ते में प्रार्थी के साथ मारपीट कर 5,00,000 रूपये लूट कर चले गये।प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मे अज्ञात आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 549/2023 धारा 394 भादवि पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह



द्वारा प्रकरण के आरोपियो को तत्तकाल गिरफ्तार करने निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की पता तलाश की गई।आरोपी मन्नू सिंह रात्रे पिता सुखदेव सिंह रात्रे उम्र 38 वर्ष साकिन भाठापारा ग्राम गिध्धा जिला जॉजगीर चॉपा (छ.ग.) से 1,29,000 रूपये एवं आरोपी नागमणी पटेल पिता हरिराम पटेल उम्र 21 वर्ष साकिन ग्राम बरेली थाना गिधौरी जिला बलौदा बाजार (छ.ग.) से 43,000 रूपये जुमला रकम 1,72,000 रूपये बरामद किया गया। आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के एक अन्य आरोपी मिथलेष अहिरवार पिता राजेन्द्र अहिरवार उम्र 35 साल साकिन बड़पार दमोह हाल निवासी गाजियाबाद उत्तरप्रदेश घटना दिनांक से फरार है जिसकी पता तलाश जारी है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक उत्तम साहू, उनि चंदन सिंह मरकाम, प्र.आर. विजय शर्मा, आर. दीपक केरकेट्टा ,आर. प्रेम सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

# मोदी ने कर दिया कमाल 12 वेतन समझौता बिना हड़ताल

## पांच दिनों की बैंकिग भी अब ज्यादा दूर नहीं

**बिलासपुर**, 10 दिसम्बर (देशबन्धु)। शास्त्री अवार्ड से लेकर अब तक देश के दस लाख बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों के 11वेतन समझौते दो तीन सालों की लंबी लड़ाई 8 से 10 हड़तालों के बाद ही मूर्त रूप ले पाते थे। पिछला वेतन समझौता 2 प्रतिशत वृद्वि से शुरु होकर 3 साल के विरोध प्रदर्शन पर 15 प्रतिशत में जाकर निश्चित हुआ था। 1 नवंबर 2022 से देय 12वे वेतन समझौते में आईबीए द्वारा पहली ही बैठक में 15प्रतिशत, दूसरी बैठक में 16प्रतिशत तथा मुंबई में तीसरी ही बैठक में 17प्रतिशत ऑफर कर बिना किसी हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के यूएफबीयू के साथ 12वे वेतन समझौते के एमओयू साइन करने में सफलता पाई हैं। इसके अनुसार 31 अक्टूबर 2022 के बेसिक पे पर डी ए मर्ज कर उसमें 3प्रतिशत की बढ़ोतरी कर नई बैसिक पे निर्धारित की जाएगी। शेष वितरण 180 दिनों के अंदर कर लागू कर दिया जाएगा। बैंकिंग इतिहास में पहली बार बिना किसी धरना प्रदर्शन या हड़ताल के वेतन समझौता हो जाना, अपने आप मे एक चमत्कार से कम नही हैं।

ज्ञात हो कि वैश्विक मानकों के अनुरूप समानता हेतु यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा लंबे समय से पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग की जा रही हैं। प्रधानमंत्री के डिजिटल अभियान से प्रेरित होकर इंटरनेट बैंकिंग, विभिन्न बैंकों के मोबाईल एप्प, यूपीआई आदि की मदद से लगभग 70प्रतिशत जनसामान्य 24 घँटे सातों दिन अनवरत बैंकिंग सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। इससे स्पष्ट हो रहा हैं कि प्रधानमंत्री 2024 के आम चुनाव के पहले नए वेतनमान लागू करने के साथ पांच दिवसीय बैंकिंग कार्यावधि सप्ताह शुरू कर दस लाख संतुष्ट बैंकर्स व उनके मार्फत लगभग 10 करोड़ जनसामान्य को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ के योगाचार्यों ने एम्स ऋषिकेश इंटरनेशनल में प्रस्तुत किया रिसर्च पेपर

**बिलासपुर**,10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के सदस्यों ने दो दिवसीय ऋषिकेश एम्स इंटरनेशनल कांफ्रेंस में भाग लिए और 70 सदस्यों ने योग प्रोटोकॉल की संरचना भी बनाई। इस कॉन्फ्रेंस में संघ के अधिकांश सदस्यों ने रिसर्च पेपर प्रस्तुतीकरण के साथ-साथ उसका वाचन भी किया। यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस विशेष रूप से योग, यज्ञ और आयुर्वेद के थीम पर आधारित था।इसके बाद सभी सदस्यों ने योग प्रोटोकॉल बनाकर योग अभ्यास कार्यक्रम किया जिसे ड्रोन कैमरे में कैद भी कर लिया गया। संध्याकालीन समय में सभी सदस्यों ने त्रिवेणी घाट, ऋषिकेश पहुंचकर माँ गंगा आरती मे सम्मिलित हुए। हरे कृष्णा हरे कृष्णा के गीत पर नृत्य किये। प्रदेश महासचिव खोमेश साहू ने इस शुभ अवसर पर सभी सदस्यों का विशेष धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के योग साथियों के लिए यह बहुत ही सुनहरा अवसर है कि हम सभी ऋषिकेश की पावन धरती पर उपस्थित हैं और अंतर्राष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेस में सम्मिलित होने का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नवीन पांडे जी ने सबका स्वागत अभिनंदन करते हुए कि सभी छत्तीसगढ़ से आए योग विद्यार्थियों का बहुत-बहुत स्वागत अभिनंदन है यह बहुत ही खुशी की बात है। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल चंद्राकर में सबको शुभकामनाएं प्रकट किया।

# साय बने मुख्यमंत्री समर्थकों ने मनाया जश्न

## जिला के भाजपा कार्यक्रताओं ने नाम घोषणा होते ही भाजपा कार्यालय में की आतिशबाजी

**बिलासपुर**,10 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद के नाम घोषणा होने के साथ ही बिलासपुर जिले के भाजपा कार्यक्रताओं ने कार्यालय में आतिशबाजी कर शीर्ष नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया।ज्ञात हो कि आज प्रदेश कार्यालय में दोपहर बाद पार्टी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों ने भाजपा विधायकों से रायशुमारी कर मुख्यमंत्री हेतु सरगुजा संभाग से आनेवाले आदिवासी विधायक विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा की। इसके साथ ही प्रदेश भर के कार्यक्रताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए जश्न मनाये बिलासपुर जिला भाजपा कार्यालय में युवामोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की नारे लगाए। युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने कहा की यह पहला अवसर है जब प्रदेश को एक आदिवासी मुख्यमंत्री मिलेगा जो मोदी जी की सबका साथ सबका विकास मंत्र को चरितार्थ करती है। छत्तीसगढ़ की जनता को कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति मिली है कभी माफिया अपराधी



और भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुके छत्तीसगढ़ को अब एक सरल और सौम्य व्यक्तिव के रूप में जाने जाने वाले आदिवासी नेता विष्णुदेव साय के नेतृत्व में फिर से सजने और सवारने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी सुनीता मानिकपुरी अंकित गुप्ता राकेश चंद्राकर मोनू रजक नितिन छाबड़ा वेदांत शुक्ला मुकेश राव मनीष पाठक आशीष मिश्रा राहुल सिंह अंकित पाठक ओम सूर्य कारण पांडे सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा जिला बिलासपुर की कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों में खरीददार भी शामिल, चोरी की 9 बाइक बरामद, सीपत पुलिस की कार्रवाई

बिलासपुर,10 दिसंबर (देशबन्धु)। अलग अलग स्थानो से मोटर सायकल चोरी करने वाले शातिर चोर एवं चोरी के मोटर सायकल खरीददारो को थाना सीपत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपीगणों के कब्जे से कुल 09 नग मोटर सायकल जुमला कीमती 20,0000 रूपये को जब्त किया है।

सीपत पुलिस ने बताया कि मुखबीर सूचना मिला कि सीपत में धीरेन्द्र टंडन नामक आदमी अपने किराये की मकान के पास चोरी की मोटर सायकल छिपाकर रखा हैं जिसकी सूचना पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार मुख्यालय जिला बिलासपुर महोदय को देने पश्चात दिशा निर्देश प्राप्त कर विशेष टीम तैयार कर मुखबीर के बताये स्थान उषा वस्त्रालय सीपत के पास मौके पर जाकर दबिस देने पर एक व्यक्ति मिला जिससे पूछताछ करने पर वह अपना नाग धीरेन्द्र टंडन पिता पुरुशोत्तम टंडन उम्र 21 साल साकिन डंगनिया चौकी मल्हार थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर छ.ग. का होना बताया तथा वर्तमान में ग्राम सीपत में उषा वस्त्रालय के मालिक के मकान में किराये से रहना बताया। तथा वह कई स्थानों में कई मोटर सायकल चोरी करने के बाद चोरी किये गये मोटर सायकल को जितेन्द्र, अब्दुल, प्रदीप, दुगेश को बेचना बताया तथा चोरी का एक मोटर सायकल को अपने पास रखना बताया जिसके द्वारा यह भी बताया गया कि कुछ दिन पूर्व रायपूर राजकुमार कालेज के पास से एक टीवीएस कंपनी का अपाचे मोटर सायकल के पास से चोरी करना बताया। जिसे घर के पास छिपाकर रखना बताया तथा अपने द्वारा चोरी किये गये ग्राम पोड़ी के जितेन्द उर्फ विक्की सूर्यवंशी निवासी पोडी के



पास 1. पल्सर मोटर सायकल काले रंग का, एक एच एफ डिलक्स लाल काले व बाजाज प्लेटिना लाल काले रंग को 25,000 रूपये में बिक्री किया हूं तथा अब्दुल कलाम खैरवारा पारा पोडी के पास एक नग बाजाज प्लेटिना 5000 रूपये में बेचा हैं, तथा प्रदीप सूर्यवंशी निवासी गुडी के पास एक नग सुपर स्पेंलंडर काले नील रंग का तथा एक यामहा मोटर सायकल को 10,000 रूपये में बेचा हैं। तथा दुर्गेश कुमार के पास एक नग स्पेंलंडर काला नीला एवं एक नग स्पलेंडर काले सफेद रंग को 8000 रूपये में बेचा हैं तथा एक नग मो सा अपाचे नीला कलर को चोरी कर स्वयं अपने पास किराये के मकान में रखना, आरोपी धीरेन्द्र टंडन के निशानदेही पर आरोपीगण क्रमांक 02 से 05 को हिरासत में लेकर उनके बताये गये स्थान पर से क्रमशः जितेन्द्र उर्फ विक्की से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 व्ही 9052 चेचिस नंबर47455 इंजन नंबर 00362 कीमती 40,000 रूपय, 2. एक नग एचएफ डिलक्स लाल काले रंग का नंबर प्लेट नही हैं, चेचिस नंबर 23900978 इंजन नंबर 1234 कीमती 25,000 रूपये, 3. एक नग बाजाज प्लेटिना लाल काले रंग का सीजी 10 एटी 6848 चेचिस नंबर इंजन नंबर घिसा हुआ हैं कीमती 23,000 रूपये तथा अब्दुल कलाम खैरवार पारा पोडी से एक नग प्लेटिना मोटर सायकल कमांक सीजी 13 जी 5720 चेचिस नंबर 50163 इंजन नंबर 90481 कीमती 22,000 रूपये तथा प्रदीप सूर्यवांशी निवासी गुडी के पास से एक नग मोटर सायकल 1. सुपर स्पेंलंडर सीलर काले रंग का कमांक सीजी 11 सीके 0375 चेचिस नंबर 12395 इंजन नंबर12438 कीमती 25,000 रूपये, एक नग यामहा काले सिल्वर रंग का मोटर सायकल सीजी 04 केए 1599 चेचिस नंबर ष्ट2069580 इंजन नंबर 5483069361 कीमती 20,000 रूपये, व दुर्गेश कुमार निवासी सीपत के पास एक नग मोटर सायकल स्पेलेंडर काले नीले रंग क्रमांक सीजी 10 ई 4828 चेचिस नंबर 05स्त्र16ष्ट्ठ6773 इंजन नंबर05 स्त्र15ख्02024 कीमती 23,000 रूपये, दुसरा एक नमः मोटर सायकल स्पेलेंडर काला सफेद रंग का नंबर प्लेट नहीं हैं, चेचिस नंबर 70563 इंजन नंबर05486 कीमती 22,000 रूपये को बरामद कर उक्त 09 नग मोटर सायकल कुल जुमला कीमती 2,00000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर चुराई हुई संपत्ति का होना पाये जाने पर उक्त आरोपीगण को अपराध धारा 41 (1-4) जा.फौ., 379,411,34 भादवि के अंतर्गत अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण धीरेन्द्र टण्डन, अब्दुल कलाम, जितेन्द्र उर्फ विक्की सूर्यवंशी, प्रदीप सूर्यवंशी एवं दुर्गेश सूर्यवंशी को हिरासत में लिया जाकर विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, प्रधान आरक्षक कौशल वस्त्रकार आरक्षक प्रदीप सोनी धीरज कश्यप चंद्र प्रकाश भारद्वाज साइबर सेल प्रभारी कृष्णा साहू देवमून पुहुप बलवीर सिंह आरक्षक सरफराज निखिल जाधव प्रशांत राठौर सुरेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

**NECC**

| 11.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 580 | 75 | 135 |
| चिल्हर | 635 | 90 | 165 |

डिलीवरी 595 सैकड़ा

दर्जन अंडा 80 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188